
■ रिकॉर्ड कमाई के बावजूद सिंगापुर सतर्क, प. एशिया संकट डाल सकता है पर्यटन पर असर - 12


■ कर्नल सोफिया पर टिप्पणी अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण, मंत्री को कोई पछतावा भी नहीं : सुप्रीम कोर्ट - 13


■ अमेरिकी जहाजों पर ईरानी हमले के बाद भी ट्रंप का दावा युद्ध विराम अभी बरकरार -13


■ वाका-वाका के बाद दाई-दाई, शकीरा के फीफा विश्वकप के एंथम की सोशल मीडिया पर धूम - 14


आज का मौसम
36.0⁰ अधिकतम तापमान
24.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.26
सूर्यास्त 06.44


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी 02:03 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 9 मई 2026, वर्ष 4, अंक 262, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# अधिकारी को 'ताज', शपथ आज

## प. बंगाल में विधायक दल के नेता चुने गए शुभेंदु, अमित शाह ने मंच पर माला पहनाकर गले लगाया

- सीएम पद के लिए नामित होने के बाद राज्यपाल के समक्ष दावा किया पेश
- शुभेंदु बोले- घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को करेंगे पूरा

कोलकाता, एजेंसी

भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए। वह शनिवार सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे।

शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नव निर्वाचित भाजपा विधायकों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक के दौरान अधिकारी के सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने की घोषणा की। बैठक के बाद शाह ने कहा, आठ प्रस्ताव प्राप्त हुए, और उन सभी में केवल एक ही नाम था। दूसरे नाम के लिए पर्याप्त समय दिया गया, लेकिन कोई दूसरा नाम प्रस्तावित नहीं किया गया। इसलिए, मैं शुभेंदु को बंगाल का मुख्यमंत्री घोषित करता हूं।


कोलकाता में विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद शुभेंदु अधिकारी को बधाई देते अमित शाह।

अधिकारी की पदोन्नति से पश्चिम बंगाल में भाजपा की विधानसभा चुनावों में शानदार जीत के बाद पहली भाजपा सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। विधानसभा चुनाव में भाजपा की जबर्दस्त जीत से राज्य में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत हुआ है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी के पूर्व करीबी सहयोगी अधिकारी दिसंबर 2020 में भाजपा में शामिल हो गए थे। अधिकारी बंगाल में भाजपा के अभियान के केंद्रीय चेहरे के रूप में उभरे और राज्य भर में इसके संगठनात्मक आधार का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री पद के लिए नामित शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार शाम राज्यपाल आरएन रवि से मुलाकात की और राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली पहली सरकार बनाने का दावा पेश किया।

वहीं, बंगाल में 'डर के युग' के समाप्त होने की घोषणा करते हुए राज्य के नामित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में नई और पहली भाजपा सरकार सामूहिक नेतृत्व के सिद्धांत पर काम करेगी, पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करेगी और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए केंद्र के साथ मिलकर काम करेगी।

## तमिलनाडु : विजय ने सरकार बनाने के न्योते के लिए राज्यपाल से की मुलाकात

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी टीवीके के अध्यक्ष चंद्रशेखर जोसफ विजय ने वामपंथी दलों से समर्थन मिलने के बाद शुक्रवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से लोक भवन में मुलाकात की ताकि उनसे सरकार बनाने का निमंत्रण प्राप्त किया जा सके। सूत्रों के अनुसार विजय पहले ही सरकार बनाने का दावा पेश कर चुके हैं लेकिन संख्याबल को लेकर राज्यपाल संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने बताया कि विजय की राज्यपाल से मुलाकात संक्षिप्त रही। वामपंथी दलों द्वारा बिना शर्त समर्थन देने का वादा करने के कुछ घंटों बाद, विजय गुइंडी में राज्यपाल के कार्यालय पहुंचे। टीवीके समर्थकों को उम्मीद है कि अर्लेकर उन्हें सरकार बनाने का निमंत्रण देंगे। विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीट मिली है जो बहुमत के लिए जरूरी 118 सदस्यों की संख्या से कम है। नतीजे आने के कुछ घंटों के बाद ही द्रमुक के साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने विजय को समर्थन देने की घोषणा कर दी थी। पार्टी के सदन में पांच सदस्य निर्वाचित हुए हैं। विजय ने सरकार बनाने की कोशिशों के तहत द्रमुक की सहयोगी भाकपा, माकपा और वीसीके से संपर्क किया था।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंची टीवीके

**नई दिल्ली।** टीवीके ने शुक्रवार को शीर्ष कोर्ट का रुख कर तमिलनाडु में सबसे बड़ी पार्टी को सरकार गठन के लिए न्योता देने का राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को निर्देश जारी करने का अनुरोध किया। राज्य में टीवीके 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। टीवीके के संस्थापक विजय ने राज्यपाल से अब तक दो बार मुलाकात कर सरकार बनाने के लिए उन्हें न्योता देने का अनुरोध किया है। हालांकि, अभी तक नवगठित पार्टी को ऐसा कोई न्योता नहीं भेजा गया है।

# गवाहों को पेश नहीं किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**लखीमपुर खीरी हिंसा मामला**



- पीठ ने यूपी सरकार से कहा- सरकारी गवाह अनुपस्थित कैसे रह सकते हैं
- गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कानूनसम्मत कदम उठाने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा और अन्य के खिलाफ 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सुनवाई के दौरान गवाहों को पेश न किए जाने पर शुक्रवार को अप्रसन्नता व्यक्त की। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जो स्थिति रिपोर्ट सौंपी है उसमें गवाहों को पेश न करने का कोई कारण नहीं बताया गया है।

पीठ ने यह भी कहा कि लगभग दो महीने से इस मामले में किसी भी गवाह से पूछताछ नहीं की गई है। कहा, हम पीठासीन न्यायाधीश को गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कानूनसम्मत कदम उठाने का निर्देश देते हैं। पीठ ने अधीनस्थ अदालत के न्यायाधीश से मुकदमे की सुनवाई समयबद्ध तरीके से पूरी करने का प्रयास करने और अदालत के समक्ष स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। घटना से जुड़े दो मामलों की सुनवाई उप्र की एक अदालत में की जा रही है। पीठ ने गौर किया कि पहले मामले में, जिन 131 गवाहों को गवाही देनी थी, उनमें से 44 की गवाही हो चुकी है, 15 को मुक्त कर दिया गया है और 72 गवाह अभी भी पेश किए जाने बाकी हैं। पीठ ने कहा कि दूसरी प्राथमिकी में 35 गवाहों में से 26 की गवाही हो चुकी है और नौ गवाह से पूछताछ अभी की जानी है। पीठ ने प्रदेश की ओर से पेश वकील से पूछा, मार्च से आज तक आपने क्या किया? पेश वकील ने कहा कि सुनवाई के दौरान गवाही दर्ज कराने के लिए तीन-चार गवाहों को तलब किया गया था। इस पर पीठ ने कहा कि एक दिन के लिए तीन या चार के बजाय कम से कम सात से आठ गवाहों को तलब किया जाना चाहिए।

### चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा

उच्चतम न्यायालय ने तीसरे मामले के जांच अधिकारी को निर्देश दिया कि वे लंबित जांच पूरी करें और चार सप्ताह के भीतर संबंधित अदालत में उचित रिपोर्ट दाखिल करें। पीठ ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की अगली सुनवाई जुलाई में करना तय किया है। लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया में तीन अक्टूबर, 2021 को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के विरोध में किसानों द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान चार किसानों सहित आठ लोग मारे गए थे।

# देश के दुश्मन का काल बनेगा 'टीएआरए', सफल परीक्षण




- डिफेंस सेक्टर में भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल की

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने ओडिशा तट के पास स्वदेशी रूप से विकसित 'ग्लाइड' हथियार प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, साधारण युद्धक हथियारों को सटीक निर्देशित हथियारों में बदलने के लिए विकसित सामरिक उन्नत रेंज संवर्धन (टीएआरए) प्रणाली का परीक्षण किया गया। मंत्रालय ने कहा, डीआरडीओ और भारतीय वायु सेना ने ओडिशा तट के पास टीएआरए हथियार प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया।

उसने बताया कि टीएआरए भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली है, जो बिना निर्देशित युद्धक हथियारों को सटीक निर्देशित हथियारों में परिवर्तित करती है। इस हथियार प्रणाली को रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई), हैदराबाद ने डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं के साथ मिलकर डिजाइन और विकसित किया है, ताकि कम लागत वाले हथियार की मारक क्षमता और सटीकता बढ़ाकर जमीनी लक्ष्यों को नष्ट किया जा सके। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हथियार प्रणाली के पहले उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना और परियोजना से जुड़े उद्योग साझेदारों को बधाई दी।

### सिस्टम की क्या हैं खूबियां

- ये बिना निर्देशित वॉरहेड्स को सटीक निर्देशित हथियारों में परिवर्तित करती है।
- आरसीआई हैदराबाद ने डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं के साथ मिलकर विकसित किया है।
- भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड वेपन सिस्टम है।
- बेहद कम लागत वाले हथियार की मारक क्षमता और सटीकता बढ़ा सकते हैं

# लापरवाह डॉक्टर समेत कई स्वास्थ्य कर्मियों पर गाज

- पांच डॉक्टर बर्खास्त, सीएमओ से स्पष्टीकरण और 16 डॉक्टरों पर अनुशासनिक कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही और अनियमितता पर सख्त रुख अपनाते हुए दोषी चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने विभिन्न मामलों में डॉक्टरों के खिलाफ बर्खास्तगी, तबादला, विभागीय कार्रवाई और वेतनवृद्धि रोकने जैसे कदम उठाए हैं। अंबेडकरनगर के सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय वर्मा को निजी अस्पतालों के पंजीकरण और नवीनीकरण में अनियमितता का दोषी पाया गया है। एडीएम की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय जांच समिति ने आरोपों की पुष्टि की, जिसके बाद दोनों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। हरदोई के संडीला चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज पर निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई न करने और नियमविरुद्ध कार्य कराने के आरोपों में जवाब-तलब किया गया है। झांसी के आर्थो सर्जन डॉ. पवन पर निजी प्रैक्टिस के आरोप सही पाए जाने पर उनकी दो वेतनवृद्धियां रोक दी गई हैं। हमीरपुर के डॉ. लालमणि पर प्रसूताओं से वसूली और अभद्रता के आरोपों में तीन वेतनवृद्धियां स्थायी रूप से रोकने के आदेश दिए गए हैं।

### इनकी सेवा होगी समाप्त

लंबे समय से बिना सूचना अनुपस्थित चल रहे पांच डॉक्टरों की सेवाएं समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इनमें गोरखपुर की डॉ. अलकनंदा, कुशीनगर के डॉ. रामजी भारद्वाज, बलरामपुर के डॉ. सौरभ सिंह, अमेठी के डॉ. विकलेश कुमार शर्मा और डॉ. मोनिका वर्मा शामिल हैं।

### गलत रिपोर्ट पर कार्रवाई

प्रयागराज के कोरांव सीएचसी में तैनात रहे डॉ. शमीम अख्तर पर प्रशासनिक लापरवाही के आरोप सही पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई और तबादले के निर्देश दिए गए हैं। सुल्तानपुर में इलाज में लापरवाही के मामले में तत्कालीन अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. धर्मराज और फार्मासिस्ट अवध नारायण के खिलाफ भी कार्रवाई की संस्तुति की गई है। मथुरा जिला अस्पताल में गलत मेडिकोलीगल रिपोर्ट तैयार करने के मामले में ईएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार और सर्जन डॉ. विकास मिश्रा पर विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई होगी।


ADMISSIONS OPEN · SESSION 2026-27

India s Most Advanced Photography and Film Making Degrees. Now in Bareilly.

Diploma · BFA · MFA · UGC-Recognised · NEP 2020 Aligned

33000+ STUDENTS TRAINED | 40+ COUNTRIES WORLDWIDE | 16 YEARS OF EXCELLENCE | 100% PLACEMENT RECORD | 60 ACRES MODERN CAMPUS - BIU



All programmes are full-time, credit-based, and NEP 2020 compliant. BFA Honours (4-year) pathway available. MFA entry open to BFA graduates and working professionals.

ABOUT THE FACULTY

The Faculty of Fine Arts (FFA) is the result of a landmark academic collaboration between IIP Academy, India's most respected photography institution, and Bareilly International University, a UGC-recognised university on a 60-acre modern campus in Bareilly, Uttar Pradesh. For the first time in North India, students can pursue structured, industry-facing degree programmes in Photography and Film Making within a full university ecosystem, combining creative practice with academic progression.

Photography & Visual Arts
DIPLOMA · 2 YRS | BFA · 3–4 YRS | MFA · 1–2 YRS
Studio photography, documentary, commercial, fashion, product, photojournalism, and visual research.

Film Making & Moving Image
DIPLOMA · 2 YRS | BFA · 3–4 YRS
Cinematography, direction, screenwriting, editing, sound design, documentary filmmaking, production management.

TEACHING METHODOLOGY
- Studio-First. Industry-Integrated.
- Every semester is structured around real projects, 80% practical. Students work alongside mentors on media & advertising campaigns, cultural documentation, participation in government events
- Guru–Shishya mentor-ship model
- Credit-based project assessments
- Mandatory internship semesters
- Portfolio-led evaluation
- Interdisciplinary learning: art, tech, culture, entrepreneurship

CAMPUS & INFRASTRUCTURE
- A University Built for Creative Practice
- 60-acre modern BIU campus, Bareilly
- Professional photography studios
- Analog darkroom facility, Digital editing & post-production labs, Film set and production spaces, Art studios and critique galleries, Library & visual research center
- On-campus hostels and student facilities,
- Noida campus: Advanced/ industrial training

PLACEMENTS & CAREERS
- 100% Placement. Every Batch
- IIP Academy maintains an unbroken placement record across all graduating batches. The dedicated industry connect cell works with media houses, production studios, advertising agencies, and cultural organisations
- Career counselling from Year 1, Live brief industry assignments
- National & international exhibitions

ADMISSIONS NOW OPEN
Pre-Register Today | Limited Seats per Batch
Entrance test and academic counselling for all programmes.
UGC-recognised degrees · Education loan facility · Hostel available
CAMPUS: PILIBHIT BYPASS ROAD BAREILLY-243006
9015 422 322 ADMISSIONS HELPLINE

www.sepiaadvertising.com/05/26


**सुनवाई** संघीय अदालत नए वैश्विक शुल्क को अवैध और गैरकानूनी करार देते हुए किया खारिज

# ट्रंप को फिर झटका, कोर्ट ने 10% टैरिफ को बताया अवैध

वाशिंगटन, एजेंसी



**अमेरिका** की एक संघीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए नए वैश्विक शुल्कों के खिलाफ फैसला सुनाया है। न्यूयॉर्क स्थित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अदालत के तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ ने छोटे कारोबारियों की याचिका पर सुनवाई के बाद 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क को गुरुवार को अवैध करार दिया।

अदालत ने एक के मुकाबले दो के बहुमत से कहा कि ट्रंप ने उस शुल्क अधिकार का अतिक्रमण किया जो संसद ने राष्ट्रपति को कानून के तहत दिया है। बहुमत ने अपने फैसले में कहा कि ये शुल्क अमान्य और कानून द्वारा अनधिकृत हैं।

पीठ के तीसरे न्यायाधीश ने कहा कि कानून राष्ट्रपति को शुल्कों के मामले में अधिक छूट देता है। यदि प्रशासन गुरुवार के फैसले के खिलाफ अपेक्षा के अनुरूप अपील करता है तो वह पहले वाशिंगटन स्थित संघीय सर्किट के लिए अमेरिकी अपील अदालत का रुख करेगा और उसके बाद संभवतः उच्चतम न्यायालय जाएगा। यह मामला ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए अस्थायी 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्कों से जुड़ा है। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने फरवरी में उन और व्यापक दोहरे अंकों वाले शुल्कों को खारिज कर दिया था जिन्हें राष्ट्रपति ने पिछले साल दुनिया के लगभग हर देश पर लगाया था। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अस्थायी 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क लगाया गया। नए शुल्क 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 के तहत लगाए गए और उनकी अवधि 24 जुलाई को समाप्त होनी थी। यह फैसला ट्रंप प्रशासन के लिए एक और कानूनी झटका है। प्रशासन ने आयात करों की दीवार खड़ी कर अमेरिकी अर्थव्यवस्था को सुरक्षित रखने की कोशिश की है।

### व्यापक वैश्विक शुल्कों को ट्रंप ने ठहराया था उचित

पिछले साल ट्रंप ने 1977 के अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम का इस्तेमाल करते हुए देश के लंबे समय से जारी व्यापार घाटे को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया था और व्यापक वैश्विक शुल्कों को उचित ठहराया था। उच्चतम न्यायालय ने 28 फरवरी के अपने फैसले में कहा था कि आईईईपीए इन शुल्कों की अनुमति नहीं देता। अमेरिकी संविधान संसद को कर लगाने का अधिकार देता है, जिसमें शुल्क भी शामिल हैं, हालांकि सांसद शुल्क लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को सौंप सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टांप एवं पंजीयन विभाग के तीन कर्मचारी निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्टांप एवं पंजीयन विभाग में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोपों में तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबित कर्मचारियों में बरेली सदर प्रथम के उप निबंधक रवि प्रकाश वर्मा, कनिष्ठ सहायक तोषक राजन राजपूत और शिवम मिश्रा शामिल हैं। शिवम मिश्रा वर्तमान में उप निबंधक सदर द्वितीय, बरेली कार्यालय में तैनात हैं। महानिरीक्षक निबंधन नेहा शर्मा ने निलंबन आदेश जारी करते हुए तीनों के खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। जांच में पाया गया कि संबंधित कर्मचारियों ने विलेखों के प्रलेखन, परीक्षण और पंजीयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं बरतीं, जिससे विभागीय छवि प्रभावित हुई। शिकायत मिलने के बाद कराई गई जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। स्टांप एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

### वृंदावन में अक्रूर घाट का होगा भव्य निर्माण 6.35 करोड़ मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मथुरा-वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अब धार्मिक आस्था के साथ आधुनिक सुविधाओं का भी बेहतर अनुभव मिलेगा। प्रदेश सरकार ने वृंदावन में यमुना नदी के दाहिने तट पर स्थित पौराणिक अक्रूर घाट के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 6.35 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके लिए पहली किस्त के रूप में 3.17 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अक्रूर घाट भगवान श्रीकृष्ण और बलराम से जुड़ी आस्था का प्रमुख केंद्र है। परियोजना के तहत घाट पर शीट पाइलिंग, स्नान प्लेटफॉर्म, लाल पत्थर की सीढ़ियां और पटरा निर्माण कराया जाएगा। साथ ही जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 220 मीटर लंबा चैनल खोदा जाएगा और घाट की मजबूती के लिए स्लोप पिचिंग का कार्य भी होगा।

### मोबाइल एप से हाईटेक हुआ दुग्ध कारोबार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में दुग्ध कारोबार अब डिजिटल प्लेटफॉर्म से संचालित हो रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने ग्रामीण महिलाओं को तकनीक से जोड़ते हुए डेयरी क्षेत्र में नया मॉडल लागू किया है। 'सामर्थ्य दुग्ध उत्पादक कंपनी' के माध्यम से 10 जिलों की सवा लाख से अधिक महिलाएं मोबाइल एप के जरिए दूध संग्रह, गुणवत्ता जांच, भुगतान और रिकॉर्ड की निगरानी कर रही हैं। इस पहल के तहत लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, बाराबंकी, उन्नाव, प्रतापगढ़, कानपुर नगर और फतेहपुर की महिलाएं जुड़ी हैं। इन क्षेत्रों में प्रतिदिन चार लाख लीटर से अधिक दूध का कारोबार डिजिटल माध्यम से हो रहा है। 'सामर्थ्य साथी' एप के जरिए दुग्ध उत्पादकों को रियल टाइम में बिक्री, गुणवत्ता जांच और भुगतान की जानकारी मिलती है। भुगतान सीधे बैंक खातों में होने से पारदर्शिता बढ़ी है और बिचौलियों की भूमिका कम हुई है। सरकार का मानना है कि यह पहल महिला सशक्तीकरण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे रही है।

### स्किल यूपी से बदली तस्वीर, 14 लाख युवाओं को प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में कौशल विकास अब रोजगार और आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बन रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले नौ वर्षों में करीब 14 लाख युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया है, जिनमें से 7.50 लाख से अधिक को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा गया है। आईटी, स्वास्थ्य, ऑटोमोबाइल, निर्माण, हॉस्पिटैलिटी और कृषि आधारित क्षेत्रों में युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत अब तक 1.35 लाख विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी और व्यावहारिक कौशल सिखाए गए हैं। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रदेशभर में 188 वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिनके जरिए करीब 4.40 लाख युवाओं को नौकरी मिली। सरकार का फोकस स्वरोजगार और उद्यमिता पर भी है, जिसके तहत युवाओं को प्रशिक्षण के साथ वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ने की सुविधा दी जा रही है। सरकार का मानना है कि कौशल विकास, उद्योग और रोजगार के समन्वय से उत्तर प्रदेश देश में "स्किल कैपिटल" के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।

# नदियों को गहरा कर बाढ़ रोकेगी सरकार

## बाढ़ नियंत्रण की नई रणनीति से होगी करोड़ों की बचत, किसानों की जमीन का अधिग्रहण भी घटेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में बाढ़ नियंत्रण की रणनीति अब बदल रही है। योगी सरकार पारंपरिक तटबंध और पत्थर आधारित सुरक्षा मॉडल से आगे बढ़ते हुए नदियों और बड़े नालों की जलधारण क्षमता बढ़ाने पर जोर दे रही है। सरकार का दावा है कि इस नई व्यवस्था से करोड़ों रुपये की बचत होगी और किसानों की कृषि भूमि के अधिग्रहण की जरूरत भी कम पड़ेगी।

अब तक बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़े तटबंध, गैबियन दीवारें, पत्थर के स्पर और मिट्टी के बांध बनाए जाते थे। इन परियोजनाओं में भारी लागत आती थी और कई बार हर वर्ष मरम्मत पर भी करोड़ों रुपये खर्च होते थे। नई रणनीति के तहत सरकार संवेदनशील क्षेत्रों में नदियों से गाद निकालने, नदी मार्ग को चौड़ा और गहरा करने तथा पानी के बहाव को सुचारु बनाने पर काम कर रही है।

### ऐसे बदला बाढ़ नियंत्रण का मॉडल

- *तटबंधों के बजाय नदियों की क्षमता बढ़ाने पर जोर
- *घाघरा, शारदा और सुहेली में 9-16 किमी तक गाद निकासी
- *लखीमपुर में 180 करोड़ की जगह 22 करोड़ में समाधान
- *बाराबंकी में 115 करोड़ की जगह 5 करोड़ खर्च
- *40.72 लाख हेक्टेयर भूमि को सुरक्षा
- *3 करोड़ से अधिक लोगों को फायदा
- *2026 से ड्रोन और सेंसर आधारित निगरानी शुरू होगी

सरकार के अनुसार इस मॉडल से अब तक लगभग 40.72 लाख हेक्टेयर भूमि को सुरक्षित किया गया है, जिससे तीन करोड़ से अधिक आबादी को लाभ मिला। लखीमपुर खीरी की बाढ़ सुरक्षा परियोजना इसका बड़ा उदाहरण मानी जा रही है। यहां नदी की क्षमता बढ़ाने के लिए गाद निकासी पर करीब 22 करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि पहले पारंपरिक मॉडल के तहत 180 करोड़ रुपये की परियोजना प्रस्तावित थी। इसी तरह बाराबंकी के एल्गिन ब्रिज और सरयू क्षेत्र में नए मॉडल पर सिर्फ पांच करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि पहले 115 करोड़ रुपये का अनुमान था।

बाढ़ नियंत्रण विभाग ने घाघरा, शारदा और सुहेली जैसी नदियों के कई हिस्सों में 9 से 16 किलोमीटर तक गाद निकासी का कार्य कराया है। इससे मानसून के दौरान नदियों की जल वहन क्षमता बढ़ी है और बाढ़ के खतरे को कम करने में मदद मिली है। सरकार का कहना है कि इस मॉडल से हर वर्ष तटबंध निर्माण और मरम्मत के लिए कृषि भूमि के अधिग्रहण की आवश्यकता भी घटेगी। इससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में 1,665 से अधिक बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएं पूरी की गई हैं और 60 नदियों से गाद निकासी कराई गई है। अब वर्ष 2026 से सरकार बाढ़ नियंत्रण के लिए ड्रोन और सेंसर आधारित निगरानी प्रणाली भी लागू करने जा रही है।

### मानसून से पहले पूरे करें बाढ़ बचाव कार्य



जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मानसून से पहले बाढ़ बचाव से जुड़े सभी कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ड्रेन सफाई समेत जरूरी कार्य 15 जून तक हर हाल में पूरे कराए जाएं और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। मानक के विपरीत कार्य मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक में मंत्री ने कहा कि जनहित की परियोजनाओं में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने "वन ड्रॉप मोर क्रॉप" सिद्धांत पर आधारित नई सिंचाई योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने को कहा, ताकि कम पानी में अधिक सिंचाई संभव हो सके। बैठक में नहरों, रजबाहों, अल्पिकाओं और बैराज संचालन की समीक्षा की गई। फील्ड अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण और लंबित परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एके शर्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अफसरों को सख्त निर्देश स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने पर जोर



**अमृत विचार :** नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पूरी प्रतिबद्धता और जवाबदेही के साथ कार्य करें, ताकि प्रदेश के शहर स्वच्छ और व्यवस्थित बन सकें। किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिकायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का रूप देने और अधिक से अधिक नागरिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने सिटीजन फीडबैक बढ़ाने, कूड़ा पृथक्करण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) मॉडल को अपनाने पर भी बल दिया गया। आगामी मानसून को देखते हुए मंत्री ने नाला-नालियों की नियमित सफाई, सिल्ट निकासी और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन और वैज्ञानिक वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने प्रत्येक नगरीय निकाय में त्वरित कार्रवाई के लिए क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) गठित करने को भी कहा। मंत्री ने कहा कि सभी नगर निकाय नियमित समीक्षा कर स्वच्छता, जल निकासी और कूड़ा प्रबंधन के मानकों पर बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करें।

# प्रवक्ता भर्ती परीक्षा : पहली बार कक्ष में होगी ओएमआर स्कैनिंग



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 17 जिलों के 319 केंद्रों पर 4.64 लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा
- लखनऊ मंडल में पायलट प्रोजेक्ट शुरू, नकल पर सख्त कार्रवाई

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की प्रवक्ता संवर्ग भर्ती परीक्षा शुक्रवार और शनिवार को प्रदेश के 17 जिले में 319 केंद्रों पर आयोजित होगी। 624 पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा में 4.64 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए आयोग ने एआई आधारित सीसीटीवी निगरानी, इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम और विशेष प्रेक्षक तैनाती सहित व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 9 और 10 मई को दो पालियों में आयोजित परीक्षा के लिए 319 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों को एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है, जिन्हें जिला कंट्रोल रूम और आयोग के इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से जोड़ा गया है। आयोग ने सभी केंद्रों की तकनीकी कनेक्टिविटी का परीक्षण भी पूरा कर लिया है। परीक्षा के दौरान प्रत्येक जिले में विशेष प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

आयोग के अनुसार 9 मई को प्रथम पाली में भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास और शिक्षाशास्त्र सहित छह विषयों तथा दूसरी पाली में अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य और समाजशास्त्र सहित चार विषयों की परीक्षा होगी। 10 मई को प्रथम पाली में नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत और मनोविज्ञान सहित पांच विषयों तथा दूसरी पाली में रसायन विज्ञान, भूगोल, हिन्दी और कला सहित चार विषयों की परीक्षा कराई जाएगी।

### डीएम-एसपी को सौंपी गई कमान

जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और निगरानी टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगी। केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी और पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि नकल माफिया या परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने वालों के खिलाफ सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 के तहत सख्त कार्रवाई होगी।

### पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नया प्रयोग

आयोग ने इस बार पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नया प्रयोग शुरू किया है। लखनऊ मंडल के 10 परीक्षा केंद्रों पर पायलट प्रोजेक्ट के तहत परीक्षा समाप्त होते ही अभ्यर्थियों की उपस्थिति में परीक्षा कक्ष में ही ओएमआर उत्तर पत्रकों की स्कैनिंग की जाएगी। स्कैन डाटा तुरंत सुरक्षित किया जाएगा, ताकि भविष्य में मूल ओएमआर से मिलान संभव हो सके।

### मोबाइल समेत इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस प्रतिबंधित

आयोग ने मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूरी तरह प्रतिबंधित किए हैं। एआई तकनीक से ऐसे संदिग्ध अभ्यर्थियों की भी पहचान की गई है, जिन्होंने अलग-अलग फोटो या नाम से आवेदन किए हैं। इन परीक्षार्थियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। आयोग ने अभ्यर्थियों से केवल आधिकारिक वेबसाइट और एक्स हैंडल पर जारी सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की है।



पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड) में श्री हरि विष्णु पंचदेव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दौरान हवन करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में स्वामी चिदानंद सरस्वती, बाबा रामदेव व अन्य।

# सौर और स्वच्छ ऊर्जा में तेजी से उभर रहा यूपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी एनर्जी एक्सपो-2026 में विशेषज्ञों ने रखे विचार
- बैटरी स्टोरेज और रूफटॉप सोलर के भविष्य पर मंथन

**अमृत विचार :** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी एनर्जी एक्सपो-2026 के दूसरे दिन स्वच्छ ऊर्जा, सौर परियोजनाओं, बैटरी स्टोरेज और रूफटॉप सोलर के भविष्य पर मंथन हुआ। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, यूपीनेडा और अन्य संस्थाओं के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने उत्तर प्रदेश को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से उभरता राज्य बताया।

पैनल चर्चा में बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड के सीईओ ओंकार यादव ने पीएम सूर्य घर योजना समेत विभिन्न सौर योजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एनएचपीसी और अन्य ऊर्जा निकायों के साथ मिलकर बड़े स्तर पर सोलर पार्क विकसित किए जा रहे हैं। यूपीपीसीएल के निदेशक (कॉर्पोरेट प्लानिंग) दीपक रायजादा ने बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए अतिरिक्त सौर ऊर्जा के भंडारण के लिए बैटरी और बड़े स्टोरेज सिस्टम विकसित करने पर जोर दिया। सिगएनर्जी इंडिया के सीईओ अभिलाष बोराना ने एआई आधारित ऊर्जा प्रबंधन, बैटरी स्टोरेज और ईवी चार्जिंग के एकीकृत मॉडल पर जानकारी दी। वहीं यूपीईआरसी के संयुक्त निदेशक अभिषेक मोजा ने ऊर्जा क्षेत्र में समन्वय की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

तकनीकी सत्रों के बाद फर्स्टव्यू ग्रुप के सीईओ वरुण गुलाटी और पीएचडीसीसीआई के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक अतुल श्रीवास्तव की उपस्थिति में "उत्तर प्रदेश ऊर्जा पुरस्कार" और "पीएम सूर्यघर वेंडर उत्कृष्टता पुरस्कार" वितरित किए गए। विशेषज्ञों ने किसानों को सौर परियोजनाओं में भागीदार बनाने पर भी जोर दिया। यूपीनेडा के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में प्रतिदिन करीब 2300 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन हो रहे हैं। वेंडरों की संख्या 6 हजार से अधिक हो चुकी है और इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

# वृद्धा पेंशन देने में जौनपुर आजमगढ़ व बलिया आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 29.23 लाख से अधिक महिलाओं को पेंशन का लाभ दे रही प्रदेश सरकार

**अमृत विचार :** प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन योजना बुजुर्ग महिलाओं के लिए बड़ा सहारा बन रही है। योगी आदित्यनाथ सरकार वर्तमान में 29.23 लाख से अधिक महिलाओं को पेंशन का लाभ दे रही है। इसमें जौनपुर, आजमगढ़ और बलिया जिले अग्रणी हैं।

आर्थिक रूप से कमजोर और निराश्रित महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये की सहायता सीधे बैंक खातों में भेजी जा रही है। डीबीटी व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ी है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। हर तिमाही 3,000 रुपये सीधे खातों में पहुंच रहे हैं, जिससे बुजुर्ग महिलाओं को दवा, राशन और अन्य जरूरतों में राहत मिल रही है।

जिलावार आंकड़ों में जौनपुर पहले स्थान पर है, जहां 1,00,820 महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। आजमगढ़ में 86,166 और बलिया में 79,160 महिलाएं योजना से जुड़ी हैं। सरकार का कहना है कि योजना से बुजुर्ग महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आया है और उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने में मदद मिल रही है।

# महिला सुरक्षा में यूपी अग्रणी: केशव



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार में सुरक्षा और सुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही दावा किया कि एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों के अनुसार महिला सुरक्षा के मामले में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग पहले कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते थे, उन्हें अब वास्तविक आंकड़े देखने चाहिए।

पश्चिम बंगाल की राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लोकतंत्र और संविधान का सम्मान करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि जनता के फैसले को शालीनता से स्वीकार करना चाहिए और बंगाल में हिंसा व दंगों की राजनीति बंद होनी चाहिए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी हार से वह बौखला गए हैं और अब बंगाल जाकर माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास और सुरक्षा का जो मॉडल स्थापित हुआ है, वह पूरे देश के लिए उदाहरण बन रहा है।

### उप मुख्यमंत्री ने भरा स्वगणना फार्म

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण में डिजिटल माध्यम से स्वगणना फार्म भरकर प्रदेशवासियों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। कालिदास मार्ग स्थित अपने कैंप कार्यालय में स्वगणना अपलोड करते हुए उन्होंने कहा कि 21 मई तक आमजन के लिए डिजिटल स्वगणना का विकल्प उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि सही और सटीक जनगणना से जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समग्र विकास को मजबूती मिलेगी।

# पांच संग्रहालय जनता को समर्पित : जयवीर सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुरातात्विक महत्व की दुर्लभ वस्तुएं होंगी संरक्षित

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने राजधानी लखनऊ में संरक्षित किए जा रहे पांच संग्रहालयों का कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इन संग्रहालयों में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहर और पुरातात्विक महत्व की दुर्लभ वस्तुओं को संरक्षित किया गया है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य संग्रहालय लखनऊ में विदेशी मूर्तिकला गैलरी की मूर्तियों के स्थानांतरण का कार्य अप्रैल 2026 में पूरा हो चुका है। वहीं संग्रहालय सभागार के सौंदर्यीकरण का कार्य भी पूर्ण कर उसका उद्घाटन 27 अगस्त 2025 को किया जा चुका है। बताया कि राज्य संग्रहालय परिसर में प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय का निर्माण 2483.05 लाख रुपये की लागत से कराया गया, जिसे 4 मार्च 2024 को आम जनता को समर्पित किया गया। वहीं अवधी गैलरी (नवाबी कला) के नवीनीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य भी पूरा हो चुका है। ओल्ड कोठी में कार्य अंतिम चरण में है।

उपलब्धि | एनसीआरबी रिपोर्ट में प्रदेश सरकार का कानून-व्यवस्था पर दावा मजबूत

# योगी राज में दंगों पर 'ब्रेक', अपहरण 'शून्य'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा शासन में रोज होते थे 19 दंगे और 33 अपहरण
- अब यूपी में अपराध दर राष्ट्रीय औसत से नीचे

**अमृत विचार:** कभी दंगों, अपहरण और फिरौती की घटनाओं के लिए बदनाम रहे उत्तर प्रदेश की तस्वीर अब बदलती दिख रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 और 2024 में प्रदेश में फिरौती के लिए अपहरण की अपराध दर शून्य दर्ज की गई है। वहीं दंगा के मामलों में भी यूपी की अपराध दर राष्ट्रीय औसत से काफी कम रही है। सरकार इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'जीरो टॉलरेंस' नीति और अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई का परिणाम बता रही है।

प्रदेश सरकार के मुताबिक, वर्ष 2012 से 2017 के बीच तत्कालीन सपा सरकार के दौरान प्रदेश में 25 हजार से अधिक दंगे हुए थे। उस समय औसतन हर दिन 19 दंगे और 33 अपहरण की घटनाएं दर्ज होती थीं। वहीं योगी सरकार का दावा है कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में कोई बड़ा दंगा नहीं हुआ। हालांकि छिटपुट तनाव और हिंसा की कोशिशें हुईं, लेकिन पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर हालात बिगड़ने नहीं दिए। एनसीआरबी 2024 रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में बलवा की अपराध दर 1.1 रही, जबकि राष्ट्रीय औसत 2.2 दर्ज किया गया। तुलना करें तो मणिपुर में यह दर 8.4, महाराष्ट्र में 6.4, कर्नाटक में 5.4 और हरियाणा में 5.3 रही। सरकार का कहना है कि यूपी में जिन मामलों में दंगा भड़काने की कोशिश हुई, उनमें तत्काल एफआईआर दर्ज कर दंगा विरोधी धाराओं में कार्रवाई की गई।

फिरौती के लिए अपहरण के मामलों में भी यूपी ने उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की है। एनसीआरबी रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में प्रदेश की अपराध दर शून्य रही, जबकि नगालैंड में 0.7, मणिपुर में 0.6, अरुणाचल प्रदेश में 0.3 और मेघालय में 0.2 दर्ज की गई। वर्ष 2023 में भी यूपी में यह अपराध दर शून्य थी।

सरकार का दावा है कि माफिया और संगठित अपराध के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट, संपत्ति जब्ती और आर्थिक कार्रवाई जैसे कदमों का सीधा असर अपराध नियंत्रण पर पड़ा है।

# जनगणना से तय होंगी नीतियां : राजभर

## पंचायती राज मंत्री ने ऑनलाइन भरा जनगणना फॉर्म, लोगों से की अपील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




जनगणना-2027 प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन फार्म भरते मंत्री ओमप्रकाश राजभर।

**अमृत विचार :** प्रदेश में शुरू हुई जनगणना-2027 प्रक्रिया के तहत पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने शुक्रवार को ऑनलाइन माध्यम से जनगणना के प्रथम चरण का फार्म भरा। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों से जनगणना अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और सही व प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की।

सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्य सरकार में पंचायती राज मंत्री ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या और मकानों की गणना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कई जातियों और समुदायों की सही जानकारी सामने नहीं आ पाती, जिससे वे सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं।

उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं की बेहतर रूपरेखा तैयार करने में मदद करते हैं। सही जानकारी मिलने से समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता मिलेगी।

# पांच मंजिला बनेगा जिला अस्पताल का भवन, शासन को भेजा प्रस्ताव

**पुराने सीएमओ ऑफिस और पीछे स्थित जर्जर भवनों को तोड़कर बनाई जाएगी नई इमारत | डीएम ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण, दी जानकारी | मरीजो से मिल कर ली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल (पुरुष) की नई इमारत पांच मंजिला बनाई जाएगी। यह जानकारी शुक्रवार को निरीक्षण पर पहुंचे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने दिया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था का निरीक्षण किया। मरीजों से मिलकर हालचाल जाना।

डीएम ने बताया कि पुराने सीएमओ ऑफिस और पीछे स्थित जर्जर भवनों को तोड़कर नई पांच मंजिला बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया है। उसकी पैरवी की जाएगी। प्रस्तावित जमीन का जल्द निरीक्षण कर अस्पताल निर्माण की दिशा में आगे की कार्रवाई की जाएगी। कहा कि मौजूदा जिला अस्पताल की बिल्डिंग काफी पुरानी हो चुकी है, इसलिए नई आधुनिक सुविधा वाली इमारत की जरूरत है। आरडीसी के पास बनी पुरानी पानी की टंकी को लेकर डीएम ने जल निगम अधिकारियों को सर्वे कराने का निर्देश दिया। कहा कि यदि टंकी मरम्मत से ठीक हो सकती है तो उसे दुरुस्त कराया जाएगा अन्यथा नया प्रोजेक्ट प्रस्तावित किया जाएगा। डीएम ने जिला अस्पताल परिसर का व्यापक भ्रमण कर साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही। मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को देखा। कहा कि जहां कहीं भी मरम्मत कार्य की आवश्यकता है, वहां शीघ्र आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि मरीजों एवं तीमारदारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उनके साथ सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अनिरुद्ध प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अस्पताल अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### ओपीडी काउंटर पर कूलर लगाने का दिया गया निर्देश


जिला अस्पताल का निरीक्षण के दौरान चिकित्सक से बात करते जिलाधिकारी।


जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल लेते जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी।

### मरीजों से बातचीत कर ली जानकारी

डीएम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से संवाद कर उनका हाल-चाल जाना। इमरजेंसी ओपीडी में भर्ती डॉग बाइट की मरीज 10 साल की अन्यया निवासी सुलेमानपुर, पटरंगा, आयुष्मान वार्ड में भर्ती 40 वर्षीय फ्रैक्चर पीड़ित महेश, कैंट अयोध्या के 70 वर्षीय सीओपीडी मरीज रामअवध, पायरेक्सिया फीवर से पीड़ित अबूसराय के असलम खान और दस्त से पीड़ित डेढ़ वर्षीय वामिका के परिजनों से मिलकर उपचार एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। अफसरों को निर्देश दिया कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा अस्पताल की व्यवस्थाएं बेहतर, सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित की जाएं।

### आर्थो वार्ड में गंदी मिली चादर, जुर्माना

डीएम त्रिपाठी अपने सवा घंटे के दौरे के दौरान इमरजेंसी, आयुष्मान, आर्थो, बच्चा वार्ड में जाकर मरीजों से बात की। बताया जाता है कि निरीक्षण के दौरान उन्हें आर्थो वार्ड में बेड पर चादर गंदी मिली। तत्काल सीएमएस डॉ. राजेश सिंह को संस्था पर जुर्माने के निर्देश दिए। कुछ ओपीडी का भी निरीक्षण किया। परिसर की साफ सफाई को लेकर अस्पताल प्रशासन की तारीफ की। चिकित्सालय में मैन पॉवर के मुद्दे को लेकर भी सीएमएस से बात की। प्रस्ताव शासन को भेजने का आश्वासन दिया है।

### श्रीराम अस्पताल में आधुनिक रोटी मशीन व पुस्तकालय का उद्घाटन

**अयोध्या, अमृत विचार।** अयोध्या धाम के श्रीराम अस्पताल में शुक्रवार को एक आधुनिक रोटी मशीन का उद्घाटन किया गया है। इसी के साथ डीएनबी चिकित्सकों के लिए एक पुस्तकालय का भी शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि रोटी मशीन से भोजन निर्माण प्रक्रिया सुगम होगी। इससे कम समय में स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन मिलेगा। पुस्तकालय में चिकित्सा शिक्षा और शोध से संबंधित पुस्तकें हैं। यह चिकित्सकों को अध्ययन में काफी सुविधा प्रदान करेगा। प्रशासनिक अधिकारी वाईपी सिंह ने नगर निगम से एक एंबुलेंस और दो आरओ प्लांट की मांग की। कार्यक्रम में एडी डॉ. बीके सिंह चौहान, सीएमएस डॉ. बीके वर्मा, डॉ. राम किशोर, डॉ. आरपी सागर सहित कई चिकित्सक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी
के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर
विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज
कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

### अवैध कटों को तत्काल बंद किया जाए: डीएम

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिला सड़क सुरक्षा समिति की कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था, दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात प्रबंधन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। डीएम पिछले वर्ष हुई सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की। सभी ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ कराई जाए। जहां कहीं भी निर्माण कार्य संचालित हो रहा हो वहां सुरक्षित मार्ग डाइवर्जन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। बैठक में एसपी यातायात अयोध्या प्रताप सिंह, एनएच, पीडब्ल्यूडी, बीएसए सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### चकबंदी से संबंधित प्रकरण शीघ्र निस्तारित करें

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी कार्यों की समीक्षा कर जनपद में संचालित चकबंदी कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में उन्होंने चकबंदी वाले गांवों की संख्या, प्रकरणों की स्थिति तथा लंबित मामलों की जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कहा कि जिन गांवों में चकबंदी कार्य लंबित हैं, वहां तेजी से कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरणों की प्रतिदिन सुनवाई कर उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। अपर जिलाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) इंद्रकांत द्विवेदी को निर्देशित किया कि सभी चकबंदी एवं राजस्व न्यायालयों को स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं कि चकबंदी संबंधी कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।


## जनगणना जागरुकता अभियान को लेकर बैठकें

इनायतनगर/बीकापुर, अयोध्या।

**अमृत विचार:** जनगणना-2027 के तहत शुरू की गई स्वगणना को लेकर शुक्रवार को जागरुकता बैठकें आयोजित की गई। लोगों को स्वगणना के लिए प्रेरित किया गया।

नगर पंचायत कुमारगंज कार्यालय में आयोजित बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह, सभी सभासदों और जनगणना के लिए नामित अधिकारी अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने भाग लिया। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों को स्व-जनगणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम सात से 21मई तक चलेगा, जिसमें लोग डिजिटल तरीके से अपनी जानकारी अपलोड कर सकते हैं

● अध्यक्ष व सभासदों ने किया स्व-जनगणना डेटा अपलोड



नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी सभासदों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में लोगों को जागरूक करें ताकि अधिक से अधिक नागरिक स्व-जनगणना प्रक्रिया में भाग ले सकें। कार्यक्रम में सभासद संतोष कुमार, राम अचल शुक्ला, अनीत सिंह सहित अन्य सभासद एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

बीकापुर के मलेथू कनक ग्राम पंचायत में एडीओ पंचायत अवधेश प्रताप सिंह ने ग्राम प्रधान राकेश यादव के मोबाइल फोन से स्वगणना करके गांव में शुरुआत कराई। जनगणना प्रक्रिया डेटा संग्रह की विधि तथा तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि जनगणना कार्य को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। स्वगणना करके एसई आईडी को सुरक्षित रखना है। जिसे प्रगणक के आने पर उसे दिखाना है। इस मौके पर ग्राम प्रधान राकेश यादव, पंचायत कर्मी और ग्रामीण शामिल रहे।

### बॉक्सिंग संघ की हुई मंडलीय बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार :** बॉक्सिंग संघ की मंडलीय बैठक नगर में शुक्रवार को हुई। जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव संजय हेला ने बताया कि बैठक में मंडल के सभी जिलों में बॉक्सिंग खेल के विकास, बॉक्सिंग खेल को बढ़ावा देने व खिलाड़ियों को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित करने आदि पर चर्चा हुई। बैठक में बॉक्सिंग संघ के बाराबंकी के श्याम अवस्थी, आंबेडकरनगर के विनोद कुमार, सुल्तानपुर के विजय शामिल रहे।

**कवायद** | संग्रहालय में मिलेगा श्रीराम व मंदिर निर्माण से जुड़े विभिन्न में शोध करने का अवसर

## युवाओं का केंद्र बिंदु बनेगा अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय

सत्यप्रकाश, अयोध्या।

**अमृत विचार :** सरयू तट स्थित अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय अब युवाओं के शैक्षिक ज्ञान का केंद्र बिंदु होगा। यहां वह श्रीराम, रामायण और रामचरित मानस पर शोध के सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा श्रीराम व श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण पर आधारित गैलरियों को तैयार किया जा रहा है।

संग्रहालय के निदेशक संजीव सिंह ने बताया कि युवाओं का केंद्र श्रीराम है, उन्हें करीबी से समझने के लिए उनसे जुड़ी कथाएं, विभिन्न भाषा में लिखे गए रामायण के पांडुलिपियों का अध्ययन जरूरी है। शोध के प्रथम प्रकल्प में देश के सभी भाषाओं, लिपियों और कालों में लिखी गई राम साहित्य को संग्रहित किया जा रहा है। इससे युवाओं को कहीं भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उपयुक्त सभी सामग्री यही पर भी उपलब्ध रहेगी। बताया कि जल्द ही असम, मिथिला, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलगु, मलयाली व कश्मीरी समेत अन्य राज्यों से भी रामायण पांडलुपियों को यहां लाया जाएगा। आने वाले दिनों संग्रहालय में शोध को बल प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।


नयाघाट स्थित श्रीराम कथा संग्रहालय।

### संग्रहालय में निर्माण समिति की बैठक कल

मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में अंतरराष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय के निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी। तय कार्यक्रम के अनुसार समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र नौ मई को अयोध्या पहुंच जाएंगे और 10 मई को संग्रहालय के सभागार में बैठक करेंगे। जिसमें म्यूजियम को तैयार करने के साथ रामायण के पांडुलिपियों को संग्रहित करने पर मंथन किया जाएगा।

### ट्रस्ट की प्राथमिकता पर श्रीराम कथा संग्रहालय का निर्माण

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट राम मंदिर निर्माण का कार्य संपन्न होने के बाद श्रीराम कथा संग्रहालय के निर्माण को प्राथमिकता पर रखा है। इस संग्रहालय में श्रीराम व श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण व उसके संघर्षों की गाथा पर आधारित गैलरियों को तैयार किया जा रहा है। जिसमें मंदिर निर्माण से पूर्व उत्खनन में प्राप्त अवशेष, राम मंदिर के संघर्ष और सुप्रीम कोर्ट में आए फैसले की प्रति को भी संग्रहित किया जाएगा। इसके अलावा भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर राम राज्याभिषेक तक और बजरंग बली की भूमिका पर आधारित चार डिजिटल गैलरी को तैयार किया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि संग्रहालय देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होगा। जिसमें थ्रीडी और सेवनडी के तहत गैलरी को तैयार किया जा रहा है। इसके लिए प्रारूप तैयार कर लिया गया है। अगले एक वर्ष में यह संग्रहालय बनकर तैयार हो जाएगा।

महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय
ADMISSIONS OPEN 2026–27
UG | PG | Diploma Programmes

Admission Helpline
+91 90052 50941
mmyrv.edu.in | /ramayanuniversityofficial
Industry-Integrated Learning in Collaboration With GUVI | HCL
Why Choose Ramayan Vishwavidyalaya ?
- Industry-aligned curriculum
- Real world project learning
- Modern labs & digital infrastructure
- Experienced faculty & mentors
- 100% placement assistance

Courses Offered
UG Programs: B.Tech (CSE, ME, EE, ECE, CE), BCA, BBA, B.Com, BA Yoga, BA in Vedic Sciences (Yoga Science / Veda / Vedic Vyakarana / Bharatiya Darshan / Sanskrit / Jyotish / Sthapatya Veda), B.Pharm, B.Sc. (Biotechnology / Physics / Chemistry / Mathematics / Botany / Zoology), BA (English / Psychology / Political Science / Economics / Sociology / Hindi / History / Education), B.Lib.
PG Programs: M.Tech (Software Engineering / Production Engineering / CTM / AI / Structural Engineering / Communication System / Power System) (Regular / Evening / Part-Time), MCA, MBA (Business Analytics / HR / Finance / Marketing / IT / Hospitality Management / IB – Dual Specialization), M.Com, M.Sc. (Biotechnology / Physics / Chemistry / Mathematics / Botany / Zoology), MA (English / Psychology / Political Science / Economics / Sociology / Hindi / History / Education), M.Lib., MSW
Diploma Programs: Diploma in Engineering (CS / ME / EE / ECE) (Regular / Evening / Part-Time), D.Pharm

Campus Highlights
Campus : Lush Green & Spacious Campus
Wi-fi : Wi-fi facility is available 24X7 covering the entire campus
Library : Well-Stocked Library
Security : Security of the students is one of the University's highest priorities.
Canteen: Hygienic and Well-Maintained Canteen Facility
MAHARISHI MAHESH YOGI RAMAYAN VISHWAVIDYALAYA
National Highway 27, Ayodhya, (Uttar Pradesh) 224123

न्यूज ब्रीफ

### बदले मौसम में बच्चों को लेकर रहे सावधान

इनायतनगर, अमृत विचार : तीन दिन पहले आई आंधी के साथ हुई बारिश से मौसम में अचानक बदलाव हुआ है। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है, खासकर बच्चों और सांस संबंधी रोगियों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मिल्कीपुर सीएचसी के अधीक्षक डॉ. एके सिन्हा ने बदलते मौसम को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। बताया कि विशेष रूप से छोटे बच्चों का इस समय खास ध्यान रखना आवश्यक है। सुबह और शाम के समय बच्चों को ठंड से बचाकर रखें और उनके खान-पान पर विशेष ध्यान दें।

### मेधावियों को पुरस्कार मंत्री और विधायक ने बढ़ाया हौसला

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : बाबा बाजार स्थित आवासीय रामसेवक यादव स्मारक इंटर कॉलेज में बाबू शिवराम सिंह टैलेंट अवार्ड फंक्शन में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा और अध्यक्षता कर रहे विधायक रामचंद्र यादव ने मेधावियों को सम्मानित करते हुए उत्साह और हौसला बढ़ाया। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राजेश कुमार सिंह ने 25 वर्षों से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को भी साइकिल देकर सम्मानित किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य एलबी यादव व डॉ. राजेश कुमार सिंह ने अतिथियों का आभार जताया।

### अधिवक्ताओं ने जताई खुशी

अयोध्या, अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कचहरी परिसर में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर छतरी लगाने के निर्देश के बाद अधिवक्ताओं ने खुशी जताई। अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत जिला इकाई अयोध्या के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा मुख्यमंत्री ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर छतरी लगाने का निर्देश देकर उनका सम्मान किया है। आभार व्यक्त करने वालों में अधिवक्ता राकेश वैद, भाजपा नेता दिनेश जायसवाल, पूर्व पार्षद अनुभव जायसवाल, विपिन यादव, श्रीधर मिश्रा समेत अन्य शामिल रहे।

### आग से बचाव के गुर बताए

कुमारगंज, अयोध्या, अमृत विचार। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में शुक्रवार को अग्निशमन विभाग



द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। अग्निशमन विभाग के फायरमैन प्रशांत दीक्षित ने अस्पताल कर्मियों एवं उपस्थित लोगों को आग लगने के कारणों और उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान अस्पताल के सीएमएस डॉ. रवि पाण्डेय, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. प्रवीण बरनवाल, डॉ. अरविंद मौर्य, डॉ. अमित राय, डॉ. सत्येंद्र, डॉ. प्रशांत वर्मा सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आरोपी प्रधानाध्यापक के भाई पर धमकी का आरोप

अयोध्या, अमृत विचार : आजाद हिंद इंटर कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा को प्रयोगात्मक परीक्षा में सभी विषयों में फेल करने के मामले में पीड़िता ने आरोपी प्रधानाचार्य के भाई पर गंभीर आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी के भाई ने एक शादी समारोह में उसे धमकी देते हुए कहा कि बच के रहना तुम्हारे साथ कुछ भी हो सकता है। पीड़िता ने थाना इनायतनगर को तहरीर देते हुए प्रधानाचार्य व उसके भाई से अपनी जान का खतरा बताया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी इनायतनगर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच करने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का किया निरीक्षण

अयोध्या, अमृत विचार : जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माणाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने हनुमान गुफा से संपूर्ण निर्माण मार्ग का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को आवश्यक निर्देश दिया। डीएम ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। कहा कि परियोजना से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराए जाएं। गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए, प्रत्येक कार्य मानकों के अनुरूप कराया जाए। संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने और कार्यों की प्रगति की सतत समीक्षा करने का निर्देश भी दिया।

# पार्किंग पर बना यात्री आश्रय केंद्र, कहां खड़े करें वाहन

## सवारी बैठाने के लिए गेट पर ही खड़े रहते हैं ऑटो व ई-रिक्शा वाहन, लगता है जाम ■ आने-जाने वाले लोग हो रहे परेशान

अयोध्या कार्यालय।



अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार के पास खड़े सवारी वाहन। अमृत विचार

अमृत विचार : अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर ऑटो व ई-रिक्शा वाहनों के लिए पार्किंग स्थल न होने के कारण स्टेशन के मुख्य गेट के आसपास यह वाहन खड़े हो रहे हैं। सवारियां जुटाने की होड़ में सड़क पर वाहन खड़ा होने के कारण आने-जाने वाले वाहनों का रास्ता बंद हो जाता है। रोज जाम लगने से लोग परेशान हो रहे हैं।

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के नव निर्माण के दौरान पूर्वी ओर परिसर में करीब 10 हजार स्क्वॉयर फिट में पार्किंग एरिया विकसित किया गया था। इसमें ऑटो, ई-रिक्शा, कार, बाइक, बस, स्टाफ आदि के वाहन खड़ा करने के लिए अलग-अलग स्थान बनाए गए थे। यहां एक साथ हजारों वाहन खड़े होने की क्षमता है। महाकुंभ के दौरान इस पार्किंग एरिया में यात्री आश्रय स्थल का अस्थायी निर्माण कराया गया था। महाकुंभ में इसका प्रयोग भी हुआ, लेकिन उसके बाद अन्य मेलों आदि में इसका प्रयोग न के बराबर रह गया। आम दिनों में इसमें ताला लगा रहता है।

इसके निर्माण के चलते परिसर में पार्किंग न के बराबर रह गई। जिससे ऑटो व ई-रिक्शा वाहन गेट के आसपास ही खड़े रहते हैं। स्टेशन पर उतरते ही यात्री बाहर निकलते हैं तो ई-रिक्शा चालक गेट के ठीक सामने अपनी वाहन खड़े कर उन्हें घेर लेते हैं। कई बार तो दो-तीन ई-रिक्शा एक साथ गेट के सामने खड़े हो जाते हैं, जिससे पैदल यात्री निकलने में दिक्कत होती है। यात्री को बैठाने के चक्कर में अकसर चालकों में विवाद भी होता है। यह हाल तब है जब गेट समेत पूरे परिसर में आरपीएफ के जवान तैनात रहते हैं।

परिसर के दोनों ओर बैरिकेडिंग कर ई-रिक्शा आदि वाहनों को उसके बाहर ही रहने के निर्देश हैं। विशेष पर्व व भीड़ होने पर इसका पालन कराया जाता है लेकिन आम दिनों में इस पर निगरानी नहीं होती है। इसका फायदा चालक उठाते हैं। ई-रिक्शा चालक संघ के नेता मुकुंद माधव त्रिपाठी का कहना है कि यात्रियों को होटल आदि व मंदिर तक पहुंचाने में ई-रिक्शा व ऑटो आदि आवश्यक है। रेलवे को चाहिए कि वह हमें स्टेशन पर पार्किंग की उचित व्यवस्था दे। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के आरपीएफ प्रभारी नीरव मिश्र का कहना है कि गेट के आसपास सवारी वाहन खड़ा करने पर प्रतिबंध है, मिलने पर कार्रवाई की जाती है।

### समायोजन-2926 : छात्र संख्या बनेगी आधार

अयोध्या, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग ने समायोजन-2026 की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस बार यू-डायस पोर्टल पर 30 अप्रैल तक दर्ज छात्र संख्या को आधार बनाकर स्कूलों में शिक्षकों का पुनर्निर्धारण होगा। इसके बाद बढ़ी या घटी संख्या पर विचार नहीं होगा। फिलहाल प्राथमिक विद्यालयों में दो और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तीन शिक्षक की अनिवार्यता पूरी की जाएगी। उच्च प्राथमिक में एक भाषा, एक गणित/विज्ञान और एक सामाजिक विषय का शिक्षक तैनात किया जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद का कहना है कि शिक्षक-छात्र अनुपात दुरुस्त करने और एकल शिक्षक स्कूल खत्म करने के लिए यह कवायद है। उन्होंने बताया 15 मई तक सभी बीएसए से सरप्लस व आवश्यकता वाले शिक्षकों का डेटा मांगा गया है। जून के पहले सप्ताह में काउंसलिंग के जरिए समायोजन पूरा करने का लक्ष्य है।



एसएसपी डॉ. गौरव का स्वागत करते सीओ सदर अरविंद सोनकर।

### एसएसपी ने सीओ सदर के नवीन कार्यालय का किया उद्घाटन

अयोध्या, अमृत विचार। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइंस स्थित क्षेत्राधिकारी सदर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस कार्यालय जीर्णोद्धार कराया गया है। इससे पूर्व उन्होंने पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं शिकायत प्रकोष्ठ, वाचक कार्यालय, डीसीआरबी, प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा व मॉनीटरिंग सेल का भी निरीक्षण किया गया। कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी, पुलिस अधीक्षक यातायात अयोध्या प्रसाद सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक शुभम जैन, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी सदर अरविंद सोनकर, क्षेत्राधिकारी लाइंस विकास राय समेत अन्य मौजूद रहे।

### डीआईओएस कार्यालय की खंगाली जायेगी कुंडली

अयोध्या, अमृत विचार : जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय भगवान भरोसे हैं। इसकी बानगी हाल ही में पीलीभीत में देखने को मिली। जहां डीआईओएस कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से वेतन निकासी और भुगतान का काम लिया जा रहा था। इसके बाद निदेशालय ने प्रदेश में डीआईओएस कार्यालयों की कुंडली खंगालने का निर्णय लिया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक को इसके लिए विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी एडी अपने जिले व मंडल के कार्यालयों में वेतन निकासी-भुगतान संबंधी कार्यों की गहनता से जांच करें। जारी निर्देश में कहा गया है कि इसका पूरा ब्यौरा एक सप्ताह के अंदर शासन को भेजे। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि आदेश आया है सत्यापन कराया जाएगा। कहा कि यहां सक्षम कर्मी से ही काम लिया जा रहा है।

# लापता युवकों का नहीं चला पता, एनडीआरएफ भी नदी में उतरी

अयोध्या कार्यालय।



सरयू नदी में लापता युवकों की तलाश करती टीम। अमृत विचार

अमृत विचार : सरयू नदी में गुरुवार को लापता हुए तीन युवकों का अभी पता नहीं चल सका है। जल पुलिस, एसडीआरएफ व स्थानीय गोताखोरों की टीम के साथ एनडीआरएफ की टीम भी शुक्रवार को रेस्क्यू में शामिल हो गई। बस्ती शहर के मंगल बाजार निवासी अमित गुप्ता (19), राज गुप्ता (20), अभिषेक सोनी (20) गुरुवार सुबह छह बजे नदी में स्नान करते समय गहरे पानी में जाने से डूब गए थे। जल पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने स्थानीय गोताखोर व नाविकों की सहायता से रेस्क्यू शुरू किया था। एसपी सिटी ने गोरखपुर में तैनात एनडीआरएफ की टीम को भी बुला लिया, जो देर शाम अयोध्या पहुंची। रात में अंधेरे के चलते रेस्क्यू कार्य में आ रही बाधा के चलते तलाशी बंद कर दी गई। जल पुलिस, एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की करीब 40 लोगों की टीम की करीब 10 बोट, 12 नाव व स्थानीय गोताखोरों के साथ शुक्रवार भोर से दोबारा रेस्क्यू शुरू किया। शाम तक तीनों में किसी का पता नहीं चल सका। वहीं, तीनों के परिवारीजन गुरुवार से ही अयोध्या में हैं, शुक्रवार को सभी ने रेस्क्यू टीम के कार्य से नाराजगी जताते हुए हंगामा भी किया। हालांकि पुलिस ने उन्हें समझा बुझाकर शांत कराया।

जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप के अनुसार नदी जलस्तर भले ही कम है, तीनों मुख्य धारा में डूबे थे, जहां करीब 25 से 30 फिट की गहराई है। घटनास्थल के आसपास गोताखोरों ने काफी अंदर तक डुबकी लगाई, जाल भी डाला गया लेकिन किसी का पता नहीं चला। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि रेस्क्यू जारी है। शुक्रवार को एनडीअराआरएफ की टीम भी तलाश में लग गई है। बस्ती जिले के छावनी थाना पुलिस से भी अपने क्षेत्र में तलाश करने के लिए कहा गया है।

अमृत विचार Follow UP

● गुरुवार रात में अंधेरे के चलते रुका था रेस्क्यू कार्य, आज भोर से फिर से शुरू हुआ

### सऊदी अरब में रोजगार के लिए करें आवेदन

अयोध्या, अमृत विचार: सऊदी अरब में विभिन्न तकनीकी/गैर तकनीकी पदों पर रोजगार के लिए इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर निःशुल्क पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह भर्ती केवल पुरूष बेरोजगार अभ्यर्थियो के लिए है।सहायक निदेशक सेवायोजन देवव्रत कुमार ने बताया कि प्रदेश शासन बेरोजगार युवाओं को विदेशों में रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विदेश जाने के इच्छुक बेरोजगार युवाओं को सेवायोजन विभाग से संचालित रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in के माध्यम से सऊदी अरब में विभिन्न तकनीकी/गैर तकनीकी पदों पर बड़े स्तर पर भर्ती के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। चयनित अभ्यर्थियो को लगभग 43,962 से 99,188 प्रतिमाह तक वेतन प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थी स्ट्रक्चर वेल्डर, वेल्डर, वेल्डिंग/फैनीकेशन, प्लम्बर टेक्नीशियन आदि क्षेत्रो में कार्य का अनुभव होना आवश्यक है। अनुभव सीमा पांच से 15 वर्ष और आयु सीमा 25से 42 वर्ष निर्धारित की गई है।



नगर पंचायत खिरौनी के मां ज्वाला स्थान पर कोविदार पौध के साथ खड़े लोग।

### मां ज्वाला के स्थान पर रोपा कोविदार का पौधा

अयोध्या, अमृत विचार : मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि क्षेत्र में श्रीराम राज्य संकल्प वृक्ष अभियान चलाया जा राह है। नगर पंचायत खिरौनी के मां ज्वाला स्थान पर शुक्रवार को कोविदार का पोधा रोपा गया। अभियान के केन्द्रीय समन्वयक इंजीनियर रवि तिवारी ने अभियान के मूल दर्शन पर प्रकाश डाला। कहा कि अयोध्या परिक्षेत्र के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के लगभग 970 स्थानों को चिह्नित किया गया है। प्रथम चरण में इन सभी स्थानों पर कोविदार वृक्ष लगाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन प्रवीण सिंह ने किया। कार्यक्रम में राधा कृष्णन सरस्वती जी महराज, सत्यनाम सिंह, अशोक सिंह, राजेश रावत, धनंजय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बाइक व साइकिल में टक्कर, तीन घायल

बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार। कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के पिपरी जलालपुर तमसा नदी पुल के पास प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार अपराहन साइकिल और बाइक में टक्कर में एक बुजुर्ग महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी को सीएचसी बीकापुर पहुंचाया। इनायत नगर थाना क्षेत्र के चेतरा पंडरी निवासी सुंदरा देवी (70) अपने नाती राकेश साहू निवासी चांदपुर पूरा कलंदर के साथ बाइक से जिला अस्पताल से घर वापस लौट रही थी। पिपरी जलालपुर पुल के पास साइकिल से बाइक टकरा गई। हादसे में साइकिल सवार अहिरन का पुरवा गददौपुर थाना कैंट अयोध्या निवासी रामबोध यादव (60) तथा बाइक सवार दोनों घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ. अमित कुमार ने रामबोध को मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया।

# शिक्षक समाज की नींव, बेहतर योगदान दें : जिलाधिकारी

अयोध्या कार्यालय।



डीएम को बुके देते शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने जिले में शिक्षा की गुणवत्ता व शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर चर्चा की।

पदाधिकारियों ने डीएम को बुके भेंटकर स्वागत किया और शिक्षकों की पदोन्नति, स्थानांतरण, एरियर भुगतान व विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दे रखे। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा शिक्षक समाज की नींव हैं। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में शिक्षकों का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है। जो भी जायज समस्याएं हैं, उनका प्राथमिकता से निराकरण कराया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय ऑडिटर नीलमणि त्रिपाठी, जिला मंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह, जिला संगठन मंत्री मोहम्मद ग्यास , रुदौली ब्लॉक अध्यक्ष अविनाश पांडे व मंत्री सत्येंद्र पाल सिंह शामिल रहे।



फैजाबाद पब्लिक स्कूल में मदर्स डे पर मां को समर्पित नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे।

### एफपीएस में हर्षोल्लास से मनाया मदर्स-डे

अयोध्या। अमृत विचार : फैजाबाद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मदर्स-डे मनाया गया। वन्दना व दीप प्रज्ज्वलन के शुरू हुए कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सब का दिल जीत लिया। बच्चों ने अपने हाथों से सुंदर कार्ड, चित्र आदि उपहार तैयार कर माताओं को भेंट कर प्रेम व्यक्त किया।प्रधानाचार्य केके मिश्रा ने कहा कि मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती है, जो हमें बोलना, चलना व जीवन के संस्कार सिखाती है। उन्होंने संदेश दिया कि बच्चे हमेशा अपनी माताओं का सम्मान करें, उनकी आज्ञा का पालन करें। विद्यालय की अध्यक्ष ज़रीना खान, प्रबंधक उमर मुस्तफ़ा, निदेशक सदफ इक़बाल, संयोजिका फिज़ा खान ने माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान व आभार व्यक्त किया। प्रबंधक उमर मुस्तफ़ा ने वात्सल्यमयी मां की निस्वार्थ व सच्चे प्रेम का बखान करते हुए मातृ दिवस के महत्व को जीवन में सर्वोत्तम बताया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### अंतर विद्यालयीय टेक फेस्ट के विजेता हुए पुरस्कृत

अयोध्या, अमृत विचार: जेबी अकादमी में शुक्रवार को आयोजित अंतर विद्यालयीय प्रतियोगिता टेक फेस्ट में नगर के पांच विद्यालयों के प्रतिभागी छात्रों ने अपनी तकनीकी दक्षता का परिचय दिया। विजेता छात्र-छात्राओं को वरिष्ठ समन्वयक सुधीर गुप्ता ने ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। ई-वेस्ट से प्रतिरूप निर्माण में भवदीय पब्लिक स्कूल की अवि पटेल, पॉवर प्वॉइंट प्रस्तुति में जेबीए के कृष्णा व सुकृति और हैकाथन में आर्मी पब्लिक स्कूल के क्षितिज और स्वरित विजेता रहे। आजमी आबिदी के नेतृत्व में कंप्यूटर विभाग द्वारा संयोजित इस गतिविधि का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक दृष्टि, समूह भावना व समस्या समाधान की वृत्ति विकसित करना रहा। डॉ. आशीष कुमार पांडेय, डॉ. आशुतोष कुमार सिंह व डॉ. इंद्रोनील बनर्जी निर्णायक रहे। जेबीएनएसस की निदेशक मंजुला झुनझुनवाला व प्रधानाचार्या डॉ. दिव्या शुक्ला ने छात्रों व शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### भाजपा का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर 10 व 11 को

अयोध्या। भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से अधिक सशक्त और दक्ष बनाया जाएगा। इसके लिए 10 व 11 मई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन उदासीन आश्रम, रानोपाली में होगा। उद्घाटन राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह करेंगे। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव और महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा का प्रशिक्षण मॉडल कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित और समाज सेवा के प्रति समर्पित बनाता है। महानगर मीडिया प्रभारी अमित कुमार मिश्र ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को 11 सत्रों के माध्यम से भाजपा का इतिहास, कार्यकर्ता विकास, संगठन की कार्यपद्धति, मीडिया प्रबंधन, सोशल मीडिया, विचार परिवार, बूथ प्रबंधन, चुनाव प्रबंधन, वैचारिक अधिष्ठान तथा सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं सहित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर ही रात्रि प्रवास करेंगे। समापन के बाद प्रशिक्षण प्राप्त करते वाले कार्यकर्ताओं की ऑनलाइन परीक्षा होगी। बैठक में तिलकराम मौर्या, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, शिवम्श शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

### नगर के प्रमुख चौराहों से हटवाया गया अतिक्रमण

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : भेलसर बाबा बाजार मार्ग के प्रमुख चौराहों पर नगर पालिका परिषद ने अतिक्रमण हटाया। नायब तहसीलदार राज नारायण मौर्य, ईओ प्रेमनाथ, कोतवाल संजय मौर्य की अगुवाई में शुक्रवार को पुलिस बल के साथ अकबर गंज मोड से हनुमान किला तिराहे तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। मुख्य मार्ग पर नाली के ऊपर बने छज्जे,टीन शेड को तोड़ा गया। नाली और फुटपाथ पर बने अस्थाई निर्माण को हटाने के साथ पटरा बल्ली लगाकर फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को उखड़ा गया।

### विकलांगता निवारण किट का वितरण

इनायतनगर, अमृत विचार : जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मंजुला आनंद ने राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में पाए गए लिंफोडीमा( फाइलेरिया) रोगियों को स्वयं कैसे करें रोग की पहचान,बचाव व रोकथाम आदि को लेकर जागरूक किया। रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता निवारण किट का वितरण कराया। डेंगू, मलेरिया एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी आशाओं को जागरूक किया गया। किट से मलेरिया रोग की जांच कैसे की जानी है, इस संबंध में वरिष्ठ प्रयोगशाला विशेषज्ञ ने मौजूद आशा बहुओं को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक हैरिंग्टनगंज रवींद्र शुक्ल, मलेरिया इंस्पेक्टर राजेश कुमार व विवेक कुमार चौधरी, बीपीएम पवन कुमार, पीसीआई प्रतिनिधि मो. नासिर सहित अन्य स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार। थाना राम जन्मभूमि पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि उप निरीक्षक प्रवीण सिंह व उत्तम यादव की टीम ने शुक्रवार को राजघाट पार्क तिराहा क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ आरोपी शत्रुधन निवासी ग्राम विक्रमजोत पोस्ट शंकरपुर थाना छावनी जनपद बस्ती को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने 10-11 अप्रैल की रात में हनुमानगढ़ी क्षेत्र से इस वाहन चोरी किया था। इस संदर्भ में थाने पर केस दर्ज किया गया था।

कवायद | ब्लैकस्पॉट खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम, अरकुना से सट्टी चौराहा तक निर्माण कार्य तेज

# नेशनल हाईवे पर 190 करोड़ से बनेंगे पांच अंडरपास

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27 के रामसनेही घाट-अयोध्या खंड पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा लगभग 190 करोड़ रुपये की लागत से पांच नए अंडरपास का निर्माण किया जाएगा। इससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी, दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

एनएचएआई के अनुसार रामसनेही घाट से अयोध्या खंड पर अरकुना, रानीमऊ, कुढ़ा सादात, भेलसर एवं सट्टी चौराहा सहित कुल पांच स्थानों पर अंडरपास बनाए जाएंगे। ये सभी स्थान पहले सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किए जा चुके हैं, जहां पिछले वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं की कई घटनाएं दर्ज की गई हैं। एनएचएआई के परियोजना निदेशक अवनीत सिद्धार्थ ने बताया कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा यातायात के सुचारु प्रवाह को बढ़ावा देना है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद स्थानीय किसान अपने खेतों तक जाने के लिए सुरक्षित मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग बिना किसी जोखिम के सड़क पार कर सकेंगे। बताया कि एनएचएआई ने निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए प्रारंभिक प्रक्रियाएं शुरू कर दी हैं। शीघ्र ही कार्य में तेजी लाई जाएगी।

● अयोध्या-गोरखपुर हाईवे पर सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए लगाए जाएंगे साइनेज और चेतावनी बोर्ड




**ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष ध्यान, हो रहे सुधार कार्य**

जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित इन ब्लैक स्पॉट्स पर अंडरपास बनाने का निर्णय सड़क दुर्घटनाओं को जड़ से समाप्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करना आवश्यक हो गया था। इन अंडरपास के अलावा अयोध्या-गोरखपुर खंड पर सभी ब्लैक स्पॉट्स पर साइनेज, सूचना बोर्ड, दुर्घटना बाहुल्य चेतावनी बोर्ड तथा अन्य सुधारात्मक कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत बिहार घाट रेलवे स्टेशन के पास शनिवार देर शाम सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस चौकी प्रभारी चित्रेश प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना पर गंभीर रूप से घायल युवक को सीएचसी पूराबाजार लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अरविंद गौड़ (30)पुत्र परशुराम गौड निवासी ग्राम गंगौली थाना पूराकलंदर, अयोध्या के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रक को कब्जे में ले लिया है। चालक फरार है, शव कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### बेटी के विवाह में सौंपा गृहस्थी का सामान



पूरे भुलई गांव में बेटी की शादी में सामान सौंपते संस्था के पदाधिकारी।

सोहावल, अमृत विचार : सामाजिक संस्था दि आयुष्मान फाउंडेशन के लोगों ने सोहावल ब्लॉक मजरे भुलई का पुरवा निवासी एहसान अली की बेटी नाजिया बानों की शादी के लिए गृहस्थी का सामान सौंपा। एहसान और उनकी पत्नी लोगों के घरों और ऑफिस में झाड़ू पोछा कर परिवार का जीवनयापन करते है। फाउंडेशन की ओर से एक अलमारी, पंखा, छोटा एवं बड़ा बक्सा, मेकअप बॉक्स, पर्स, सूट, छत का पंखा और हाथ की घड़ी सहित अन्य जरूरी सामान सौंपा गया। इस मौके पर संस्थापक पवन पटेल, गजेंद्र सिंह, पंकज पांडेय, धनंजय सिंह, विशाल गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

# इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी में 60 से बढ़ 100 हुई सीटें

## अवध विवि में दो विषयों में एम फॉर्मा संचालन की भी मिली अनुमति

अयोध्या कार्यालय।



**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा बी. फॉर्मा में इस वर्ष से 60 सीटों के स्थान पर 100 सीटों पर प्रवेश की अनुमति प्रदान की गई है। साथ ही डी.फॉर्मा की 60 सीटों का नवीकरण प्रदान किया है। इस वर्ष से संस्थान को दो विषयों में एम.फॉर्मा के संचालन की अनुमति भी दी है। वर्तमान सत्र से फॉर्मास्यूटिक्स (15 सीटें) एवं फॉर्मास्यूटिकल केमिस्ट्री (15 सीटें) में एम. फॉर्मा में विश्वविद्यालय छात्रों को प्रवेश प्रदान करेगा।

कुलपति कर्नल (डॉ.) बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विस्तार और गुणवत्तापूर्ण फार्मेसी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे विद्यार्थियों को आधुनिक शोध एवं उद्योगोन्मुखी प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। निदेशक प्रो. शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि यह स्वीकृति हमारे संस्थान के शैक्षणिक विस्तार और उच्च अध्ययन प्रदान करने हेतु फार्मेसी शिक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। बी. फॉर्मा समन्वयक डॉ. अनिल कुमार एवं डॉ. सिंधु सिंह ने इसे विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए द्वार खोलने वाला बताया कि विद्यार्थियों को फार्मास्यूटिकल साइंसेज में उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगी।



अवध विवि के ललित कला विभाग में शुक्रवार से शुरू चित्रकला कार्यशाला में मौजूद विद्यार्थी।

## अवध विश्वविद्यालय में चित्रकला कार्यशाला शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग एवं राज्य ललित कला अकादमी, संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को 20 दिवसीय 'ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला' शुरू हुई। कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. मृदुला मिश्रा ने बताया कि कला प्रत्येक जनमानस में आत्मसंतोष, संयम एवं संतुष्टि की उच्च शिखर को प्राप्त करने में अपना सहयोग प्रदान करती है। छात्र-छात्राओं को अपने इच्छानुसार कुछ न कुछ कला का चित्रण अवश्य करना चाहिए। संयोजक डॉ. सरिता द्विवेदी ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत ग्रीष्मकालीन शिविर में कुल 70 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया है। यह कार्यशाला 8 से 27 मई तक चलेगी। मुख्य प्रशिक्षक डॉ. रीमा सिंह, समन्वयक प्रो. सुरेंद्र मिश्र, प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्रो. प्रिया कुमारी, डॉ. अलका श्रीवास्तव, सरिता सिंह आदि मौजूद रहे।

## भारी पुलिस बल के साथ खाद्य विभाग की छापेमारी से व्यापारियों में नाराजगी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर के एक प्रतिष्ठान पर शुक्रवार को खाद्य विभाग की टीम द्वारा की गई सैंपलिंग कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में नाराजगी देखने को मिली। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओम प्रकाश, नायब तहसीलदार अमरनाथ द्विवेदी तथा भारी पुलिस बल के साथ नगर स्थित एक प्रतिष्ठान पर पहुंचे और बिक्री किए जा रहे खाद्य पदार्थों की जांच शुरू कर दी। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने दुकान में मौजूद खाद्य सामग्री की जांच करते हुए घी का सैंपल लिया। सैंपलिंग की सूचना मिलते ही जलालपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष आनंद जायसवाल अपने पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गए और भारी पुलिस बल के साथ की जा रही कार्रवाई का विरोध जताया। प्रतिष्ठान मालिक कृष्ण कुमार गुप्ता एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना था कि इस प्रकार पुलिस बल के साथ सैंपलिंग करने से दुकानदारों की छवि प्रभावित होती है तथा आसपास के व्यापारियों और ग्राहकों में दहशत का माहौल बन जाता है। कार्रवाई के दौरान आसपास के कई दुकानदारों ने एहतियातन अपनी दुकानें बंद कर दीं। हालांकि खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा केवल घी का सैंपल लिया गया तथा नियमानुसार उसका मूल्य अदा कर सैंपल अपने साथ ले जाया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अधिकारियों का यही रवैया जारी रहा तो व्यापारी जल्द ही सडक़ पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

## न्यायालय में विचाराधीन जमीन पर हो रहा नाली निर्माण रोका

अमृत विचार IMPACT

**पूराबाजार, अमृत विचार:** ब्लॉक की ग्राम पंचायत ऐमी आलापुर में विवादित जमीन पर इंटरलॉकिंग तोड़कर नाली निर्माण किया जा रहा था। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। अमृत विचार ने शुक्रवार को 'न्यायालय में विचाराधीन जमीन पर हो रहा है नाली का निर्माण' शीर्षक से खबर प्रकाशित हुई। इसके बाद प्रशासन ने कार्य बंद करवा दिया। एडीओ पंचायत पूरा बाजार रवींद्र वर्मा ने बताया जमीन विवादित है। जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है, निराकरण हो जाने पर नाली का निर्माण कराया जाएगा।

# युवा पीढ़ी सेवा और संवेदना को जीवन का हिस्सा बनाए : डॉ. संदीप

अयोध्या कार्यालय।

- साकेत महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार :** युवा पीढ़ी सेवा और संवेदना को जीवन का हिस्सा बनाए, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। ये बात डिप्टी सीएमओ एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला ने कही। वे विश्व रेडक्रॉस दिवस पर साकेत महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग के सभागार में सेन्ट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान एवं सामाजिक सेवा के प्रति प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. दानपति तिवारी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज एवं मानवता के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। कार्यक्रम में शामिल वक्ताओं ने रेड क्रॉस आंदोलन के इतिहास, मानवता की सेवा में उसकी भूमिका तथा युद्ध, आपदा एवं महामारी के समय रेड क्रॉस द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि रेड क्रॉस केवल एक संस्था नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और मानवता का वैश्विक प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा मानवता, सेवा और रेड क्रॉस की भावना पर आधारित विचार एवं प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनों ने सराहा। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन मानवता एवं सेवा के संदेश के साथ हुआ। संचालन डॉ. अजय कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर रेड क्रॉस के मंडल प्रभारी डॉ. अजय मोहन श्रीवास्तव, मुख्य नियंता डॉ. बीके सिंह, डॉ. सुधीर कुमार राय, डॉ. शिप्रा सिंह, डॉ.रामेंद्र द्विवेदी, डॉ. जगदीश वर्मा, डॉ. बृजेश कुमार समेत बड़ी संख्या में शिक्षक व रेडक्रॉस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# मूल्य संवर्धन से बदलेगी किसानों की तकदीर : कुलपति

कुमारगंज अयोध्या।



कृषि विवि में आयोजित कार्यशाला में पुस्तक का विमोचन करते कुलपति व अन्य। अमृत विचार

- कृषि विवि में खेत से थाली तक : फलों, सब्जियों, बाजरा एवं औषधीय फसलों में मूल्य संवर्धन विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के हाईटेक हाल में शुक्रवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। खेत से थाली तक : फलों, सब्जियों, बाजरा एवं औषधीय फसलों में मूल्य संवर्धन.. विषय पर कार्यशाला का शुभारंभ विवि के कुलपति डॉ. पीएस प्रमाणिक, उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह, डीडीजी डॉ. एसके सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया।

कुलपति ने कहा कि भारत में 40 प्रतिशत फल-सब्जियां सड़ जाते हैं। मूल्य संवर्धन से यह बर्बादी रुकेगी। टमाटर, आंवला, एलोवेरा को प्रोसेस कर जूस, पाउडर, जेल बनाकर एक साल तक स्टोर किया जा सकता है। इससे किसान को ऑफ-सीजन में भी अच्छा दाम मिलता है। उपकार के उप महानिदेशक ने कहा कि प्रोसेसिंग यूनिट पर 10 लाख तक लोन व 35 प्रतिशत का अनुदान मिल रहा है। किसान सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह ने भी फलों एवं सब्जियों के मूल्य संवर्धन पर विस्तार से जानकारी दी।

समापन के मौके पर उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने प्रतिभागी किसानों और छात्रों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. सुप्रिया द्वारा लिखित पुस्तक मूल्य संवर्धन से समृद्धि की ओर का विमोचन भी हुआ। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापिका डॉ. प्रज्ञा पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अतुल यादव ने किया। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक एवं लगभग 50 की संख्या में किसान एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## आरएफसी कार्यालय के हेल्पर की मौत, शोक

**अयोध्या, अमृत विचार:** संभागीय खाद्य नियंत्रक में हेल्पर पद पर कार्यरत ज्ञानचंद का शुक्रवार को निधन हो गया। कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस असह्य दुख को सहने करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोकसभा में डिप्टी आरएमओ धनंजय सिहं सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

# सीएमओ व डिप्टी सीएमओ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश से हड़कंप

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

- उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने निजी चिकित्सालयों, और अल्ट्रासाउंड सेंटरों के पंजीकरण में अनियमितताओं की जांच के बाद दिया आदेश

**अमृत विचार।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय वर्मा के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के आदेश जारी किया। डिप्टी सीएम के इस आदेश के बाद से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप है।

मामला निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड सेंटरों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण में कथित अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि सीएमओ और डिप्टी सीएमओ ने शासनादेशों की अनदेखी करते हुए फाइलों के निस्तारण में लापरवाही बरती तथा अपने पद का दुरुपयोग किया। जिसकी शिकायत मिलने के बाद जिलाधिकारी द्वारा जांच के आदेश दिए गए थे। एडीएम की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में दोनों अधिकारियों को प्रथम दृष्टया दोषी पाया। जिसके बाद जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी गई थी।



डॉ. संजय वर्मा डिप्टी सीएमओ



डॉ. संजय कुमार शैवाल, सीएमओ

### डॉ. पीयूष और सलिल ने दर्ज कराई थी शिकायत

मामले में अल्ट्रासाउंड संचालक डॉ. पीयूष उपाध्याय और सलिल यादव ने जिला स्तर से लेकर शासन स्तर तक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि अल्ट्रासाउंड सेंटर के नवीनीकरण के नाम पर प्रति वर्ष 30 हजार रुपए के हिसाब से पांच वर्षों के लिए डेढ़ लाख रुपए की मांग की गई थी। आरोप है कि रकम न मिलने पर नवीनीकरण की प्रक्रिया रोक दी गई।

## कार्यालयों में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत संचालित स्व-गणना अभियान के दूसरे दिन जनपद में व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित की गईं। विभिन्न सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वयं स्व-गणना करते हुए आमजन को भी अभियान से जोडऩे का कार्य किया। विकास खंड कार्यालयों, सभी नगर निकायों, कृषि विभाग के विभिन्न कार्यालयों, जिला पंचायत राजअधिकारी कार्यालय सहित कई विभागीय कार्यालयों में स्व-गणना अभियान को सक्रिय रूप से चलाया गया। कार्यालयों में आने वाले नागरिकों को स्व-गणना प्रक्रिया की जानकारी देकर पोर्टल पर स्वयं एवं अपने परिवार का विवरण दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। जन-जागरूकता को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यालयों में आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किए गए हैं।

# 13 गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों को नोटिस जारी, मांगे गए सभी प्रपत्र

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद में गैर-मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा छात्र-छात्राओं का अवैध रूप से संबद्धता करने के मामले में डीआईओएस कार्यालय ने 13 विद्यालयों को नोटिस जारी किया है। इन स्कूलों को तीन दिन के भीतर नोटिस का जवाब देने को कहा गया है, अन्यथा उनकी मान्यता रद्द करने की सिफारिश की जाएगी। डीआईओएस प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर क्षेत्रवार जांच कराई जा रही है। इस जांच में 13 विद्यालय बिना मान्यता के और अवैध रूप से छात्रों को संबद्ध कर संचालित होते पाए गए हैं। जारी किए गए नोटिस में इन विद्यालयों से मान्यता संबंधी सभी आवश्यक प्रपत्र कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा गया है। यदि तीन दिन के भीतर यह प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो संबंधित विद्यालयों को बंद करा दिया जाएगा और उनकी मान्यता रद्द करने की सिफारिश की जाएगी। जिन विद्यालयों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें मां ब्रह्मा देवी रमाशंकर इंटर कॉलेज तमसा मार्ग अकबरपुर, गौरव रामानुज इंटर कॉलेज गौरा बसंतपुर, एसपी हाईस्कूल अरिया बाजार, रामदेव जनता इंटर कॉलेज कटेहरी, विनोद कुमार सोनी जूनियर हाईस्कूल रगडग़ंज, एमजी ओरियंट पब्लिक स्कूल बरामदपुर जरियारी, सरदार भगत सिंह जूनियर हाईस्कूल फतेहपुर मोहिबपुर, पं. राम अवध स्मारक इंटर कॉलेज मसेना मिर्जापुर, जय बजरंग इंटर कॉलेज रामनगर, रामपाल स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमादरवेशपुर, जय अंबे जयराजी देवी बालिका इंटर कॉलेज दौलताबाद, पं. राम अवध बाल विद्या मंदिर मसेना मिर्जापुर और जय बजरंग साइंस एकेडमी रामनगर शामिल हैं।

## रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** संयुक्त जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा एवं जिलाधिकारी ईशा प्रिया के द्वारा दीप प्रज्वलन कर एवं भारत माता की चित्र पर मल्यार्पण कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल, मुख्य मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीएन यादव व डॉ. संजय वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थिति रहे। शिविर में 15 रक्तदाताओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वर्तमान में संयुक्त जिला चिकित्सालय में क्रियाशील रक्त केंद्र में कुल 53 यूनिट रक्त उपलब्ध है।



रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा व डीएम ईशा प्रिया।

## 132 स्कूलों ने नहीं अपडेट किया वाहन विवरण

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में 132 ऐसे विद्यालय हैं जिनके पास वाहन तो हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक अपने वाहनों का विवरण परिवहन विभाग के पोर्टल पर अपडेट नहीं किया है। इस संबंध में परिवहन विभाग ने जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कार्रवाई का अनुरोध किया है। उपसंभागीय परिवहन अधिकारी सतेंद्र यादव ने बताया कि कार्यालय स्तर पर छह टीमें गठित की गई हैं। यह टीमें विभिन्न तहसीलों के स्कूलों में जाकर स्कूली वाहनों का स्थलीय निरीक्षण कर रही हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा विकसित पोर्टल पर स्कूलों को ऑनबोर्ड कराकर वाहनों का ऑनलाइन निरीक्षण किया जा रहा है। पोर्टल पर अद्यतन स्थिति के अनुसार अब तक 275 विद्यालय ऑनबोर्ड हो चुके हैं और इन विद्यालयों द्वारा 950 स्कूल वाहनों को पंजीकृत किया गया है। जिसके सापेक्ष परिवहन विभाग ने 829 स्कूली वाहनों का निरीक्षण कर उनकी लाइव फोटो पोर्टल पर अपलोड की है। हालांकि अभी भी 132 विद्यालय ऐसे हैं, जिन्होंने वाहन पोर्टल पर विवरण अपडेट करने में रुचि नहीं दिखाई है, जिससे सभी वाहनों को पोर्टल पर अद्यतन कर पाना संभव नहीं हो पा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से अनुरोध किया गया है कि वह अपने स्तर से विद्यालय संचालकों को निर्देश जारी करें। इसके अतिरिक्त परिवहन कार्यालय द्वारा 58 ऐसे स्कूली वाहनों को नोटिस जारी की गई है जिनकी फिटनेस समाप्त हो चुकी है।

## भाजपा का संगठन को मजबूत करने पर जोर

**जलालपुर, अंबेडकर नगर। अमृत विचार।** भाजपा के नगर मंडल जलालपुर की संगठनात्मक बैठक शक्ति केंद्र वार संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष एवं नगर प्रवासी रमाशंकर सिंह उपस्थित रहे। बैठक में शक्ति केंद्र प्रभारियों, संयोजकों और बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए रमाशंकर सिंह ने कहा कि संगठन ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत किए बिना चुनावी सफलता अधूरी है। सभी कार्यकर्ताओं को जन-जन तक पहुंचकर सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना होगा। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री आनंद मिश्र और कृष्ण गोपाल गुप्ता ने किया। इस दौरान बैठक में पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र, सुरेश गुप्त, मानिकचंद सोनी, मीडिया प्रभारी विकास निषाद, नगर उपाध्यक्ष सीतल सोनी, दीपचंद सोनी, गिरीश जायसवाल, सोनू गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, गोपाल सोनकर, विनय मिश्र, मनीष सोनी, दीपक गोयल, शिवनाथ त्रिपाठी, विक्की गौतम, राधेश्याम शुक्ला समेत बूथ अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दो दुकानों पर मारा छापा

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने नकली इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने वाली दो दुकानों पर छापा मारा है। इस दौरान भारी मात्रा में एंकर ब्रांड के नकली उत्पाद बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों दुकानदारों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत मैनेजर सुनील कुमार को 7 मई 2026 को एंकर ब्रांड के नकली उत्पाद बेचे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि अकबरपुर के शहजादपुर स्थित डीएम इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर नकली सामान बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस और कंपनी प्रतिनिधि जब दुकान पर पहुंचे, तो वहां मौजूद मो. इरफान ने खुद को दुकान का मालिक बताया है। दुकान की तलाशी लेने पर एंकर ब्रांड के 58 नकली फैन रेगुलेटर और 6 नकली 6 एम टॉप प्लेट बरामद हुए। बरामद सामान में से एक फैन रेगुलेटर और एक टॉप प्लेट को नमूने के तौर पर सील किया गया। इसके बाद टीम ने अकबरपुर स्थित मशीनरी मार्केट में बीओबी बैंक के पास शिमला इलेक्ट्रिक दुकान पर भी छापा मारा। यहां दुकानदार सुशील कुमार ने खुद को दुकान का मालिक बताया है। इस दुकान से एंकर ब्रांड के 10 नकली 3 पिन प्लग टॉप बरामद किए गए। यहां भी एक प्लग टॉप को नमूने के तौर पर सील किया गया और दुकानदार कोई वैध बिल प्रस्तुत नहीं कर सका। कंपनी प्रतिनिधि द्वारा असली उत्पाद प्रस्तुत किए गए हैं, ताकि नकली उत्पादों की पहचान सुनिश्चित की जा सके।

## बारात में गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जलालपुर, अंबेडकर नगर। अमृत विचार।** जैतपुर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर कला गांव निवासी 45 वर्षीय युवक की बारात में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि प्रतापपुर कला गांव निवासी राधेश्याम निषाद के पुत्र की शादी गुरुवार को थी, जिसकी बारात आजमगढ़ जनपद के महाराजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भील कोला गांव गई थी। इसी बारात में गांव निवासी सागर निषाद पुत्र झगरू निषाद 45 वर्ष भी शामिल होने गए थे। बताया जाता है कि सागर कुछ दिन पूर्व ही गाजियाबाद से अपने घर आए थे। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार बारात में भोजन करने के कुछ देर बाद सागर को अचानक उल्टी होने लगी। शुरुआत में लोगों ने इसे सामान्य समझकर ध्यान नहीं दिया और वह अचेत अवस्था में वहीं पड़े रहे। काफी देर बाद जब उनकी हालत गंभीर दिखाई दी तो बारात में मौजूद लोग उन्हें आनन-फानन में एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# तीन माह में ही धराशायी हुआ नाला

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

- नगर पालिका परिषद जलालपुर में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर एक बार फिर उठे सवाल

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद जलालपुर द्वारा विस्तारित क्षेत्रों में कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर क्षेत्र के वाजिदपुर स्थित बहेरवातर डीह बाबा से श्मशान घाट जाने वाले मार्ग पर हाल ही में निर्मित नाला महज तीन-चार माह के भीतर ही टूटकर ध्वस्त हो गया।

लोगों का आरोप है कि नाला निर्माण में मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया, जिसके चलते नया नाला पानी का दबाव भी नहीं सह सका और कई स्थानों से भरभराकर टूट गया। नाला क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। गंदा पानी अब सडक़ों, घरों और खेतों में भरने लगा है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों के अनुसार कई घरों के सामने जलभराव की स्थिति बन गई है और राहगीरों का पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। नगर पालिका और संबंधित ठेकेदार पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि निर्माण कार्य गुणवत्ता के अनुरूप कराया गया होता तो नाला इतनी जल्दी नहीं टूटता।



वाजिदपुर स्थित बहेरवातर डीह बाबा से श्मशान घाट जाने वाले मार्ग पर हाल ही में निर्मित नाला टूटकर हुआ ध्वस्त।

### ईओ बोले

इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस आईजीआरएस निस्तारण में जनपद प्रदेश में अव्वल

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद पुलिस ने एक बार फिर प्रदेश स्तर पर अपनी कार्यकुशलता का प्रदर्शन किया है। उत्तर प्रदेश शासन की समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में जनपद पुलिस को लगातार तीसरी बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। फरवरी, मार्च और अप्रैल की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद पुलिस ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी एवं नोडल अधिकारी आईजीआरएस हरेंद्र कुमार के सतत पर्यवेक्षण में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर शिकायतों की जांच करते हैं और गुण-दोष के आधार पर मामलों का गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित किया जाता है। माह अप्रैल 2026 में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में पुलिस ने प्रदेश में अव्वल रहते हुए कुल 135 में से 135 अंक प्राप्त किए।

प्रशिक्षण | एमएलसी और जिलाधिकारी ने एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत प्रशिक्षित लाभार्थियों को वितरित किया टूलकिट

# स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित कर रही योजनाएं

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में एक जनपद एक उत्पाद ओडीओपी योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित 400 लाभार्थियों को टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा उर्फ साधू वर्मा और जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने लाभार्थियों को टूलकिट वितरित किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने पांच लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से टूलकिट प्रदान की गई, जबकि शेष लाभार्थियों को जिला विकास अधिकारी की देखरेख में जिला उद्योग केंद्र परिसर में टूलकिट वितरित की गई। एमएलसी डॉ. हरिओम पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप एक जनपद एक उत्पाद योजना युवाओं को बड़े स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोडऩे का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ आर्थिक सहयोग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना किया। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने लाभार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह मुख्यमंत्री युवा योजना सहित अन्य स्वरोजगारपरक योजनाओं का अधिकाधिक लाभ प्राप्त करें तथा शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई टूलकिट का बेहतर उपयोग करते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें।





कलेक्ट्रेट सभागार में लाभार्थियों के साथ मौजूद एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा व जिलाधिकारी ईशा प्रिया।

### लाभार्थियों को दिया गया 10 दिवसीय प्रशिक्षण

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र के माध्यम से लगभग 360 लाभार्थियों को उनके ट्रेड से संबंधित टूलकिट उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि जो लाभार्थी किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सके हैं, वह किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से संपर्क कर अपनी टूलकिट प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत लाभार्थियों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। प्रत्येक लाभार्थी को 20 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी उपलब्ध कराई गई है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत शुक्रवार को लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए आवश्यक टूलकिट प्रदान किया गया है।

## फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के टांडा थाना क्षेत्र के तेंदुआ खास गांव में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फंदे से लटका मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका की पहचान चंदा के रूप में हुई है। उसकी शादी वर्ष 2018 में राम जग के बेटे सोनू से हुई थी। दंपति का एक पांच साल का बच्चा है। मृतका के ससुर राम जग ने बताया कि उनका बेटा सोनू हरियाणा में रहता है। राम जग के अनुसार चंदा गुरुवार शाम ही मायके से लौटी थी। सुबह उसने बच्चे को स्कूल के लिए तैयार किया और फिर घर की दूसरी मंजिल पर चली गई।

न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सपा विधायक पर दर्ज केस में बहस 14 को

सुलतानपुर, अमृत विचार: कादीपुर के पूर्व सपा विधायक रामचन्दर चौधरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के खिलाफ दर्ज केस में शुक्रवार को नही हो सकी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट न्यायाधीश राकेश की अदालत मे बहस के लिए 14 मई की तारीख निर्धारित की है। 17 दिसंबर 2002 को कादीपुर के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के पास सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो जाने पर लोगों ने सड़क जामकर प्रदर्शन किया था। तत्कालीन कोतवाल शिवराज सिंह ने पूर्व सपा विधायक राम चन्दर चौधरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### मोईन हत्याकांड में सुनवाई 20 को

सुलतानपुर, अमृत विचार: मोईन अहमद हत्याकांड में जिला जज सुनील कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष से वादी के वकील शेख नजर अहमद ने बताया कोर्ट में शेष अभियोजन गवाहों के उन्मोचित करने की अर्जी दाखिल की गई है। कोर्ट ने अब मामले में सुनवाई के लिए 20 मई की तारीख नियत की है। अभियोजन के मुताबिक कोतवाली नगर के लोलेपुर निवासी मोईन अहमद की जमीन की रंजिश में छह अगस्त 2022 को पौधशाला मस्जिद के पास घरहा खुर्द में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### जेल में निरुद्ध आरोपी को राहत

सुलतानपुर, अमृत विचार: बंधुआकला थानाक्षेत्र के बबुरी में कार्यक्रम के दौरान बम से हमला करने के पूरे शीतल पांडेय का पुरवा मझना निवासी आरोपी आशीष पांडेय को अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय को सुनने के बाद सेशन जज सुनील कुमार की अदालत ने राहत देते हुए जमानत मंजूर कर ली है। बीती 25 फरवरी की घटना में बबुरी अलीगंज निवासी आरती सिंह ने बरीक्षा कार्यक्रम में आयोजित रामायण पाठ के दौरान की घटना में बम से हमला करने के आरोप में विष्णु प्रभाकर, आशीष पांडेय, ध्रुव तिवारी, उज्ज्वल सिंह व तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### महाराणा प्रताप जयंती पर आज कार्यक्रम

सुलतानपुर, अमृत विचार: महाराणा प्रताप जयंती पर 9 मई को क्षत्रिय शिक्षा समिति द्वारा क्षत्रिय भवन परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह माल्यार्पण व शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम शुरू होगा।

# टूरिस्ट बस ने तीन महिलाओं को रौंदा, एक की मौत

## डकाही बाईपास पर बकरी चराने के दौरान हुआ हादसा

लंभुआ, सुलतानपुर

अमृत विचारः लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित टूरिस्ट बस ने तीन महिलाओं को टक्कर मार दी।

हादसा डकाही बाईपास के पास उस समय हुआ, जब तीनों महिलाएं हाईवे किनारे बकरी चरा रही थीं। लोगों ने तुरंत तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय सुलतानपुर रेफर कर दिया। घायलों की पहचान बूधापुर गांव निवासी गीता (35 वर्ष) पत्नी शिवबरन, संगीता (40 वर्ष) पत्नी सिकंदर और उर्मिला (51 वर्ष) पत्नी राम प्रसाद के रूप में हुई है। हादसे में गीता का हाथ और पैर टूट गया, जबकि गंभीर रूप से घायल उर्मिला की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। संगीता का इलाज चल रहा है। टक्कर मारने के बाद बस चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। इसी दौरान हाईवे से गुजर रहे एक राहगीर ने भागती बस का वीडियो बना लिया। वीडियो के आधार पर वाहन की पहचान ट्रैवल्स एजेंसी और गाड़ी नंबर से हो गई। सूचना पर पहुंची लंभुआ कोतवाली पुलिस ने वाहन नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा फरार चालक की तलाश की जा रही है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद भीड़। ● अमृत विचार

### हादसे की शिकार रोडवेज बस से टकराई स्कॉर्पियो, नौ घायल

संवाददाता, सुलतानपुर: पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार की भोर में दोहरा सड़क हादसा हो गया। पहले एक रोडवेज बस अज्ञात वाहन से टकराकर अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा भिड़ी। इसके बाद घायलों को बस से उतारा ही जा रहा था कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने खड़ी बस में टक्कर मार दी। दोनों हादसों में कुल नौ लोग घायल हो गए। घटना के बाद एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार मऊ डिपो की जनरथ बस को चालक अवनीश पांडेय निवासी महुआर थाना कोपागंज जिला मऊ, आजमगढ़ की ओर लेकर जा रहे थे। शुक्रवार तड़के बस पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे ट्राला से टकरा गई और अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा भिड़ी। बस में करीब 33 यात्री सवार थे, जिनमें तीन लोगों को हल्की चोटें आईं। हादसे के बाद यात्रियों को बस से उतारकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो खड़ी रोडवेज बस से जा टकराई। स्कॉर्पियो चालक की पहचान आशीष कुमार पांडेय निवासी घेवरिया थाना ईटरी जिला बक्सर बिहार के रूप में हुई। हादसे में स्कॉर्पियो चालक समेत सूर्य प्रकाश, प्रतिमा सिंह, हर्षित प्रकाश, हेमंत सिंह, हार्दिक सिंह और ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से शौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज अयोध्या भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और यूपीडा की टीम मौके पर पहुंच गई। यूपीडा के सहायक सुरक्षा अधिकारी बृजपाल कनौजिया ने हाइड्रा मशीन की मदद से क्षतिग्रस्त बस और स्कॉर्पियो को हटवाकर यातायात बहाल कराया। क्षेत्राधिकारी बल्दीराय आशुतोष कुमार ने बताया कि रोडवेज बस के यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

सुलतानपुर, अमृत विचारः कुड़वार थाना क्षेत्र के कटावा गांव में शुक्रवार सुबह 45 वर्षीय युवक का शव घर की छत पर कमरे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घटना की जानकारी उस समय हुई जब पत्नी निर्मला छत पर कपड़े लेने पहुंची। मृतक की पहचान वीरेंद्र शर्मा उर्फ विक्की पुत्र हरिश्चंद्र शर्मा के रूप में हुई है। अचानक हुई घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक बाबू दयाल ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने बताया कि शव को मर्चरी भेजा गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आरोपी पिता-पुत्र की जमानत खारिज

● जगदीशपुर का बहुचर्चित मनोज सिंह हत्याकांड

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः अमेठी जिले के थाना जगदीशपुर क्षेत्र के बहुचर्चित मनोज सिंह उर्फ मक्खन हत्याकांड में जगदीशपुर थानाक्षेत्र के जगधरपुर मजरे हारीमऊ निवासी जेल मे निरुद्ध आरोपी शिवलाल पासी व दिलीप की जमानत अर्जी एडीजे संध्या चौधरी की अदालत ने खारिज कर दी। एडीजीसी पवन कुमार दूबे के मुताबिक 14 दिसंबर 2025 को वादी अजीत सिंह ने थाना जगदीशपुर में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उनके भाई मनोज सिंह उर्फ मक्खन शवदाह गृह हारीमऊ कमाल ताला पर निर्माण कार्य की देखरेख करते थे और वहीं रहते थे। सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे खून से लथपथ शव पड़े होने की सूचना दी, जिसके बाद पहचान मनोज सिंह के रूप में हुई। विवेचना के दौरान शिवलाल पासी, उसके पुत्र दिलीप व धर्मराज उर्फ डट्टू के नाम प्रकाश में आए। अभियोजन के मुताबिक मृतक का आरोपियों से विवाद हुआ था और इसी रंजिश में हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया। सहअभियुक्त दिलीप की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथौड़ी भी बरामद की थी।

### बहुचर्चित संग्रह अमीन-दोहरे हत्याकांड में अदालत में दर्ज हुए आरोपियों के पूरक बयान

● सफाई साक्ष्य को 14 मई की तिथि तय

संवाददाता, सुलतानपुर: अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना क्षेत्र में वर्ष 2023 में हुए बहुचर्चित संग्रह अमीन सुरेश यादव एवं उनके भतीजे बृजेश यादव के दोहरे हत्याकांड में शुक्रवार को अदालत में महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। एडीजे प्रथम संध्या चौधरी की अदालत में मामले के चार आरोपियों के पूरक बयान दर्ज किए गए। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सुरेश चन्द्र तिवारी ने आरोपियों के बयान दर्ज कराए। शासकीय अधिवक्ता एडीजीसी पवन कुमार दूबे ने बताया कि अदालत ने आरोपी जलालुद्दीन, मोइनुद्दीन, वशीर खान तथा हरिफूल शुक्ल के पूरक बयान दर्ज किए हैं। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने मामले में अगली कार्रवाई करते हुए सफाई साक्ष्य के लिए 14 मई की तारीख नियत की है। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में मुसाफिरखाना क्षेत्र में संग्रह अमीन सुरेश यादव और उनके भतीजे बृजेश यादव की हत्या की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। दोहरे हत्याकांड को लेकर क्षेत्र में लंबे समय तक तनाव का माहौल बना रहा। पुलिस विवेचना के बाद जलालुद्दीन समेत कुल 13 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था, जिनके विरुद्ध वर्तमान में सुलतानपुर की अदालत में विचारण चल रहा है। मामले की सुनवाई लगातार जारी है और अब अदालत में सफाई साक्ष्य की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है, जिसे मुकदमे के अंतिम चरण की महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है।

### गैर इरादतन हत्या के प्रयास में डॉक्टर की गवाही पूरी

लंभुआ थाना क्षेत्र के हाटा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट के मामले में शुक्रवार को एडीजे तृतीय राम प्रताप सिंह राणा की अदालत में सुनवाई हुई। मामले में अभियोजन पक्ष के चौथे गवाह डॉक्टर आर.के. वर्मा की गवाही दर्ज की गई। अभियोजन के अनुसार 12 जून 2022 को वादी मोहन वर्मा ने लंभुआ थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के इन्द्रजीत वर्मा, राजाराम, धर्मेन्द्र उर्फ बब्लू, राजपति व डब्लू रंजिशन उनके घर के सामने पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने लाठी-डंडा, जूता व बल्लम से हमला कर दिया, जिसमें सूरज वर्मा समेत कई लोग घायल हो गए थे। मामले में पुलिस द्वारा राजाराम व राजपति के खिलाफ चार्जशीट अदालत में दाखिल की जा चुकी है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुरेश चन्द्र तिवारी ने गवाह डॉक्टर आर.के. वर्मा से जिरह की। जिरह पूरी होने के बाद कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य तलब करते हुए सुनवाई को 22 मई की तारीख नियत की है।

### पूर्व विधायक के केस में सुनवाई टली

पूर्व विधायक और सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनूप संडा के खिलाफ विचाराधीन आदर्श चुनाव आचार संहिता मामले में गवाह नहीं आने से सुनवाई टल गई। एमपी- एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने गवाह तलब कर 19 मई को फिर सुनवाई नियत की है। केएनआईटी के पास स्थित मंदिर के पास 20 फरवरी 2022 को बिना अनुमति चुनावी जनसभा कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन करने के मामले में ये मुकदमा दर्ज हुआ था।

### पंखे में उतरे करंट से महिला की मौत

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः थाना क्षेत्र के ग्राम खालिसपुर डींगुर (गोदमिया) में शुक्रवार सुबह फर्राटा पंखे में करंट उतरने से 30 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान नीसा कुमारी पत्नी अरविंद गौतम के रूप में हुई है। बताया गया कि अरविंद गौतम बिजली विभाग में आउटसोर्सिंग कर्मचारी हैं और सुबह ड्यूटी पर चले गए थे। इसी दौरान स्नान के बाद भीगे कपड़ों में नीसा कुमारी फर्राटा पंखे के पास पहुंचीं, तभी उनका हाथ पंखे से छू गया और करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गईं। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की शादी वर्ष 2021 में हुई थी और उनका चार वर्षीय पुत्र पीयूष है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# गंगा दशहरा को लेकर प्रशासन अलर्ट

● एसडीएम प्रीति जैन ने धोपाप धाम का किया निरीक्षण

लंभुआ, सुलतानपुर

अमृत विचारः गंगा दशहरा पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। शुक्रवार को प्रीति जैन ने धोपाप धाम पहुंचकर तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई।

एसडीएम ने बैरिकेडिंग, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, पार्किंग, साफ-सफाई, गोताखोरों की तैनाती तथा पुलिस बल की मौजूदगी को लेकर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंगा दशहरा पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु धोपाप धाम पहुंचते हैं, इसलिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रीति जैन ने बताया कि 25 मई को गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए धोपाप धाम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई है। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। गौरतलब है कि गंगा दशहरा के अवसर पर धोपाप धाम में स्नान के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। ऐसे में प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। निरीक्षण के दौरान राजस्व निरीक्षक कृपा निधान गुप्ता, लेखपाल सुरेश कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, शुभम सोनकर, वीरू सिंह समेत राजस्व और पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।



धोपाप का निरीक्षण करते एसडीएम। ● अमृत विचार

### सुलतानपुर में फिर चलेगा रंगमंच का जादू

सुलतानपुर, अमृत विचारः जनपद में लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर रंगमंचीय गतिविधियों का शुभारंभ होने जा रहा है। आगामी 10 मई 2026 दिन रविवार को सायं 7 बजे पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में चर्चित नाटक "ताजमहल का टेंडर" का मंचन किया जाएगा। नाटक के लेखक अजय शुक्ला हैं, जबकि निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी एवं फिल्म निर्देशक डॉक्टर संजय श्रीवास्तव कर रहे हैं। मंचन का आयोजन नाट्य संस्था "अभिनय" द्वारा किया जा रहा है। नाटक में मुख्य भूमिकाओं में डॉक्टर संजय श्रीवास्तव, शिवमनाथ रावत, अजय देवल, जुनैद राइन, सुमेर भारती, अरुण त्यागी, संध्या श्रीवास्तव एवं पल्लवी तिवारी अभिनय करते नजर आएंगे।

# वरिष्ठ कोषाधिकारी के पैन पर फर्जी खाते और जीएसटी फर्म

● पुलिस अधीक्षक से शिकायत साइबर थाने में मुकदमा दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः साइबर ठगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वरिष्ठ कोषाधिकारी के पैनकार्ड का उपयोग कर फर्जी खाते और जीएसटी फर्म बना ली। मामले की जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी को उस समय हुई जब वह आईटीआर दाखिल करने गए थे।

दीपक कुमार तिवारी ने बताया कि उनके सीए ने बताया कि उनके पैनकार्ड से यस बैंक में एफडी हुई है जिसके जरिए ब्याज क्रेडिट हुआ है। साथ ही उनके नाम पर नई दिल्ली के दरियागंज और मोतीनगर शाखा में दो चालू खाते भी संचालित हो रहे हैं। इतना ही नहीं, उनके पैन नंबर का इस्तेमाल कर "अर्जुन इंटरप्राइजेज" नाम से जीएसटी फर्म भी पंजीकृत करा ली गई। फर्म का पता दिल्ली के लॉरेंस रोड क्षेत्र का बताया गया है। आरोप है कि फर्म के जरिए खरीद-बिक्री और रिटर्न फाइलिंग जैसी गतिविधियां भी की गईं। मामले में एक और खुलासा हुआ कि कैपिटल स्मॉल फाइनेंस बैंक के खाते से भी उनके पैन से ब्याज क्रेडिट हुआ है। वरिष्ठ कोषाधिकारी का कहना है कि इन खातों और फर्म से उनका कोई संबंध नहीं है तथा यह सब उनकी जानकारी के बिना किया गया। एसपी के निर्देश पर मामले को गंभीर मानते हुए साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अब बैंक खातों, जीएसटी रजिस्ट्रेशन और संबंधित दस्तावेजों की जांच कर यह पता लगाने में जुटी है कि पैन कार्ड का दुरुपयोग किसने और किस उद्देश्य से किया है।

# 1.96 करोड़ की परियोजना का हुआ शिलान्यास

● धोपाप धाम के पर्यटन विकास का विधायक ने किया शुभारंभ

लंभुआ, सुलतानपुर

अमृत विचारः धोपाप धाम को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। शुक्रवार को लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा व प्रदेश महामंत्री भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रवींद्र त्रिपाठी ने 1.96 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले पर्यटन विकास कार्यो का शिलान्यास किया। इस परियोजना से धाम में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।परियोजना का निर्माण कार्य पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के तहत जल निगम की सीएंडडीएस यूनिट-44, अयोध्या को सौंपा गया है। पर्यटन अनुभाग-1 लखनऊ द्वारा 19 मार्च 2026 को इस योजना के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई थी।

स्वीकृत योजना के अंतर्गत धाम परिसर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुउद्देशीय हॉल भवन बनाया जाएगा। भवन के भूतल पर मल्टीपरपज हॉल, कॉरिडोर, महिला एवं पुरुष शौचालय तथा सीढ़ियों का निर्माण होगा। प्रथम तल पर अटैच्ड टॉयलेट से युक्त छह गेस्ट रूम, ओपन टेरेस, सुलभ प्रसाधन, पेयजल सुविधा विकसित किए जाएंगे।शिलान्यास समारोह में विधायक सीताराम वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धोपाप धाम को राष्ट्रीय स्तर के धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।कार्यक्रम में भाजपा नेता लक्ष्मीकांत दूबे, प्रदेश महामंत्री भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रवींद्र त्रिपाठी, शुभम सोनकर, संजय सिंह बबलू सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।



परियोजना का शिलान्यास करते विधायक व व्यापारी नेता।


**इसरावती देवी महाविद्यालय**
**कम्मरपुर, हरीपुर, सुलतानपुर**

**में आवश्यकता है-**

परास्नातक स्तर पर एम0ए0 (हिन्दी, समाजशास्त्र, भूगोल, गृहविज्ञान एवं अंग्रेजी) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद तथा एम0एस0सी0 (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद
योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय–**वीरेन्द्र मिश्र**
मो0नं0–6306111178

**श्रीमती श्यामा देवी हर्ष महाविद्यालय**
**भवानीगढ़, रैंचा-सुल्तानपुर (उ0प्र0)**

**आवश्यकता है-**

**प्राचार्य 01 पद**
परास्नातक स्तर पर एमए पाठ्यक्रम में हिंदी, शिक्षा शास्त्र, गृह विज्ञान विषयों में प्रवक्ता 02–02।
स्नातक स्तर पर बीए पाठ्यक्रम में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गृह विज्ञान, भूगोल, प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, समाज शास्त्र विषयों में प्रवक्ताओं की 01–01 पद।
**योग्यता एवं वेतनमान** – यू.जी.सी., एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यथ्र्ञ विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करें।

**प्रबंधक,**
मो0– 8400080888, 9670897000

**NOTICE**

is hereby informed on behalf of my client, Jana Small Finance Bank Limited, Ground and First Floor, Property No. 8.2.25, Rikabganj, Ayodhya-Faizabad, that Mr. Vishal, son of Vijay Shankar Gupta, has applied for a home loan. In this regard, it is stated that through a registered sale deed dated 06.05.2016, Book No. 1. Volume No. 6474, Page No. 173/200, Serial No. 3399, relating to Village Faizabad Rural, Pargana Haveli Avadh, Tehsil Sadar, District Ayodhya, land bearing Gata No. 60, area 129.65 sq. meters, Khushiram, son of Algu, sold the property to Mahip Singh, son of Chandrapal Singh. The said property is proposed to be mortgaged for the loan, but the document has been misplaced. Therefore, if any person, bank, or institution has any objection to mortgaging the said property. they must submit their objection within 7 days of this publication to the undersigned Sachin Shankar (Advocate), Shed No. 3, Civil Court, Faizabad, Mobile 8299765176, or to Jana Small Finance Bank Limited, Ground and First Floor, Property No. 8.2.25, Rikabganj, Ayodhya-Faizabad. If no objection is received within the stipulated time, it will be presumed that no person, bank, or institution has any objection to mortgaging the said property.
**Sachin Shankar, Advocate**
**Shed No 3, Civil Court, Faizabad,**
**Mobile: 8299765176**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच।**

**पत्रांक: 158/रा0वि0आ0–पा0नि0/ नि0कार्य/ई–टेण्डर/2026–27 दिनांक: 7 मई, 2026**
**ई–निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक: 157/रा0वि0आ0–पा0नि0/ नि0कार्य / ई–टेण्डर/2026–27 दिनांक: 07 मई, 2026 द्वारा रा0वि0आ0/ पा0नि0 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 के स्वीकृत निर्माण कार्यो में से रु0 10.00 लाख से अधिक लागत के 01 निर्माण कार्यो हेतु जी0एस0टी0 रहित आनलाइन निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 08 मई, 2026 को अपरान्ह 02: 30 बजे से दिनांक 29 मई, 2026 को अपरान्ह 03: 30 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2025–26 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ–साथ अन्य विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर निर्धारित नियम व शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्यो की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस0/ नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद, बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता सं0–50383894033 IFSC Code IDI8000C601 में आनलाइन जमा की जायेगी अथवा एफ0डी0आर0/ टी0डी0आर0/एन0एस0सी0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद (बैंक स्टेटमेन्ट), हैसियत / चरित्र प्रमाण पत्र/पंजीकरण प्रमाण–पत्र इत्यादि) को ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 29 मई, 2026 को अपरान्ह 04: 00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई–निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई–टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बन्धित निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

**(प्रमिता सिंह)** **अधिशाषी अधिकारी** नगर पालिका परिषद बहराइच।

**(सुधा देवी)** **अध्यक्ष** नगर पालिका परिषद बहराइच।

**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो बेटे विपिन कुमार सिंह उम्र करीब 28 वर्ष एवं सचिन कुमार सिंह उम्र करीब 25 वर्ष हैं। बड़े बेटे विपिन कुमार सिंह का चाल चलन ठीक नहीं है। वह मेरे कहने सुनने में भी नहीं है। यदि किसी भी व्यक्ति से कोई लेनदेन, रजिस्ट्री बैनामा, रेहन अथवा झगड़ा विवाद इत्यादि करता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी विपिन कुमार सिंह की होगी। मुझसे कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। मैं अपने बड़े बेटे विपिन कुमार सिंह को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। मेरी किसी भी संपत्ति पर उसका कोई हस्तक्षेप अथवा अधिकार नहीं होगा। मैं उक्त सूचना खूब सोच विचार कर स्वस्थ चित्त मन से बिना किसी डर व दबाव के प्रकाशित करवा रहा हूं। **– भारत शरण सिंह, पुत्र श्री विजय कुमार सिंह, निवासी ग्राम व पोस्ट – खानपुर, थाना – खण्डासा, तहसील – मिल्कीपुर, जनपद – अयोध्या। मो.** 8881448538

**NOTICE**
My daughter Anjali Kumari's name has been mistakenly written as Anjali Roy on her 2024 high school marksheet (UID number 8192121), whereas her correct name is Anjali Kumari. She is known by this name and this is the name that appears on all her documents. - **Surendra Kumar, son of Santraj Paswan, resident of village Mahadev, Jharkhandi, Gorakhpur**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी विजय पंजवानी पुत्र शंकर लाल पंजवानी निवासी 83, मालवीय नगर, पुराना सीएमएस विद्यालय, गोंडा ने अपना नाम बदलकर विजय कुमार पंजवानी पुत्र शंकर लाल पंजवानी कर लिया है। भविष्य में प्रार्थी को विजय कुमार पंजवानी पुत्र शंकर लाल पंजवानी के नाम से जाना पहचाना जाए। **प्रार्थी विजय कुमार पंजवानी पुत्र शंकर लाल पंजवानी निवासी 83 मालवीय नगर पुराना सीएमएस विद्यालय गोंडा**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे हाई स्कूल का अंक पत्र, रोल no- 0019461और इंटरमीडिएट का अंक पत्र, रोल no-047417, कहीं गुम हो गये हैं जिसे प्राप्त हो निम्न पते पर भेज दे। नीरज गर्ग A-105/106 SILVERLINE APARTMENT CHINHAT LUCKNOW 226028

**सूचना**
मैं संचित अग्रवाल, पुत्र श्री रवि अग्रवाल, सूचित करता हूँ कि मेरा मूल Allotment Cum Booking Application Letterए जो M/s RG Residency Pvt- Ltd- द्वारा दिनांक 23–05–2011 को जारी किया गया था, संबंधित लीज होल्ड यूनिट संख्या F-905, टावर–F, RG Residency, प्लॉट संख्या GH-02, सेक्टर–120, नोएडा (गौतम बुद्ध नगर), कहीं खो गया है। यदि किसी को इस संबंध में कोई दावा हो तो कृपया संपर्क करें। डुप्लिकेट दस्तावेज़ हेतु कार्यवाही की जाएगी। **नाम: संचित अग्रवाल मोबाइल नंबर–9532329553**

**सूचना**
ग्राम–सरेठी (जनपद–अयोध्या) स्थित भूमि की मूल विक्रय विलेख (Sale Deed), जो दिनांक 10/09/2021 को उप निबंधक कार्यालय, सदर अयोध्या में बही संख्या–1, जिल्द संख्या–9452, पृष्ठ संख्या 111 से 132, क्रमांक–9328 पर पंजीकृत है, खो गई है। उक्त विलेख के विक्रेता लवकुश, अभिराजी एवं सीमा तथा क्रेता हरिगोविंद हैं। इस मूल दस्तावेज के आधार पर किया गया कोई भी लेन–देन पूर्णतः अवैध माना जाएगा। यदि किसी को यह मूल विलेख प्राप्त हो, तो कृपया नीचे दिए पते पर वापस करें:– **पता– उत्कर्ष काम्प्लेक्स, जनौरा मोबाइल:** 9643145589

**सूचना**
ग्राम–सरेठी (परगना–हवेली अवध, जनपद–अयोध्या) स्थित भूमि की मूल विक्रय विलेख (Sale Deed), जो दिनांक 11/05/2022 को उप निबंधक कार्यालय, सदर अयोध्या में बही संख्या–1, जिल्द संख्या–9885, पृष्ठ संख्या 29 से 48, क्रमांक–4463 पर पंजीकृत है, खो गई है। उक्त विलेख के विक्रेता रमेश कुमार वर्मा तथा क्रेता हरिदास वर्मा हैं। इस मूल प्रति के आधार पर किया गया कोई भी लेन–देन पूर्णतः अवैध माना जाएगा। यदि किसी को यह मूल विलेख प्राप्त हो, तो कृपया नीचे दिए पते पर वापस करें। **पता: उत्कर्ष काम्प्लेक्स, जनौरा मोबाइल:–** 9643145589

**सूचना**
मैंने अपना नाम आकांक्षा से बदलकर अपना नाम आकांक्षा यादव रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना–पहचाना जाय। **आकांक्षा यादव पुत्री हरविलास सिंह निवासी––75 नागला लच्छी उसराहर इटावा, उ0प्र0**

**सूचना**
मै **राम सागर यादव सुत स्व0 श्री गयादीन यादव, निवासी मिश्राने, गौहानी पो0– बहरौली, जिला– सुलतानपुर,** यहकि मेरे पुत्र अनुराग यादव के आधार कार्ड जिसका नं0–4015 4938 9081 है, जिसमें मेरे पुत्र की जन्मतिथि त्रुटिवस 25–07–2007 अंकित है जो कि गलत है। जबकि हाई स्कूल के अंक पत्र में एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र की जन्म तिथि 25–07–2008 अंकित है, जो कि सही है। अतः मेर पुत्र अनुराग यादव की जन्म तिथि का संशोधन आधार कार्ड में, हाई स्कूल के अंक पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार 25–07–2008 किया जाय।

**NOTICE**
It is hereby informed to the general public that I have changed my name from WASHIULLAH to MOHD VASIULLAH SHAH. In the future, I shall be known and recognized by the MOHD VASIULLAH SHAH S/O NOOR MOHAMMAD
**Address: VILL & POST-MASAICHA, PS-SHIV NAGAR DIDAI, SIDDHARTH NAGAR, UP**
**Note: OLD NAME-: WASHIULLAH NEW/CHANGED NAME: MOHD VASIULLAH SHAH**

**सूचना**
मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2021 रोल नंबर 211366395 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2023 रोल नंबर 2236173861 के प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं। **साहिल पुत्र देवेन्द्र सिंह ग्राम– पुर्वा खागन–पोस्ट– हरवंशपुर –तहसील– बिधूना– जनपद– औरैया**

# युवक ने वंदे भारत ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

## मनकापुर-अयोध्या रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत हालत में मिला शव

संवाददाता नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** वंदे भारत ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के कनकपुर गांव निवासी पंचम (30) का शव बृहस्पतिवार रात मनकापुर-अयोध्या रेलवे ट्रैक पर गांव के पास क्षत-विक्षत हालत में पड़ा मिला। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन के पायलट ने स्टेशन पर सूचना दी थी कि रात्रि में 9.10 बजे एक युवक ट्रेन के आगे रेलवे लाइन पर लेट गया, जिससे उसकी कटकर मौत हो गई।



पंचम (फाइल फोटो)

**पिकअप-ट्रक भिड़ंत व ट्रेलर पलटने से चार घायल: नवाबगंज:** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। दोनों घटनाओं में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य कराया। पहली घटना थाना क्षेत्र लौव्वाबीरपुर गांव स्थित नवाबगंज-कर्नलगंज मार्ग पर सुबह करीब 10 बजे हुई। तरबगंज की ओर से नवाबगंज आ रही एक पिकअप वाहन की सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि वाहन में सवार लोगों को गंभीर चोटें नहीं आईं। हादसे में पिकअप चालक अंकित शुक्ला निवासी मिश्री पुरवा, जनपद बाराबंकी घायल हो गए। उनके साथ वाहन में सवार सचिन शुक्ला और अभिजीत शर्मा निवासी त्रिवेदीगंज, बाराबंकी को भी मामूली चोटें आईं। चालक अंकित शुक्ला ने बताया कि वह कस्बे में एक निजी कंपनी की बैठक में शामिल होने जा रहे थे। दुर्घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों ने ट्रक का पीछा किया। बताया गया कि ट्रक चालक बल्लीपुर गांव के पास वाहन छोड़कर फरार हो गया। थाना प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। दूसरी घटना दत्तनगर गांव के राजाराम चौराहे के पास हुई, जहां गिट्टी लेकर लौट रहा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रेलर चालक सुभाष पाल (22) पुत्र शिवचंद निवासी लिलरा गाजीपुर, थाना फतेहपुर वाहन के अंदर फंस गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभय सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और चालक को सुरक्षित बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया।

### हादसों में दो युवकों की इलाज के दौरान मौत

**नवाबगंज, गोंडा :** दो अलग-अलग सड़क हादसों में घायल दो युवकों की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर एक मामले में नामजद बाइक चालक और दूसरे में अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के भोपतपुर के महावीरन पुरवा निवासी गौरी शंकर ने बताया कि एक मई की शाम करीब सात बजे उनके चाचा राम मनोहर यादव (58) साइकिल से दूध लेकर पंडित पुरवा गांव जा रहे थे। पंडित पुरवा गेट के पास सामने से तेज रफ्तार बाइक सवार विनोद निवासी भोपतपुर ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में राम मनोहर यादव गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दूसरी घटना गोरखपुर-लखनऊ फोरलेन मार्ग पर लोलपुर ओवरब्रिज के पास हुई। बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र के देवखर मिश्र गांव निवासी रविशंकर ने बताया कि दो मई की दोपहर को उनके भाई सुनील कुमार अपनी साली प्रिया को बाइक से अयोध्या से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सुनील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि प्रिया भी घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अयोध्या मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान सुनील कुमार की मौत हो गई। प्रिया का इलाज जारी है।

# शिकायतों के निस्तारण में गोंडा पुलिस प्रदेश में अव्वल

आईजीआरएस

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में गोण्डा पुलिस ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है।

अप्रैल 2026 की जारी रैंकिंग में गोण्डा पुलिस को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान मिलने पर पुलिस महकमे में खुशी की लहर है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के नेतृत्व में जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण को लेकर किए जा रहे प्रयासों का यह परिणाम माना जा रहा है। रैंकिंग जारी होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों और आईजीआरएस शाखा की टीम की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा प्रतिमाह शासन स्तर पर की जाती है। शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता और शिकायतकर्ता से प्राप्त फीडबैक के आधार पर जिलों की रैंकिंग तय होती है। इसी के आधार पर गोंडा पुलिस को प्रदेश भर में अव्वल रखा गया है। गोंडा पुलिस की ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे महकमें खुशी की लहर है।

समय सीमा के भीतर संतोषजनक निस्तारण न होने पर शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में दर्ज हो जाती है। इस उपलब्धि में आईजीआरएस शाखा प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार चौधरी के साथ उपनिरीक्षक रामसुंदर, आरक्षी वीपी कुमार, आरक्षी चंद्रगुप्त मौर्य, आरक्षी चंदन प्रसाद, आरक्षी राम नरेश, महिला आरक्षी शिखा वर्मा, महिला आरक्षी अनीता गुप्ता, महिला आरक्षी प्रीति, महिला आरक्षी दीपा कुशवाहा और महिला आरक्षी नैंसी गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी लोगों ने पूरी मेहनत और लगन से काम करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी मेहनत और लगन से कार्य करते हुए जनशिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस सफलता को गोण्डा पुलिस की जनसरोकारों के प्रति संवेदनशील कार्यशैली का प्रमाण माना जा रहा है।

### आईजीआरएस रैंकिंग में मनकापुर तहसील प्रदेश में प्रथम

**मनकापुर, गोंडा :** जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण में मनकापुर तहसील ने अप्रैल की आईजीआरएस रैंकिंग में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। प्रदेश स्तर पर हुई मॉनिटरिंग में मनकापुर तहसील को शिकायतों के शत-प्रतिशत गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए 100 में 100 अंक प्राप्त हुए जिसके आधार पर तहसील को प्रदेश में नंबर वन रैंक मिली है। इस उपलब्धि से तहसील प्रशासन में खुशी का माहौल है। अधिकारियों ने इसका श्रेय जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और राजस्व विभाग की टीम की निरंतर मेहनत को दिया है। तहसीलदार सुभद्र प्रसाद ने बताया कि आगे भी प्रत्येक माह आईजीआरएस निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान बनाए रखने के लिए पूरी टीम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

# आमने-सामने भिड़ीं मोटरसाइकिलें महिला समेत तीन लोग हुए घायल

संवाददाता करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** बरगदी-चचरी मार्ग पर शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद एक बाइक में शार्ट सर्किट से आग लग गई और वह पूरी तरह जलकर राख हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पारा के पास शुक्रवार करीब 11 बजे ग्राम घरकुइयां निवासी अंकित यादव अपनी स्प्लेंडर बाइक पर दूध बेचकर घर लौट रहे थे। उसी दौरान ग्राम पारा नयापुरवा निवासी बड़कऊ अपनी पत्नी चन्द्रा के साथ बाइक से करनैलगंज बाजार जा रहे थे। मोड़ पर दोनों बाइकें आमने-सामने टकरा गईं। हादसे में तीनों लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद अंकित यादव की बाइक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बाइक धू-धू कर जलने लगी और पूरी तरह नष्ट हो गई। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज भिजवाया, जहां उनका उपचार किया गया। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं।



दुर्घटना के बाद जलती बाइक। अमृत विचार

### लोक अदालत आज, निस्तारित होंगे कई केस

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला दुर्ग नरायन सिंह के निर्देशन में नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोंडा की सचिव अंकिता सिंह ने बताया कि प्रशासन, बैंकिंग व न्याय विभाग के द्वारा कुल मिलाकर अब तक लगभग डेढ़ लाख मुकदमों को निस्तारण के लिए चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन सुबह 10 :00 बजे जनपद न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह करेंगे। लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व एससीपीएम मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल चेकअप कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है। हेल्थ कैंप में अधिकारियों, अधिवक्ताओं व वादकारियों का रुटीन चेकअप किया जाएगा एवं मुफ्त दवा का भी वितरण किया जाएगा।

### एसडीएम ने चिन्हित की भूमि, बनेंगे चार हेलीपैड

**करनैलगंज, अमृत विचार :** अब प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर आपातकालीन सेवा के लिए हेलीकॉप्टर उतारने की व्यवस्था को लेकर हेलीपैड का निर्माण करने की तैयारी हो चुकी है। करनैलगंज तहसील के चार ब्लाकों में से तीन ब्लाकों में स्थल का चिन्हीकरण हो चुका है। वहीं करनैलगंज के सकरौरा ग्रामीण में स्थल चिन्हित करने का काम किया जा रहा है। उप जिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने बताया कि शासन द्वारा प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर हेलीपैड बनाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में लोक निर्माण विभाग को हेलीपैड का निर्माण करना है विभाग द्वारा हेलीपैड स्थल की जमीन चिन्हित करने के लिए संपर्क किया। जिसमें परसपुर ब्लॉक में ग्राम बलमत्थर, हलधरमऊ ब्लाक में रेरुआ और कटरा बाजार ब्लॉक में ग्राम भदैया में हेलीपैड बनाने की जमीन चिन्हित की गई है। करनैलगंज ब्लॉक में सकरौरा ग्रामीण या शहरी में जमीन की तलाश की जा रही है। जल्द ही जमीन चिन्हित कर हेलीपैड निर्माण को हरी झंडी दे दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी हेलीपैड ब्लॉक मुख्यालय के नजदीक बनाए जा रहे हैं।

### डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**नवाबगंज, गोंडा :** नवाबगंज-बस्ती मार्ग पर तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के सांड़पुर गांव निवासी मनोज सिंह ने बताया कि उनके छोटे भाई शैलेश सिंह बृहस्पतिवार को तरबगंज क्षेत्र के अमदही गांव स्थित अपनी बहन के घर जा रहे थे। इसी दौरान नवाबगंज-बस्ती मार्ग पर दोपहर में करीब डेढ़ बजे जफरापुर गांव स्थित वेदान्त अस्पताल के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई। हादसे में शैलेश सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल उपचार के लिए अयोध्या मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि घायल के भाई की तहरीर पर अज्ञात डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

# रेलवे कर्मचारियों को दिए संरक्षा के टिप्स

शंटिंग मेला अभियान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** सुरक्षित रेल संचालन को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की ओर से स्थानीय रेलवे स्टेशन और क्रू लॉबी में शंटिंग मेला अभियान एवं संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। अभियान के जरिए रेलवे कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य प्रणाली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के निर्देशन तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कन्नौजिया के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विद्युत क्रू लॉबी में करीब 50 लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और शंटरों को सुरक्षित शंटिंग कार्य के नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। कर्मचारियों को सिग्नलों के सही अनुपालन, रूट एवं प्वाइंट्स की सावधानीपूर्वक जांच, बीपी प्रेशर सुनिश्चित करने तथा टी/806 फॉर्म में दिए गए निर्देशों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। संयुक्त कार्यालय में आयोजित संरक्षा सेमिनार में लगभग 70 शंटिंग स्टाफ ने हिस्सा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने मानव त्रुटियों को कम करने, प्रभावी संचार व्यवस्था बनाए रखने और सतर्कता बरतने पर विशेष जोर दिया। अभियान के तहत गुड्स परीक्षण यार्ड, रोलिंग स्टाफ और इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों की विशेष काउंसिलिंग भी की गई। गर्मी के मौसम को देखते हुए कर्मचारियों को सावधानीपूर्वक कार्य करने, पर्याप्त विश्राम लेने तथा मानसिक एवं शारीरिक रूप से फिट रहने की सलाह दी गई।रेलवे प्रशासन ने सभी कर्मचारियों से पूर्ण सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया।



शंटिंग स्टाफ को संरक्षा नियमों की जानकारी देते वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी। अमृत विचार

# मजदूरी कर पत्नी को बनाया एएनएम अब पति के साथ रहने से कर रही इनकार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** जिले में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसकी तुलना लोग चर्चित "ज्योति मौर्या प्रकरण" से कर रहे हैं। मोतीगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने मजदूरी कर, भैंस और गन्ना बेचकर पत्नी को एएनएम का कोर्स कराया, लेकिन अब नौकरी मिलने के बाद पत्नी उसके साथ रहने को तैयार नहीं है। पीड़ित पति ने अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुए पढ़ाई में खर्च किए गए रुपये और जेवर वापस दिलाने की मांग की है।


मामला मोतीगंज थाना क्षेत्र के चपरतल्ला कौरहे गांव निवासी 28 वर्षीय राजेश कुमार वर्मा पुत्र परशुराम वर्मा का है। राजेश का आरोप है कि उसने पंजाब में रहकर मजदूरी और लोहे की पल्लेदारी कर अपनी पत्नी रेनू वर्मा की पढ़ाई पूरी कराई। इसके लिए उसने दो भैंसें बेचीं, गन्ना बेचा और करीब डेढ़ लाख रुपये ऑनलाइन भेजे। अब पत्नी एएनएम कोर्स पूरा कर अस्पताल में काम करने लगी है, लेकिन उसके साथ घर आने को तैयार नहीं है। राजेश ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2001 में पिपरा लालच गांव निवासी राम उजागर की पुत्री रेनू वर्मा से हुई थी।



फरियाद लेकर एसपी कार्यालय पहुंचा पति।

### शिव धनुष भंग और सिया-राम विवाह प्रसंग सुनकर भाव-विभोर हुए भक्त

**कटरा बाजार, गोंडा :** कटरा बाजार क्षेत्र के पैड़ीबरा गांव स्थित सम्मय माता मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति की अविरल धारा बही। कथा व्यास श्री राजन जी महाराज ने भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए शिव धनुष भंग और सिया-राम विवाह का पावन प्रसंग सुनाया, जिसे सुनकर पांडाल में मौजूद श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा व्यास ने बताया कि मिथिलापुरी में आयोजित स्वयंवर में जब बड़े-बड़े महारथी भगवान शिव के दिव्य धनुष को हिला तक नहीं सके, तब गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने सहज भाव से धनुष उठाकर उसका भंजन कर दिया। धनुष टूटते ही पूरी जनकपुरी हर्षोल्लास से गूंज उठी और माता सीता ने प्रभु श्रीराम को वरमाला पहनाई। राजन जी महाराज ने कहा कि श्रीराम-सीता विवाह केवल दो व्यक्तित्वों का मिलन नहीं, बल्कि धर्म, मर्यादा और आदर्श जीवन का दिव्य संदेश है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, सत्य और कर्तव्य पालन की साक्षात प्रेरणा है। भजन और कथा के भावपूर्ण प्रवाह के बीच महिलाओं एवं युवाओं ने भक्ति गीतों पर झूमकर अपनी आस्था प्रकट की। इस अवसर पर कटरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भवानीभीख शुक्ला, श्री भगवान शुक्ल, कृष्ण भगवान शुक्ल, विपिन तिवारी, शिव शरण पाण्डेय, ओम कुमार तिवारी, विकास मिश्र, प्रेम प्रकाश तिवारी, उमेश तिवारी, तिलक राम आदि रहे।



कथा सुनाते राजनजी

### स्पष्टीकरण नोटिस वापस लेने की मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार:** एक सप्ताह पहले छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन उपस्थित न दिए जाने के मामले में प्रधानाध्यापकों से मांगे गए स्पष्टीकरण को लेकर उ प्र प्राथमिक शिक्षक संघ की शाखा ब्लॉक रुपईडीह के अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी व मंत्री राजेश कुमार तिवारी की अगुवाई में शिक्षक शिक्षिकाओं ने एकत्र होकर ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी शशांक कुमार सिंह को ज्ञापन देकर स्पष्टीकरण वापस लिए जाने की की है। कहा गया कि नोटिस वापस ली जानी चाहिए। चंद्रभान वर्मा, उमाशंकर, रमेश शुक्ल, तेजभान, इंदुबाला, मोहित, अजय कुमार,देवेंद्र, मुकेश आदि लोग शामिल रहे।

# किसानों के लिए खुशखबरी, मुफ्त में मिलेगा मिलेट्स बीज मिनीकिट

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले के किसानों को खरीफ सीजन 2026 में मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क मिलेट्स बीज मिनीकिट उपलब्ध कराए जाएंगे। कृषि निदेशालय उत्तर प्रदेश की ओर से जारी निर्देश के बाद कृषि विभाग ने योजना को अमल में लाने की तैयारी शुरू कर दी है। इससे जिले के हजारों किसानों को कम लागत में बेहतर उत्पादन का अवसर मिलेगा और उनकी आय बढ़ाने की नई संभावनाएं खुलेंगी।उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले के किसानों को ज्वार, बाजरा, कोदो, सांवा, मडुआ (रागी), काकुन और कुटकी के उन्नत बीज निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। योजना के तहत ज्वार के दो किलोग्राम, बाजरा के एक किलोग्राम, कोदो के तीन किलोग्राम, सांवा के दो किलोग्राम, मडुआ के तीन किलोग्राम, काकुन के तीन किलोग्राम और कुटकी के तीन किलोग्राम पैकिंग वाले मिनीकिट उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रत्येक मिनीकिट 0.2 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए निर्धारित किया गया है। जिला कृषि विभाग ने विकासखंड स्तर पर किसानों की बुकिंग प्रक्रिया शुरू करा दी है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक सभी ब्लॉकों में कृषि कर्मियों को लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है और 10 मई 2026 तक शत-प्रतिशत बुकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए गांव-गांव प्रचार-प्रसार भी कराया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक किसान योजना का लाभ उठा सकें।कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि मिलेट्स की खेती कम पानी और कम लागत में बेहतर उत्पादन देने वाली फसल है। इसकी बाजार में मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में किसानों के लिए यह योजना फायदेमंद हो सकती है।

समीक्षा

देवीपाटन मंडल की कमिश्नर दुर्गा शक्ति नागपाल ने आमजन से किया सीधे संवाद

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर आयुक्त सख्त

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार:** देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने श्रावस्ती जनपद के दौरे के दौरान जनसुनवाई, विभागीय समीक्षा, निर्माण कार्यों के निरीक्षण तथा संध्या संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग कर आमजन से सीधे संवाद किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आयुक्त ने जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के साथ आमजन की समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया। जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा भी की। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी, राहत सामग्री की उपलब्धता तथा विभिन्न विभागों के समन्वय की जानकारी प्राप्त की। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु सभी व्यवस्थाएं पूर्व से ही सक्रिय एवं सुदृढ़ रखी जाएं। आयुक्त ने सभी विभागों के कर्मचारियों एवं पेंशनरों (वरिष्ठ नागरिकों) की विभागीय एवं पेंशन संबंधी समस्याओं की भी सुनवाई की। कई पेंशनधारकों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा जीपीएफ, पेंशन एवं अन्य देयकों के भुगतान लंबित होने की शिकायत प्रस्तुत की गई। इस पर आयुक्त ने संबंधित विभागों के कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सभी लंबित देय भुगतान प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र सुनिश्चित किए जाएं। आयुक्त ने जनपद में विभिन्न निर्माणाधीन एवं नवनिर्मित परियोजनाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने राजस्व विभाग के कर्मियों के लिए बनाए गए आवासों का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने श्रावस्ती में संचालित पर्यटन विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की परख की साथ ही दिशा-निर्देश दिए।



कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई करतीं आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल। अमृत विचार

### गेहूं की बोरियां चोरी, सब्जी बेचने वाले को पुलिस ने दबोचा

**परसपुर, गोंडा :** नगर पंचायत परसपुर के राजा टोला मोहल्ले में दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ठेले पर सब्जी बेचकर घर-घर घूमने वाले एक शातिर चोर ने सूने घर का फायदा उठाकर बरामदे में रखी गेहूं की बोरियां चोरी कर लीं। पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार राजा टोला मोहल्ले के एक गृहस्वामी किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान सब्जी बेचने के बहाने पहुंचे आरोपी ने पहले घर की रेकी की और मौका पाकर बरामदे में रखी गेहूं की बोरियों को अपने ठेले पर लादकर फरार हो गया। कुछ देर बाद जब गृहस्वामी वापस लौटे तो सामान गायब देख उनके होश उड़ गए। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गई तो चोरी की पूरी घटना सामने आ गई। इसके बाद पीड़ित ने फुटेज के साथ थाना परसपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बड़ी मस्जिद नई बस्ती परसपुर निवासी मुहम्मद अली को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

### सेवानिवृत शिक्षकों को किया गया सम्मानित



सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करते शिक्षक साथी व भाजपा नेता अर्जुन तिवारी।

**कटरा बाजार, गोंडा :** शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र कटरा बाजार में सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कटरा बाजार क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में सेवाएं दे चुके उन शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जो मार्च 2026 में सेवानिवृत हुए हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता अर्जुन प्रसाद तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि अर्जुन प्रसाद तिवारी ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। समारोह में सेवानिवृत शिक्षक इंद्रसेन मिश्र, वेद प्रकाश दूबे, शिक्षामित्र सूर्य नारायण दूबे, राजवंती देवी, वीरेंद्र शुक्ल एवं फूलमती को धार्मिक ग्रंथ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रंजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर रवि तिवारी, महेश्वर बक्श सिंह, वीरेंद्र मिश्र, राम आशीष तिवारी सजर, गौरव श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, मो . सऊद, अमित श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, विजयलक्ष्मी तथा वीरांगिनी श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

### मजार तोड़ते हुए दुकान में घुसा ट्रेलर



मजार तोड़ दुकान में घुसा ट्रेलर। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मनकापुर बस स्टॉप से करीब 200 मीटर आगे शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब सीमेंट लदा एक 16 चक्का ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने मजार को तोड़ते हुए एक दुकान में जा घुसा। हादसे में ट्रेलर पलटते-पलटते बच गया, जबकि दुकान का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार अयोध्या की तरफ से आ रहा सीमेंट लदा ट्रेलर मनकापुर बस स्टॉप पार करने के बाद अचानक अनियंत्रित हो गया। बताया जा रहा है कि चालक को झपकी आने के कारण वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रेलर सड़क किनारे बने मजार को तोड़ते हुए दुकान में घुस गया। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं, जिसका प्राथमिक उपचार कराया गया। गनीमत रही कि घटना के समय दुकान के भीतर कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रेलर के गड्ढे में फंसने से सड़क किनारे बना मजार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मजार टूटने से कुछ लोगों में आक्रोश देखने को मिला, वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे नियमों के विपरीत निर्माण होने से आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता था। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और मजार के टूटे अवशेषों को लेकर लोग आपस में चर्चा करते नजर आए। उधर, दुकानदार को भी काफी नुकसान हुआ है। नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है और न ही कोई जनहानि हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रेलर चालक को नींद आने के कारण वाहन अनियंत्रित हुआ। मामले की जांच की जा रही है।

**न्यूज ब्रीफ**

### यातायात अभियान में 21 वाहनों का ई-चालान

**बलरामपुर अमृत विचार :** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने 21 वाहनों का ई-चालान किया। जांच के दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों से 34 हजार रुपये का शमन शुल्क भी वसूला गया। यातायात प्रभारी निरीक्षक उमेश सिंह यादव ने बताया सड़क सुरक्षा को लेकर आगे भी जारी रहेगा।

### पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सादुल्लाहनगर थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार गोंडा जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र स्थित बढ़या निवासी झब्बर उर्फ मैनुल हसन तथा सादुल्लाहनगर क्षेत्र के जिगनी गांव निवासी मोला बक्स लंबे समय से फरार चल रहे थे। अभियान के तहत दोनों आरोपियों को दबोच लिया गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज, सुलटेंगे विवाद

**बलरामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आज 9 मई 2026 को जनपद के समस्त न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव यशपाल वर्मा ने बताया कि लोक अदालत सुबह 10 बजे से शुरू होगी। इसमें बैंक ऋण, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, बिजली-पानी बिल, राजस्व, दीवानी और श्रम संबंधी मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

# महिला आयोग की सदस्य ने परखी स्वास्थ्य सेवाएं, सुनीं जनसमस्याएं



मरीजों की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार



ब्लड बैंक में रक्तदान करते रक्तदानी। अमृत विचार

**संवाददाता तुलसीपुर, बलरामपुर**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य नंदिनी ने तुलसीपुर दौरे के दौरान शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में दर्शन-पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और तहसील का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्होंने ओटी, महिला वार्ड, लेबर रूम और जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान महिला चिकित्सक डॉ. सौम्या से स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं के संचालन की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में भी चर्चा की। तहसील सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान महिला आयोग सदस्य ने क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मौजूद सुविधाओं और कमियों की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी, ताकि जनसुविधाओं और विकास कार्यों को और बेहतर बनाया जा सके। निरीक्षण और बैठक के दौरान बलरामपुर सीओ ज्योति श्री सहित अस्पताल एवं तहसील प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

**शिविर में 75 श्रवण बाधित बच्चों की हुई जांच: बलरामपुर:** श्रवण एवं वाणी संबंधी समस्याओं से जूझ रहे बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास भवन में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) और सन मल्होत्रा ईएनटी हॉस्पिटल, कानपुर के संयुक्त सहयोग से लगाए गए इस शिविर में जिलेभर से आए 75 मूक-बधिर बच्चों का पंजीकरण कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आरबीएसके के नोडल अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में पंजीकृत बच्चों में शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के 13 बच्चे, पांच से आठ वर्ष के आठ बच्चे तथा आठ से 18 वर्ष तक के 54 बच्चे शामिल रहे। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सभी बच्चों की प्रारंभिक जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कुछ बच्चों में सुनने की क्षमता से जुड़ी गंभीर समस्याएं पाई गई हैं जिनकी दुबारा जांच कराई जाएगी। रिपोर्ट आने के बाद जरूरतमंद बच्चों को सर्जरी, हियरिंग एड तथा स्पीच थेरेपी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर का निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता और मुख्य चिकित्साधिकारी डा. मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया। अधिकारियों ने कहा कि समय रहते उपचार मिलने से बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव संभव है। ऐसे शिविर न केवल बच्चों के लिए उपयोगी हैं बल्कि उनके अभिभावकों को भी विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराते हैं। इस दौरान जिला मेमोरियल अस्पताल के ईएनटी सर्जन डॉ. केएन आनंद आदि मौजूद रहे।

### शिविर में 15 यूनिट हुआ रक्तदान

**बलरामपुर, अमृत विचार :** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा-बलरामपुर के तत्वावधान में जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 15 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों की जिंदगी बचाने में सहायक होता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में डॉ. राज कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, डीएमओ राजेश पाण्डेय, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# कृषि स्नातकों को मिलेगा स्वरोजगार का मौका, जिले में खुलेंगे 9 एग्री जंक्शन केंद्र

**बलरामपुर, अमृत विचार:** कृषि और उससे जुड़े विषयों में स्नातक कर चुके युवाओं के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में जिले में नौ एग्री जंक्शन वन स्टॉप शॉप केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों के माध्यम से युवाओं को कृषि क्षेत्र में खुद का व्यवसाय शुरू करने का अवसर मिलेगा। उप कृषि निदेशक श्याम नारायण राम ने बताया कि योजना में कृषि, उद्यान, पशुपालन, डेयरी, वानिकी, पशु चिकित्सा, पोल्ट्री एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन जैसे विषयों में डिग्री प्राप्त युवाओं का चयन किया जाएगा। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का जनपद का निवासी होना अनिवार्य है। सामान्य वर्ग के लिए अधिकतम आयु 40 वर्ष तय की गई है जबकि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिला अभ्यर्थियों को आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों का चयन जिलाधिकारी अथवा मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क रखी गई है और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 मई निर्धारित की गई है। चयनित युवाओं को विकास भवन स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 13 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा बीज, उर्वरक और कीटनाशक बिक्री के लिए आवश्यक लाइसेंस भी बिना शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

योजना के तहत एग्री जंक्शन केंद्र स्थापित करने के लिए लाभार्थी को 72 हजार रुपये स्वयं निवेश करने होंगे जबकि बैंक के माध्यम से 3.50 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। ऋण पर तीन वर्षों तक का अग्रिम ब्याज, करीब 42 हजार रुपये, सरकार सीधे बैंक को अदा करेगी। साथ ही केंद्र के किराये के लिए एक वर्ष तक दो हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता भी प्रदान की जाएगी।

### स्वास्थ्य शिविर में 105 बंदियों की हुई जांच

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिला कारागार बलरामपुर में रेड क्रॉस सोसाइटी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बंदियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने जेल में निरुद्ध करीब 105 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा-बलरामपुर के सचिव डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार चौधरी, जिला स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पांडेय सहित कई विशेषज्ञ चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। डॉ. मोहित श्रीवास्तव ने बंदियों की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की।



बलरामपुर शहर के बीच से गुजरती सुआंव नदी। अमृत विचार

### अब 'सुआंव नाला' कहलाएगा 'सुआंव नदी'

**बलरामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली के आदेश के अनुपालन में अब तक "सुआंव नाला" के नाम से प्रसिद्ध जलधारा को आधिकारिक रूप से "सुआंव नदी" के रूप में मान्यता दी गई है। जारी सूचना के अनुसार, एनजीटी में वाद संख्या 433/2022 के तहत पारित आदेश के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया। सुआंव नदी का उद्गम बलरामपुर के गोपियापुर क्षेत्र से माना गया है। प्रशासन का कहना है कि इस बदलाव का उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण व अतिक्रमण रोकना है। भविष्य में सभी सरकारी अभिलेखों, मानचित्रों और प्रचार-प्रसार सामग्री में इस जलधारा का उल्लेख "सुआंव नदी" के नाम से किया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भोजपुर संतरी विकासखंड गैसड़ी जनपद बलरामपुर**

पत्रांक– ग्रा पं / निविदा पत्रांक / 2026–27

**अल्पकालिक निविदा**

वर्ष 2026–27 में ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त आयोग, केंद्रीय वित्त आयोग (पंद्रहवाँ वित्त) ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत मिशन कायाकल्प पंचायत भवन निर्माण / मरम्मत सामुदायिक शौचालय निर्माण/आर आर सी सेंटर निर्माण / मरम्मत आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण / मरम्मत एवं अन्य सरकारी कार्य (खड़ंजा, नाली निर्माण सोख्ता गड्ढा निर्माणआदि कार्य), गौशाला प्रबंधन, जो ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाएंगे जैसे ह्यूम पाइप, इंटरलाकिंग ईट एवं अन्य सामग्री रजिस्टर्ड फर्म एजेंसीज से प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खड़ंजा ईट, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, बालू सरिया, सीमेंट, टाइल्स, पेंट, शौचालय ईट, लोहे का दरवाजा, इंडिया मार्का हैंड पंप, मरम्मत एवं रिबोर बिजली उपकरण, टीन शेड, भूसा क्रय, तार जाली. ई रिक्शा, सोलर लाइट, पंप ओपेन जिम से संबंधित सामग्री आदि की आपूर्ति ग्राम पंचायत में संचालित गो आश्रय हेतु भूसा, दाना, हरा चारा, चारा मशीन, स्ट्रीट लाइट, फागिंग मशीन, डस्टबिन, प्लास्टिक बैंक एवं शाशन द्वारा निर्धारित अन्य कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 07–05–2026 से 10/05/26 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 02: 00 बजे तक प्राप्त की जाएगी दिनांक 11–05–2026 को खोली जाएगी। सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार अलग–अलग होगी किसी भी निविदा/कोटेशन का स्वीकृति करने या संपूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**इम्तियाज़ खां , प्रधान** **नीरज कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत भोजपुर संतरी विकास खंड गैसड़ी जनपद बलरामपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत झौव्वा विकासखंड गैसड़ी जनपद बलरामपुर**

पत्रांक– ग्रा पं / निविदा पत्रांक / 2026–27

**अल्पकालिक निविदा**

वर्ष 2026–27 में ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त आयोग, केंद्रीय वित्त आयोग (पंद्रहवाँ वित्त) ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत मिशन कायाकल्प पंचायत भवन निर्माण/ मरम्मत सामुदायिक शौचालय निर्माण/आर आर सी सेंटर निर्माण / मरम्मत आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण / मरम्मत एवं अन्य सरकारी कार्य (खड़ंजा, नाली निर्माण सोख्ता गड्ढा निर्माणआदि कार्य), गौशाला प्रबंधन, जो ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाएंगे जैसे ह्यूम पाइप, इंटरलांकिंग ईट एवं अन्य सामग्री रजिस्टर्ड फर्म् एजेंसीज से प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खड़ंजा ईट, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, बालू सरिया, सीमेंट, टाइल्स, पेंट, शौचालय ईट, लोहे का दरवाजा, इंडिया मार्का हैंड पंप, मरम्मत एवं रिबोर बिजली उपकरण, टीन शेड, भूसा क्रय, तार जाली. ई रिक्शा, सोलर लाइट, पंप ओपेन जिम से संबंधित सामग्री आदि की आपूर्ति ग्राम पंचायत में संचालित गो आश्रय हेतु भूसा, दाना, हरा चारा, चारा मशीन, स्ट्रीट लाइट, फागिंग मशीन, डस्टबिन, प्लास्टिक बैंक एवं शाशन द्वारा निर्धारित अन्य कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 07–05–2026 से 10/05/26 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 02:0 बजे तक प्राप्त की जाएगी दिनांक 11–05–2026 को खोली जाएगी। सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार अलग–अलग होगी किसी भी निविदा / कोटेशन का स्वीकृति करने या संपूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**अभिजीत पाल सिंह, प्रधान** **नीरज कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत झौव्वा विकास खंड गैसड़ी जनपद बलरामपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बख़रकोटवा विकासखंड गैसड़ी जनपद बलरामपुर**

पत्रांक– ग्रा पं / निविदा पत्रांक / 2026–27

**अल्पकालिक निविदा**

वर्ष 2026–27 में ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त आयोग, केंद्रीय वित्त आयोग (पंद्रहवाँ वित्त) ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत मिशन कायाकल्प पंचायत भवन निर्माण/ मरम्मत सामुदायिक शौचालय निर्माण/आर आर सी सेंटर निर्माण / मरम्मत आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण / मरम्मत एवं अन्य सरकारी कार्य (खड़ंजा, नाली निर्माण सोख्ता गड्ढा निर्माणआदि कार्य), गौशाला प्रबंधन, जो ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाएंगे जैसे ह्यूम पाइप, इंटरलांकिंग ईट एवं अन्य सामग्री रजिस्टर्ड फर्म् एजेंसीज से प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खड़ंजा ईट, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, बालू सरिया, सीमेंट, टाइल्स, पेंट, शौचालय ईट, लोहे का दरवाजा, इंडिया मार्का हैंड पंप, मरम्मत एवं रिबोर बिजली उपकरण, टीन शेड, भूसा क्रय, तार जाली. ई रिक्शा, सोलर लाइट, पंप ओपेन जिम से संबंधित सामग्री आदि की आपूर्ति ग्राम पंचायत में संचालित गो आश्रय हेतु भूसा, दाना, हरा चारा, चारा मशीन, स्ट्रीट लाइट, फागिंग मशीन, डस्टबिन, प्लास्टिक बैंक एवं शाशन द्वारा निर्धारित अन्य कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 07–05–2026 से 10/05/26 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 02:0 बजे तक प्राप्त की जाएगी दिनांक 11–05–2026 को खोली जाएगी। सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार अलग–अलग होगी किसी भी निविदा / कोटेशन का स्वीकृति करने या संपूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**श्रीमती अनीता, प्रधान** **नीरज कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बख़रकोटवा विकास खंड गैसड़ी जनपद बलरामपुर**




कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद डीएम और अन्य अधिकारी।

### सुबह 10 से शाम 4 बजे तक खुलेंगी खाद की दुकानें

**बलरामपुर, अमृत विचार :** डीएम डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। डीएम ने निर्देशित किया कि जनपद के सभी निजी उर्वरक बिक्री केंद्र प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अनिवार्य रूप से खुले रहेंगे, ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके। उन्होंने निष्क्रिय एवं अनियमित निजी उर्वरक विक्रेताओं को चिन्हित कर उनके लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई के निर्देश भी दिए। बैठक में सहकारी समितियों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि वर्तमान में लगभग 52 हजार किसान समितियों से जुड़े हैं। विशेष अभियान चलाकर इस संख्या को बढ़ाकर एक लाख तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। उन्होंने उर्वरक थोक विक्रेताओं को पारदर्शिता के साथ खाद वितरण सुनिश्चित करने की हिदायत देते हुए कहा कि कालाबाजारी या अनियमितता मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बोलेरो की टक्कर से युवक की गई जान

**बलरामपुर, अमृत विचार :** हरैया सतघरवा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात हरिहरगंज–ललिया बनकटवा मार्ग पर देवपुरा गांव चौराहे के पास तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार बरदौलिया से बलदेवनगर जा रही बोलेरो ने शिवपुरा की ओर से आ रहे हसन अली (20) पुत्र दरगाही निवासी शिवपुरा की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर बलरामपुर, फिर बहराइच और बाद में लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक हसन अली मुंबई और कानपुर में मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करता था।

# ई-रिक्शा चालक के परिवार को 4 लाख की मदद

**उतरौला, बलरामपुर:** अमृत विचार: हाल ही में आई तेज आंधी और बारिश के दौरान पेड़ गिरने से जान गंवाने वाले ई-रिक्शा चालक तुलाराम के परिवार को प्रदेश सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बुधवार को उतरौला विधायक रामप्रताप वर्मा ने ग्राम बढ़या पकड़ी पहुंचकर मृतक की पत्नी पूनम को मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत चार लाख रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। इस दौरान विधायक ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए सरकार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है तथा मुख्यमंत्री के निर्देश पर राहत राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जा रही है।

**दुरुस्त किए जा रहे पोल:** तेज आंधी और बारिश से गैंसड़ी व पचपेड़वा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हुए करीब 700 विद्युत पोलों को दुरुस्त करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। विद्युत विभाग ने अधिकांश गांवों में आपूर्ति बहाल कर दी है, जबकि शेष स्थानों पर तेजी से काम कराया जा रहा है। विद्युत बहाली कार्य में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त मैनपावर लगाया गया है। पोल स्थापित करने वाली कंपनी की ओर से भी दो अतिरिक्त ठेकेदारों की तैनाती की गई है। मुख्य अभियंता देवीपाटन मंडल यदुनाथ यथार्थ ने शुक्रवार को गैंसड़ी क्षेत्र पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और पोल स्थापना कार्य का जायजा लिया। अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति जल्द सुचारू करने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों के अनुसार शेष क्षतिग्रस्त पोलों को स्थापित कर कल तक आपूर्ति बहाल करने का लक्ष्य रखा गया है।



परिजनों को सहायता राशि का चेक देते विधायक। अमृत विचार

### स्कैनर लगाने के बहाने हुई ठगी ओटीपी हासिल कर दुकानदार के खाते से उड़ाए 77 हजार रुपये

**बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में ऑनलाइन भुगतान सेवा का एजेंट बनकर एक दुकानदार से कथित ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपी पर ओटीपी हासिल कर कई किश्तों में उसके खाते से 77 हजार रुपये ट्रांसफर करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। मेवालाल तालाब निवासी निजाम पुत्र मकसूद ने बताया कि वह वाहन धुलाई व पंचर की दुकान चलाते हैं। करीब पांच माह पहले एक युवक खुद को फोन–पे और जी–पे कंपनी का एजेंट बताकर उनकी दुकान पर स्कैनर व स्पीकर लगवा गया। 25 जनवरी 2026 को आरोपी दोबारा पहुंचा और नया सिस्टम अपडेट होने की बात कहकर मोबाइल लेकर ओटीपी हासिल कर लिया। आरोप है कि इसके बाद वह अलग–अलग तारीखों में ओटीपी लेकर खाते से रकम निकालता रहा। पीड़ित के मुताबिक 11 अप्रैल को बैंक पहुंचने पर खाते से 77 हजार रुपये गायब होने की जानकारी हुई। पूछताछ करने पर आरोपी ने रकम निकालने की बात स्वीकार की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित ने आरोपी राजकुमार निवासी चिल्ही खुर्द रोवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल वार्डों के सभासद होंगे सम्मानित, लोगों से शहर को स्वच्छ बनाने की अपील

**बलरामपुर, अमृत विचार :** आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने नगरवासियों से स्वच्छता सर्वेक्षण 2025–26 में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही बलरामपुर को स्वच्छ और आदर्श नगर बनाया जा सकता है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत वार्डों का मूल्यांकन साफ–सफाई, कूड़ा निस्तारण, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता और नागरिक सहभागिता के आधार पर किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले वार्डों के सभासदों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। डॉ. धीरू ने सभासदों से अपने–अपने वार्डों में स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन का रूप देने और लोगों को जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नागरिक निर्धारित स्थान पर कूड़ा डालें, प्लास्टिक का कम उपयोग करें और आसपास का वातावरण स्वच्छ रखें। उन्होंने विश्वास जताया कि जनसहयोग से इस वर्ष बलरामपुर स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर स्थान हासिल करेगा। कहा कि आमजन के सार्थक प्रयास से ही नगर को स्वच्छ बनाया जा सकता है।

### अब पोस्ट पेड बिलिंग और बकाया जमा करने के लिए मिलेगी किश्त की सुविधा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने आरडीएसएस योजना के तहत लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड मोड में बदलने का निर्णय लिया है। अधीक्षण अभियंता विद्युत अजय कुमार ने बताया कि मई 2026 की बिजली खपत का बिल जून में पोस्टपेड व्यवस्था के तहत जारी किया जाएगा। बिल उपभोक्ताओं को एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। घरेलू बकाया राशि को 10 आसान किस्तों में जमा करने की सुविधा दी गई है, जबकि अन्य श्रेणी के उपभोक्ता तीन किस्तों में भुगतान कर सकेंगे। स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए 15 मई से 30 जून तक अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी कार्यालयों में विशेष शिकायत निवारण कैंप लगाए जाएंगे। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि समय से बिल न मिलने पर उपभोक्ता विभागीय व्हाट्सएप चैटबॉट या टोल फ्री नंबर 1912 से भी बिल प्राप्त कर सकेंगे।

### बस की टक्कर से महिला की मौत

**छपिया, गोंडा :** थाना क्षेत्र के पटखौली मसकनवा में सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मृतका के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पटखौली मसकनवा निवासी लक्ष्मण प्रसाद के अनुसार उनकी मां रामराजी (65) चांदनी चौक बैंक गई थी। वापस लौटते समय एचपी पेट्रोल पंप के सामने पूजा ट्रेवल्स की बस ने पीछे से टक्कर मार दी। आरोप है कि हादसे के बाद बस का पहिया महिला के ऊपर चढ़ गया। प्राथमिक उपचार के बाद दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** भारत सरकार का उपक्रम **Union Bank of India** A Government of India Undertaking

**ई-नीलामी बिक्री सूचना** (सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत)

क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या 436 अतरदीप कॉम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या–224001 ई–मेल : crld.roayodhya@unionbankofindia.bank

**अचल सम्पत्तियों के लिए बिक्री सूचना, परिशिष्ट-IV- [ नियम 8(6) और नियम 9 (1) के प्रावधान को देखें ]**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 (1) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पतियां, जो प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक / बंधक है जिसका **सांकेतिक कब्ज़ा** यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है का विक्रय दिनांक **26.05.2026** (समयः **प्रातः 12 बजे से सायं 05 बजे तक)** को होने वाली ई. नीलामी में "जहाँ है" "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे के" आधार पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है। ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर लिंक उपलब्ध है। निम्नलिखित संपत्तियों की बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.com** के माध्यम से ऑनलाइन ई–नीलामी द्वारा की जाएगी। नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां ऑनलाइन ई–नीलामी में वेबसाइट https://baanknet.com के द्वारा दिनांक **26.05.2026** को ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी ब्याज एवं अन्य कोई व्यय की वसूली के लिए बिक्री की जायेगी।

**ऑनलाइन ई-नीलामी के माध्यम से बेबसाइट : https://baanknet.com नीलामी की तिथि व समय - 26.05.2026 समय : प्रातः 12 बजे से सायं 05:00 बजे (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित) बोली/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले ईएमडी जमा करानी होगी**

| 1. उधारकर्ता का नाम 2. जमानतकर्ता का नाम | अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/या परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) | अ) डिमांड नोटिस की तिथि 13(2) सरफेसी नियम 2002 ब) कब्जा की तिथि स) बकाया राशि द) कब्जे का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक) | अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर धनराशि स) वृद्धिशील बिड धनराशि द) प्राधिकृत अधिकारी |
|---|---|---|---|
| **शाखा : बाराबंकी (10662)** | | | |
| **उधारकर्ता : मैसर्स सत्यम इंटरप्राइजेज,** निवासी शांति विहार कॉलोनी, पल्हारी, पोस्ट बड़ेल, जिला बाराबंकी, उ.प्र– 225001 (स्वामित्व फर्म) दिव्यांशु गुप्ता पुत्र संजीव गुप्ता निवासी मकान नं. 47, ग्राम कोटवा सड़क, हथौंदा, तहसील आर.एस. घाट, बाराबंकी, उ.प्र– 225001 **जमानतकर्ता व बंधककर्ता: श्री नीलमणि कांत** पुत्र राम हरख, निवासी ग्राम कोटवा सड़क पोस्ट हथौंदा, तहसील आर.एस. घाट, बाराबंकी, उ.प्र– 225001 | घर के सभी हिस्से – 1102.50 वर्ग फुट यानी 102.42 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के प्लॉट पर एक मंजिला घर का निर्माण किया। ग्राम–कोठी डीह (विस्तारित) में खसरा नंबर 128/177खा एम पर स्थित, क्षेत्र कोठी डीह विकास भवन और सर्वोदय मियोसियन जूनियर स्कूल, परगना व तहसील–नवाबगंज, जिला–बाराबंकी, संपत्ति के मालिक–श्री नीलमणि कांत पुत्र श्री राम हरख के नाम से जाना जाता है। **चौहद्दी :** उत्तर–दूसरे व्यक्ति का प्लॉट, दक्षिण–25 फीट चौड़ा रास्ता, पूर्व–25 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता, पश्चिम–दूसरे व्यक्ति का घर | अ) 02.02.2019 ब) 16.09.2022 स) रू. 13,89,752.00 दिनांक 01.01.2026 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 11,92,400.00 ब)रू. 1,19,400.00 स)रू. 11,924.00 द) श्री विनोद कुमार रजक 9453719742 |
| **शाखा : दरियापुर-सुलतानपुर (16712)** | | | |
| **उधारकर्ता : मेसर्स गोल्डन फ्रूट कंपनी,** (प्रो. श्री लियाकत अली पुत्र शौकत अली) नवीन सब्जी मंडी, अहमत सुल्तानपुर, जिला–सुल्तानपुर (उ.प्र) 228001ए श्री. लियाकत अली पुत्र शौकत अली, मकान नंबर 248/1, राईन नगर, सुल्तानपुर सिटी, जिला–सुल्तानपुर (उ.प्र.)– 228001 **जमानतकर्ता व बंधककर्ताः श्रीमती शाहिदा बेगम** पत्नी शौकत अली, मकान नंबर 248/1, रेन नगर, सुल्तानपुर शहर, जिला–सुल्तानपुर (उ.प्र) 228001 | गाटा संख्या 92 क्षेत्रफल 8–7/34 धूर 558 वर्ग फुट, ग्राम कैराबाद वार्ड 10 ए, राईन नगर, परगना मीरांपुर, तहसील सदर सुल्तानपुर, जिला– सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश में स्थित आवासीय मकान के सभी भाग–228001 श्रीमती शायदा बेगम पत्नी श्री शौकत अली के नाम पर **चौहद्दी :** उत्तर – हाता श्रीमती विमला देवी, दक्षिण – इंटरलॉकिंग सड़क 8 फीट चौड़ी, पूर्व – श्री गुरफ़ान का घर, पश्चिम – इंटरलॉकिंग रोड 8 फीट चौड़ी | अ) 04.06.2025 ब) 03.11.2025 स) रू. 19,12,091.14 दिनांक 01.05.2025 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 16,90,000.00 ब)रू. 1,69,000.00 स)रू. 16,900.00 द) श्री जुगल किशोर रस्तोगी 8369134989 |

इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता से अनुरोध है कि ई–नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी की बोली प्रस्तुत करने के पूर्व ई–नीलामी के नियम व शर्तो तथा अन्य ब्यौरे को बैंक की बेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर अवश्य देख लें। साथ ही इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता, बेबसाइट https://baanknet.com हेल्प लाइन ई–मेल आईडी **eauctionhelpdesk@unionbankofindia.bank** पर भी जा सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता के पास वैध ई–मेल आईडी होना आवश्यक है। विक्रय से संबंधित नियम व शर्ते प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अधीन होंगें।

**Security Interest (Enforcement) Rule 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अंतर्गत 15 दिन की बिक्री सूचना**

इसे **Security Interest (Enforcement) Rule** 2002 के नियम 8(6) के नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई– नीलामी / बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों / जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक : 09.05.2026 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया



मंदिर में चोरी के बाद खाली स्थान। अमृत विचार

### मंदिर से मूर्तियों की चोरी का नहीं लगा सुराग

**करनैलगंज, गोंडा :** कोतवाली क्षेत्र के सोनहरा दक्षिणी पुरवा स्थित मंदिर से भगवान राम, लक्ष्मण व माता सीता की अष्टधातु मूर्तियां चोरी होने के तीसरे दिन भी पुलिस के हाथ खाली हैं। ग्रामीणों के मुताबिक चोरी गई मूर्तियों की कीमत करीब पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है। घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद मुकदमा दर्ज होने से ग्रामीणों की नाराजगी कम हुई है। गांव में लोग तंज कसते दिखे कि जब मंदिरों से भगवान ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम आदमी की सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है। अब पुलिस मोबाइल लोकेशन, सीडीआर और सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। एसओजी, सर्विलांस टीम और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीमें जांच में लगी हैं। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय, राधेश्याम राय समेत कई पुलिसकर्मी गांव में डेरा डाले हुए हैं। मंदिर के पुजारी रामेश्वर प्रसाद ने घटना पर गहरा दु:ख जताते हुए चोरी गई मूर्तियों की शीघ्र बरामदगी की मांग की है। ग्राम प्रधान प्रमोद पाण्डेय ने कहा कि घटना से पूरा गांव आहत और आक्रोशित है।



खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

### ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन

**गोंडा, अमृत विचार :** ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राशिसं के बैनर तले शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मानव सम्पदा पोर्टल पर जारी ऑनलाइन कारण बताओ नोटिस समाप्त करने की मांग की। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पहुंचे शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि वर्तमान समय में विभागीय ऑनलाइन व्यवस्थाओं में अनेक तकनीकी दिक्कतें बनी हुई हैं। शिक्षकों का आरोप है कि विभाग समय से गैस आपूर्ति, मध्याह्न भोजन परिवर्तन लागत, जन्म प्रमाण पत्र, आधार वैलीडेशन, अवकाश स्वीकृति और चयन वेतनमान जैसी प्रक्रियाएं भी समयबद्ध ढंग से पूरी नहीं कर पा रहा है। संघ के मंत्री राजेश तिवारी ने कहा कि मानव सम्पदा पोर्टल में लगातार तकनीकी त्रुटियां सामने आ रही हैं, जिनके निस्तारण में महीनों लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि विभाग स्वयं सभी मानकों को पूरा नहीं कर पा रहा है, ऐसे में शिक्षकों पर ऑनलाइन उपस्थिति का दबाव उचित नहीं है। संयुक्त मंत्री विवेक शुक्ला ने कहा कि पूर्व में कराई गई जांचों में शिक्षकों और छात्र–छात्राओं की अनुपस्थिति का प्रतिशत कम पाया गया था।

**न्यूज ब्रीफ**

### जनपद में धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

**बहराइच, अमृत विचार :** वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का अनुपालन कराते हुए बकरीद, मोहर्रम आदि आगामी त्योहारों एवं कार्यक्रमों, उ.प्र. लेखपाल मुख्य परीक्षा, बी-एड परीक्षा, टी.ई.टी. परीक्षा, आरक्षी नागरिक पुलिस, प्रवक्ता एवं अन्य आयोजित परीक्षाओं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के मद्देनज़र जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्टेट अमित कुमार द्वारा भा.ना.सु.संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है।

अपर जिला मजिस्टेट श्री कुमार द्वारा जारी आदेश के समस्त 28 प्रस्तर 08 मई 2026 से 03 जुलाई 2026 जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

### बोलेरो की टक्कर से दो युवक घायल, रेफर

**जरवल रोड (बहराइच), अमृत विचार :** पताली पुत्र गंगाराम यादव तथा मंगल पुत्र रामतेज यादव किसी कार्य से जरवल रोड गए हुए थे। वापस लौटते समय रिठौरा के निकट नीलकंठ पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम प्रधान अगापुर अनिल यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद भिजवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

### नेपाली पुलिस ने की पत्रकार से अभद्रता

**रूपईडीहा (बहराइच), अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित जमुनहा थाने में समाचार संकलन के दौरान एक भारतीय पत्रकार के साथ कथित अमानवीय अभद्रता का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर रूपईडीहा पत्रकार संघ ने आपातकालीन बैठक बुलाकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। बैठक में दो दर्जन से अधिक पत्रकारों ने हिस्सा लिया और एक स्वर में इस कृत्य की निंदा करते हुए पत्रकार एकता के नारे लगाए। संघ ने निर्णय लिया है कि जल्द ही पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल नेपालगंज (बांके) के पुलिस उच्चाधिकारियों और वहां के पत्रकार संगठनों से मिलकर इस गंभीर मामले की लिखित शिकायत करेगा। पत्रकारों ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच दशकों से "रोटी-बेटी" का मधुर संबंध रहा है, लेकिन सीमा पर तैनात कुछ कर्मियों का व्यवहार इस गरिमा के विपरीत है।

### तेजी से चल रहा संजय सेतु पुल की मरम्मत का कार्य

**जरवल रोड (बहराइच), अमृत विचार :** बाराबंकी-बहराइच-गोंडा मार्ग पर घाघरा नदी पर बने संजय सेतु पुल का मरम्मत कार्य इन दिनों दिन-रात तेजी से कराया जा रहा है। हालांकि बीच-बीच में हो रही बरसात और खराब मौसम के कारण कार्य की गति प्रभावित हो रही है, फिर भी विभागीय टीम लगातार मरम्मत कार्य में जुटी हुई है। पुल के जिस हिस्से की मरम्मत पूरी हो चुकी है, वहां गुरुवार शाम से डामरीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं एनएचआई के अवर अभियंता अनंत मौर्य ने बताया कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो आगामी 15 से 20 दिनों में संजय सेतु पुल का मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

# डीएम ने बांटी पोषण पोटली, सीएमओ ने किया रक्तदान

## विश्व रेडक्रॉस दिवस: 25 टीबी ग्रसित बच्चों को लिया गया गोद, डीएम ने स्वयं दो बच्चों का उठाया जिम्मा

संवाददाता, बहराइच



पोषण पोटली का वितरण करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मानवता, सेवा और बंधुत्व के संदेश के साथ गुरुवार को जिले में विश्व रेडक्रॉस दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम 'यूनाइटेड इन ह्यूमैनिटी' यानी "मानवता के लिए एकजुट" रही, जिसका उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के जरूरतमंदों की सहायता करना तथा जाति, धर्म, भाषा और सीमाओं से ऊपर उठकर समाज में मानवता, सेवा और बंधुत्व की भावना को मजबूत करना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवाओं, रक्तदान और जरूरतमंदों की मदद से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने किया। डीएम ने क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित करते हुए कहा कि इस बीमारी से लड़ाई केवल दवाओं से नहीं, बल्कि समाज के सहयोग और बेहतर पोषण से भी जीती जा सकती है। इस दौरान कुल 25 टीबी ग्रसित बच्चों को गोद लिया गया, जिनमें से दो बच्चों के उपचार और पोषण का संकल्प स्वयं जिलाधिकारी ने लिया।

उधर, सोसायटी के सचिव एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने मेडिकल कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर में स्वयं रक्तदान कर मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। इस मौके पर रेड क्रॉस सोसायटी की प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य पुत्तीलाल बाजपेयी ने संस्था के गौरवशाली इतिहास और सेवाभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेडक्रॉस आज भी मानव सेवा और आपदा सहायता का मजबूत माध्यम बना हुआ है।

कार्यक्रम के दौरान पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कुपोषित बच्चों को अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने स्नेहपूर्वक फल वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बच्चों और उनके अभिभावकों को पोषण, स्वच्छता तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस मौके पर इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी बहराइच के आजीवन सदस्य सीएमएस डॉ. एम.एम. त्रिपाठी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, अस्पताल प्रबंधक मो. रिजवान, शरद श्रीवास्तव और स्टाफ नर्स सीमा सहित सीफार संस्था के प्रतिनिधि व कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में प्राइवेट इलाज करा रहे टीबी मरीजों तक पहुंच रही सरकारी मदद

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में अब निजी क्षेत्र में इलाज करा रहे मरीजों को भी सरकारी योजनाओं और सुविधाओं से जोड़ने की प्रभावी पहल की जा रही है। राज्य स्तर से अनुबंधित संस्था हिंदुस्तान लेटेक्स फैमिली प्लानिंग प्रमोशन ट्रस्ट द्वारा संचालित पीपीएसए (रोगी-चिकित्सक सहायता एजेंसी) परियोजना के माध्यम से वर्ष 2022 से निजी चिकित्सकों के साथ समन्वय स्थापित कर टीबी मरीजों को सरकारी जांच, उपचार सहयोग, फॉलोअप और निक्षय पोषण योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा के मार्गदर्शन में संचालित इस कार्यक्रम के तहत बीते वित्तीय वर्ष में जिले के 2444 टीबी मरीजों को नोटिफाई कर विभिन्न सरकारी सुविधाओं से जोड़ा गया। इसी क्रम में संस्था की कार्यकर्ता उषा मौर्या ने निजी चिकित्सक से इलाज ले रहे मानपुरवा दरगाह निवासी 80 वर्षीय मरीज सफ़ीउल्ला (बदला हुआ नाम) के घर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना और निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत आभा ऑथेंटिकेशन एवं क्रिएशन की प्रक्रिया पूरी कराई। इसके साथ ही मरीज के लक्षणों की समीक्षा, कांटेक्ट ट्रेसिंग, दवा नियमित रूप से लेने की निगरानी, पोषण संबंधी परामर्श तथा निशुल्क बलगम जांच के बारे में जानकारी दी गई। उषा मौर्या ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजों के परिजनों को भी टीबी निरोधक दवाओं और संक्रमण से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया जा रहा है, ताकि बीमारी के प्रसार को रोका जा सके। एचएलएफपीपीटी के प्रोजेक्ट को-आर्डीनेटर पंकज पाठक ने बताया कि उनकी टीम गांव-गांव जाकर आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित कर रही है। इसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जांच के लिए प्रेरित करने और टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी का कहना है कि निजी क्षेत्र और सरकारी तंत्र के बीच यह समन्वय टीबी मरीजों को समय पर पहचानने, उपचार पूरा कराने और उन्हें सरकारी सहायता से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, जीजा व साले की मौत

- भाई की शादी में बहनोई को लेकर जाते समय हुआ हादसा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में देर रात सड़क हादसे में जीजा व साले की मौत से कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बौंडी थाना क्षेत्र समदा बाजार के रहने वाले अमन नाम के युवक की गुरुवार को हुजूरपुर थाना क्षेत्र में स्थित गुलहरिया ग्राम में रहने वाली गीता नाम की युवती के साथ शादी होनी थी। सभी लोग हंसी खुशी बारात लेकर पहुंचे थे। देर रात अमन का छोटा भाई दीपक अपने बहनोई राकेश के साथ बाइक से वैवाहिक कार्यक्रम के शामिल होने के लिए निकला, जब वो लोग कुंडसार वजीरगंज मार्ग पर स्थित अखनापुर ग्राम के पास पहुंचे तभी करीब 11 बजे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया आस पास के ग्रामीणों ने घटना की जानकारी फखरपुर पुलिस को दी, जिसके बाद थाना प्रभारी संजीव चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक दोनो की मौत हो चुकी थी।

इसकी सूचना मिलते ही बारात में कोहराम मच गया लोग आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचे। एक ही परिवार के दो लोगों की मौत के बाद दुल्हा भी बिना शादी के मौके पर पहुंच गया। राकेश की चार साल पहले अमन की बहन के साथ शादी हुई थी उसकी एक तीन साल की बेटी है। वहीं दीपक अविवाहित था। उधर, थाना प्रभारी फखरपुर ने बताया कि दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश में पुलिस टीम को लगाया गया है।

**बोलेरो और टेम्पो में जोरदार टक्कर,एक की मौत, मिहींपुरवा/बहराइच:** जिले के मिहींपुरवा तहसील अंतर्गत गाय घाट चौराहा पर एक टेंपो व बोलेरो में भिड़ंत हो गई। जिसमें एक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को बोलेरो व टेंपो की जोरदार टक्कर हो गई। टेंपो में बैठे सवारी घायल हो गई है जिसको के लिए सीएचसी मोतीपुर भर्ती कराया गया। वहीं टेम्पो चालक सुनील कुमार वर्मा पुत्र पीतांबर वर्मा निवासी शिवालय बाग मेहरवान नगर नानपारा की बहराइच जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

# दूसरे दिन भी नहीं मिले राप्ती नदी में डूबे किशोर, तलाश जारी

संवाददाता, श्रावस्ती



नदी में डूबे किशोरों को तलाशती टीम व मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राप्ती नदी में गुरुवार को नहाने गए पांच किशोर डूब गए। इसमें से तीन लोगों को बचा लिया गया था, जबकि दो किशोर डूबकर लापता हो गए थे। दोनों किशोरों का दूसरे दिन भी सुराग नहीं लगा। एनडीआरएफ की टीम दोनों की नदी में तलाश कर रही है।

गिलौला थाना क्षेत्र के घोरमा परसिया निवासी अभी (15) पुत्र राम प्रसाद व अभिषेक (16) पुत्र गुड्डू गुरुवार को भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भाखला घाट के पास राप्ती नदी में नहाने आए थे। उनके साथ उनके रिस्तेदार बहराइच जिले के मरौचा गांव निवासी प्रेम प्रकाश (16) पुत्र शिव पूजन, राहुल (17) पुत्र श्यामू व गोण्डा जिले के भगवानपुर निवासी विनय (16) पुत्र नकछेद भी मौजूद थे। नहाते समय सभी गहरे पानी में डूबने लगे। इस दौरान राहुल, अभिषेक व विनय किसी तरह बाहर निकल आए, जबकि अभी व प्रेम प्रकाश राप्ती नदी में डूबकर लापता हो गए। दोनों किशोरों की तलाश की जा रही है, लेकिन अभी तक उनका सुराग नहीं लगा। वहीं सुबह प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ भकला पुल पर भिनगा-बहराइच फोरलेन मार्ग को जाम कर दिया। सूचना पर सीओ के साथ पहुंचे अधिकारियों ने लोगों को समझाबुझा कर आवागमन बहाल कराया।

# आयुक्त ने वितरित किए सहायक उपकरण

- विश्व रेडक्रास दिवस पर रक्तदान शिविर का किया उदघाटन

संवाददाता, श्रावस्ती



कैंप में मौजूद मंडलायुक्त, डीएम व अन्य।

**अमृत विचार।** विश्व रेडक्रास दिवस पर शुक्रवार को आयुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा ने कलेक्ट्रेट परिसर मे रक्तदान शिविर का उदघाटन किया। इस दौरान संध्या चौपाल में दो दृष्टिबाधित दिव्यांगों को सुगम्य केन, एक श्रवण बाधित दिव्यांग को कान की मशीन, एक बुजुर्ग को वाकर, दस बुजुर्गों को छड़ी प्रदान की।

इस दौरान आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि रेडक्रास हमेशा से मानव सेवा के लिए समर्पित रहने वाली संस्था है। रेडक्रास के स्वयंसेवक हमेशा आपदा और संकट के समय समाज की सेवा करते हैं। हम आज रेडक्रास दिवस पर सभी स्वयंसेवकों को बधाई देते हैं। रेडक्रास की अध्यक्ष व डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा कि आज रेडक्रास दिवस पर सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने 14 यूनिट रक्तदान किया है। साथ ही जिला अस्पताल के डेंटल हाइजेनिस्ट उस्मानी समेत अन्य स्वयंसेवकों ने भी रक्तदान किया है। वहीं रेडक्रास की ओर से जरूरतमंदों को सहायक उपकरण भी प्रदान किए गए है। इस मौके पर सीडीओ शाहिद अहमद, डॉ नरेंद्र नाथ पांडेय, रेडक्रास सचिव अरुण कुमार मिश्र, प्रियंका शुक्ला रहे।

**एसएसबी जवानों ने 14 यूनिट रक्त किया दान:** विश्व थैलेसीमिया दिवस व विश्व रेड क्रॉस दिवस पर एसएसबी जवानों ने रक्तदान किया। साथ ही लोगों को रक्तदान करने का संदेश दिया। 62वीं वाहिनी एसएसबी वाहिनी मुख्यालय भिनगा में शुक्रवार को कमांडेन्ट अमरेंद्र कुमार वरुण के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन संयुक्त चिकित्सालय भिनगा के डा बीएन वर्मा व उनकी टीम के सहयोग से सम्पन्न हुआ। शिविर में वाहिनी के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानव सेवा व सामाजिक दायित्व का परिचय दिया। इस दौरान 14 एसएसबी जवानों स्वेच्छा से कुल 14 यूनिट रक्त का दान किया। कमांडेन्ट अमरेंद्र कुमार वरुण ने रक्तदान करने वाले जवानों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान सेवा कार्य है। जिससे अनेक जरूरतमंद लोगों को जीवनदान मिलता है। उन्होंने सभी कार्मिकों को समाज हित के ऐसे कार्यों में निरंतर सहभाग करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी ललेन्द्र रत्नाकर, उपकमांडेन्ट पीयूष सिन्हा, गोवर्धन पुजारी, सहायक कमांडेनट डा कल्पना महादेव पाटील आदि मौजूद रहे।

### भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न



बैठक के लिए जाते विधायक सुभाष त्रिपाठी व अन्य।

**पयागपुर (बहराइच), अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी पयागपुर मंडल की कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को राधे-राधे गेस्ट हाउस में विधायक सुभाष त्रिपाठी की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए सेक्टर स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ. महेंद्र पाठक ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही संगठन का मूल मंत्र है। उन्होंने आगामी अभियानों को लेकर कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने के निर्देश दिए। मंडल अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर गहन मंथन हुआ। बैठक में तय किया गया कि सभी सेक्टरों में संयोजक व प्रभारियों के साथ बैठक कर संगठन की गतिविधियों को गति दी जाएगी। इसके लिए बाकायदा समय-सारणी भी तय की गई है इस अवसर पर मंडल पदाधिकारी, सेक्टर संयोजक, प्रभारी एवं मंडल कार्यसमिति के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### सनातन संस्कृति में विज्ञान का भंडार : डॉ. नायक



कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व शिक्षक।

**सिरसिया( श्रावस्ती), अमृत विचार :** हमारी सनातन संस्कृति में विज्ञान का भंडार है। आधुनिक शिक्षा के साथ हमें अपने परंपरागत ज्ञान को भी याद रखना चाहिए। ये बातें दूरदर्शन के सहायक निदेशक रहे डॉ. हंसराज नायक ने सिरसिया के राजकीय इंटर कॉलेज गब्बापुर में विज्ञान एवं नवाचार महोत्सव में कहीं। इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड एडवांस स्टडीज की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ के मुख्य शिक्षा अधिकारी रामकुमार ने कहा कि बच्चे विज्ञान में प्रयोग करने की रुचि पैदा करें और कुछ ऐसा बनाएं जो समाज के लिए काम आए। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. रमेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बहुत ही उपयोगी हैं। उद्यमिता की ओर नवाचार के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में जनजातीय बच्चों को सशक्त बनाने का आह्वान करते हुए डॉ. वीपी सिंह ने कहाकि जनजातियों के विज्ञान को हमें संजोकर रखना है। जीआईसी टंगपसरी के प्रधानाचार्य विकास कुमार सरोज ने विद्यार्थियों से मोबाइल का बहुत ही सीमित उपयोग करने व एकाग्रचित होकर पढ़ाई करते व डॉ.अनूप चतुर्वेदी ने बच्चों से प्रयोगधर्मी बनने को कहा। इस दौरान समाजसेवी संतोष कुमार ने छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### चेयरमैन व ईओ के विवाद की जांच हुई तेज

**रूपईडीहा (बहराइच)।** सीमावर्ती नगर पंचायत रुपईडीहा में चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य और अधिशाषी अधिकारी रामबदन यादव के बीच लंबे समय से चली आ रही खींचतान अब शासन के रडार पर आ गई है। आपसी विवाद के कारण नगर का विकास ठप होने और कर्मचारियों का वेतन रुकने की शिकायतों के बाद शुक्रवार को जिले के उच्चाधिकारियों की टीम ने नगर पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस टीम में अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, एसडीएम नानपारा अमिता कुमारी और पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन मुख्य रूप से शामिल रहे। जांच टीम ने सबसे पहले पुराने कार्यालय पहुंचकर वहां मौजूद दस्तावेजों की पड़ताल की और दोनों पक्षों के बीच उपजे विवाद के कारणों को समझने का प्रयास किया। ज्ञात हो कि इस आपसी कलह की वजह से पिछले दो महीनों से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल सका है, जिससे कर्मियों में भारी असंतोष व्याप्त है। निरीक्षण के दूसरे चरण में टीम नवनिर्मित भवन पहुंची, जहां वर्तमान में अधिशाषी अधिकारी का कार्यालय संचालित हो रहा है। वहां मौजूद बाबू गंगा प्रताप और ईओ से विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ की गई।

# डीएम ने ग्रामीणों का जाना हाल

संवाददाता, श्रावस्ती



बाढ़रोधी कार्य का जायजा लेतीं डीएम।

**अमृत विचार।** डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने बाढ़ से सुरक्षा को लेकर गुरुवार को दहावर कलां, मोहम्मदपुर कला व नरायनपुर में चल रहे बाढ़ कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने सम्बन्धित अभियन्ता को बांध पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से युद्धस्तर पर कार्य कराकर पूर्ण करने का निर्देश दिया, जिससे जलस्तर बढने से होने वाली समस्याओं से निजात मिल सके।

इस दौरान डीएम ने ग्रामीणों से मिलकर उनका हाल भी जाना व सड़क आदि की समस्याएं भी सुनी। डीएम ने अधिशाषी अभियन्ता बाढ़ खंड को निर्देशित किया कि जिले में चल रहे कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। वह नियमित पर्यवेक्षण कर कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराए। इस दौरान अधिशाषी अभियन्ता बाढ़ खण्ड अखिलेश कुमार गौतम सहित बाढ़ कार्य खंड के सम्बन्धित अभियंता मौजूद रहे।

**बेलहा बेहरौली तटबन्ध के कि.मी. 49.100 एवं 50.100 पर होगा स्पर का निर्माण, बहराइच:** अधिशासी अभियंता सरयू डैनेज खण्ड-1 बहराइच के प्रस्ताव पर वेलहा बेहरौली तटबन्ध के किमी 49.100 पर स्पर निर्माण हेतु ग्राम करेहना, कोढवा की रकबा 1.4695हे. एवं 50.100 पर स्पर निर्माण हेतु ग्राम बरवलिया पिपरा एवं पिपरी की रकबा 1.3358 हे. आपसी समझौते से क्रय किये जाने हेतु दर निर्धारण समिति की बैठक नगर मजिस्ट्रेट/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच राजेश प्रसाद की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

बैठक में क्रय निकाय व योजना प्रभावित कृषकों के मध्य सर्किल रेट पर भूमि देने पर सहमति हुई। अधिशासी अभियंता ने बताया कि स्पर का निर्माण प्रभावित कृषकों से जरिये विकय पत्र भूमि क्रय करके कराया जायेगा। उन्होंने भी बताया कि स्पर का निर्माण वर्षा से पूर्व करा लिया जायेगा। इस अवसर प्रभावित कृषक व अधिशासी अभियंता सरयू डैनेज खण्ड-1 बहराइच, सहायक अभियंता, सरयू डैनेज खण्ड-1 बहराइच, अवर अभियंता व प्रधान संजय कुमार रहे।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल, भर्ती

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** जिले में शुक्रवार हुई दो अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में बाइक व साइकिल सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौकीपुरवा निवासी आजाद (20) शुक्रवार को बाइक से ग्राम सधईपुरवा गया था। इस दौरान बाइक पर उसका भांजा बहराइच जिले के ग्राम मटेरा निवासी समीर (18) भी सवार था। वापस लौटते समय बघौड़ा चौराहे पर सामने से आ रहे साइकिल सवार को बचाते समय बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को निजी वाहन से जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया। यहां पर हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने आजाद को बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र के ग्राम सुजानडीह निवासी लड्डन (55) साइकिल से गुरुवार को नेपाल क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर गया था। शुक्रवार को वह वापस लौट रहा था। तभी गुलरा-परसोहना मार्ग पर गुलरा के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक साइकिल से टकरा गई। इससे लड्डन गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को एंबुलेंस से संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया। वहीं, बाइक सवार मौके से बाइक लेकर भाग गया।

**आयोजन**

**अभियान के माध्यम से जन-जन को जोड़ने की एक वृहद मुहिम शुरू की गई**

# विष मुक्त खेती-नशा मुक्त गांव अभियान का हुआ शंखनाद

संवाददाता, बहराइच



क्षेत्र के भ्रमण पर निकले डीडी कृषि विनय कुमार वर्मा, डिप्टी कमान्डेंट अमित कुमार, प्रगतिशील किसान राजीव श्रीवास्तव, विनय मिश्रा एवं एसडीओ शिशिर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के कृषि विभाग, उद्यान विभाग एवं किसान परिषद के साझा तत्वावधान में जिले के भीतर "विष मुक्त खेती-नशा मुक्त गांव" अभियान के माध्यम से जन-जन को जोड़ने की एक वृहद मुहिम शुरू की गई है। इस अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए एसएसबी सहित खेती-किसानी से जुड़े विभिन्न संगठनों के साथ निरंतर संवाद और समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

इसी क्रम में संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने उद्यान विभाग के सब्जी एवं फल उत्पाद परिक्षेत्र का विस्तृत भ्रमण किया, जहां उन्होंने "एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन" के तकनीकी पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की और इस योजना को प्रत्येक ग्रामीण तक पहुंचाने के लिए रणनीति तैयार की। कृषि और उद्यान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किसान परिषद के पदाधिकारियों एवं प्रगतिशील कृषकों ने परिक्षेत्र का निरीक्षण करते हुए इस अभियान को सफल बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

इस अवसर पर उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए उपनिदेशक कृषि विनय वर्मा ने एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन पर प्रकाश डालते हुए सचेत किया कि रासायनिक कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग के भयावह दुष्परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने बताया कि मानवीय स्वास्थ्य, पर्यावरण की शुद्धता और खाद्य पदार्थों में कीटनाशकों के अवशेषों की गंभीर समस्या के साथ-साथ अब किसान स्वयं यह महसूस करने लगा है कि रासायनिक कीटनाशक शत्रु कीटों पर बेअसर साबित हो रहे हैं। अधिक जहरीले रसायनों का छिड़काव भी अब निष्प्रभावी हो चुका है और कीटों की समस्या घटने के बजाय निरंतर बढ़ती जा रही है, जिसके कारण अब किसान फसल सुरक्षा के वैकल्पिक और टिकाऊ रास्ते तलाश रहे हैं।

किसान परिषद के उत्तर प्रदेश संयोजक संजीव श्रीवास्तव ने अधिकारियों से हॉर्मोन ट्रैप, एलो-स्टिकी, ब्लू-स्टिकी ट्रैप, सफेद स्टिकी स्ट्रिप, लाइट ट्रैप और फल मक्खी ट्रैप जैसे स्वदेशी व प्रभावी संयंत्रों की कार्यप्रणाली समझी और किसानों को इन्हें अपनाने की सलाह दी। इस महत्वपूर्ण भ्रमण के दौरान डिप्टी कमान्डेंट अमित कुमार, प्रगतिशील किसान राजीव श्रीवास्तव, विनय मिश्रा एवं एस०डी०ओ० शिशिर वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कीटनाशक मुक्त ग्राम बनाने की दिशा में गन्ना विभाग ने बढ़ाए कदम

- 60 गन्ना कृषकों के प्रक्षेत्र में लगाये गये सोलर लाइट ट्रैप

संवाददादाता, बहराइच



खेतों में लगाये गए सोलर लाइट ट्रैप।

**अमृत विचार।** पारले चीनी मिल क्षेत्र के अर्न्तगत ग्राम मरौचा में कीट रक्षा हेतु समन्वित कीट नियन्त्रण अभियान के अन्तर्गत 60 गन्ना कृषकों के खेतों में सोलर लाइट ट्रैप (प्रकाश प्रपंच) की स्थापना पारले मिल के सौजन्य एवं गन्ना कृषि, उद्यान तथा रेशम विभाग के सहयोग से की गई। जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ल ने बताया कि सोलर लाइट ट्रैप सूर्य की रोशनी से चार्ज होता है और सूर्यास्त के बाद इसमें स्वतः बल्ब जल जाता है जो चार से पांच घण्टे तक जलता है। चूसक, बेधक एवं अन्य हानिकारक कीटों की तितलियां इस प्रकाश की तरफ आकर्षित होकर पहुंचती हैं और इस ट्रैप के जाल में फंस जाती हैं। कीटों के इस प्रकार फंसने से आगे इनकी वंश वृद्धि रूक जाती है।

आनन्द कुमार ने बताया कि अमूमन एक तितली 500 से 1000 अण्डे देती है जिससे इन कीटों का बहुत तेज प्रसार होता है। इस प्रकाश प्रपंच से इनके प्रसार पर रोक लग जाने के कारण फसल को होने वाला नुकसान सीमित हो जाता है। एक अनुमान के अनुसार इन कीटों से गन्ने की फसल को सामान्यतः 8-10 प्रतिशत की क्षति होती है जबकि व्यापक आक्रमण की दशा में फसल को 25-50 प्रतिशत तक की क्षति का खतरा रहता है।

इस अवसर पर जनपद के उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, सहायक निदेशक (रेशम) एमके सिंह, एसडीओ सदर शिशिर वर्मा,एवं पारले चीनी मिल के महाप्रबन्धक जगतार सिंह व आस-पास के ग्रामों के जागरूक कृषक उपस्थिति रहे।



अगर आप बिना प्यार के और आधे-अधूरे मन से काम कर रहे हैं, तो बेहतर है कि आप उस काम को छोड़ दें।
**-खलील जिब्रान**, दार्शनिक

# तीस्ता पर तल्खी

तीस्ता नदी जल बंटवारा विवाद अब महज जल-साझेदारी का विषय ही नहीं रहा, बांग्लादेश द्वारा चीन की मदद से तीस्ता नदी परियोजना को आगे बढ़ाने की कोशिश ने इस विवाद को सीधे दक्षिण एशियाई भू-राजनीति और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ दिया है। यह मुद्दा भारत और बांग्लादेश के रिश्तों की तल्खी को और बढ़ा सकता है। अब सवाल इतना भर नहीं है कि किसे कितना पानी मिलेगा, बल्कि यह भी है कि इस पूरे क्षेत्र में रणनीतिक प्रभाव किसका बढ़ेगा। तीस्ता नदी का सबसे संवेदनशील पहलू है कि इसका प्रवाह भारत के अत्यंत महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर, यानी 'चिकन नेक', के निकट है। यह लगभग 22 किलोमीटर चौड़ा भूभाग पूर्वोत्तर भारत को शेष देश से जोड़ता है। यदि किसी बाहरी शक्ति को इस क्षेत्र की भू-संरचना, जल-प्रवाह, पुलों, सड़कों और संचार तंत्र की विस्तृत जानकारी मिलती है, तो उसका सामरिक महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है। यही कारण है कि चीन की बढ़ती दिलचस्पी को भारत केवल आर्थिक परियोजना के रूप में नहीं देख सकता।

चीन के अनेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट केवल आर्थिक निवेश तक सीमित नहीं रहते। पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से लेकर श्रीलंका के हंबनटोटा तक, चीन ने आर्थिक सहयोग के माध्यम से सामरिक उपस्थिति भी बनाई है, इसलिए यह आशंका निराधार नहीं है कि तीस्ता परियोजना के बहाने चीन 'हाइड्रोलॉजिकल डेटा', क्षेत्रीय सर्वेक्षण और संवेदनशील भौगोलिक सूचनाओं तक पहुंच बनाना चाहता हो। बांग्लादेश का व्यवहार भी केवल जल संकट से प्रेरित नहीं दिखता। ढाका यह भलीभांति समझता है कि भारत अपने पूर्वोत्तर के प्रवेशद्वार के निकट चीन की सक्रियता को सहजता से स्वीकार नहीं करेगा। चीन के साथ निकटता दिखाना, भारत पर दबाव बनाना उसकी कूटनीतिक रणनीति लगती है। छोटे और मध्यम देश अक्सर बड़ी शक्तियों के बीच संतुलन बनाकर अपने हित साधते हैं और बांग्लादेश वही कर रहा है।

2011 में लगभग तैयार समझौता इसलिए रुक गया था, क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने समझौते को यह कह कर रुकवा दिया था कि उत्तर बंगाल के किसानों के लिए ही पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है, हम बांग्लादेश को इतना अधिक पानी कैसे दे सकते हैं? अब यदि बंगाल की राजनीतिक परिस्थिति बदली भी हो, तब भी यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि केंद्र और पश्चिम बंगाल की नई सरकार वहां के किसानों के हितों की अनदेखी कर बांग्लादेश को 50 प्रतिशत पानी देने को तैयार हो जाएंगी। उत्तर बंगाल की कृषि अर्थव्यवस्था, चाय बागान, सिंचाई और ग्रामीण आजीविका इस नदी से गहराई से जुड़ी हैं, इसलिए कोई भी सरकार केवल भू-राजनीतिक दबाव में एकतरफा रियायत देने का जोखिम नहीं उठाएगी।

भारत के सामने एक कठिन रणनीतिक दुविधा है। यदि वह समझौते को लगातार टालता है, तो बांग्लादेश चीन की ओर अधिक झुक सकता है। यदि वह अत्यधिक रियायत देता है, तो घरेलू राजनीतिक और कृषि असंतोष बढ़ सकता है, इसलिए समाधान टकराव नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और संस्थागत दृष्टिकोण में है। हमें समझना होगा कि केवल सुरक्षा चिंताओं से समस्या हल नहीं होगी, बांग्लादेश के साथ भरोसे और विकास साझेदारी को मजबूत करना भी उतना ही आवश्यक है।

## प्रसंगवश

# नई गाइडलाइन: बदलेगी सरकारी स्कूलों की तस्वीर

6 मई को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) गाइडलाइंस 2026' जारी की। इन नई गाइडलाइंस में पहली बार स्कूल प्रबंधन में अभिभावकों की भूमिका को केंद्र में रखा गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब स्कूल प्रबंधन समितियों में 75 प्रतिशत सदस्य बच्चों के माता-पिता या अभिभावक होंगे, जबकि आधे सदस्य महिलाओं को बनाया जाएगा। हर स्कूल में मासिक बैठक, सामाजिक ऑडिट, तीन साल का विकास प्लान और शिक्षा की गुणवत्ता की निगरानी जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य की गई हैं।

शिक्षा मंत्रालय का यह कदम अचानक नहीं आया। इसके पीछे वर्षों से सरकारी स्कूलों की गिरती हालत, कमजोर निगरानी, घटती शिक्षा गुणवत्ता और सरकारी स्कूलों से लोगों का टूटता भरोसा सबसे बड़ा कारण है। भारत में सरकारी स्कूल केवल पढ़ाई की जगह नहीं हैं, बल्कि करोड़ों गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चों के भविष्य की उम्मीद हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में सरकारी स्कूलों की स्थिति लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब गरीब परिवार भी मजदूरी कर, कर्ज लेकर या अपनी जरूरतें कम करके बच्चों को निजी स्कूलों में भेजने लगे हैं।



कविता कुमारी
एक्टिविस्ट

सरकार को महसूस हुआ कि केवल ऊपर से योजनाएं बनाकर शिक्षा व्यवस्था नहीं सुधर सकती। जब तक गांव और मोहल्ले के लोग, खासकर अभिभावक, सीधे स्कूल की निगरानी और फैसलों में शामिल नहीं होंगे, तब तक सरकारी स्कूलों की वास्तविक स्थिति नहीं बदल पाएगी। देश में शिक्षा का ढांचा बहुत बड़ा है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस के अनुसार भारत में लगभग 14.7 लाख स्कूल संचालित हैं। इनमें करीब 10.2 लाख सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल हैं, जबकि लगभग 4.5 लाख निजी स्कूल हैं। देश में लगभग आठ लाख प्राथमिक विद्यालय, करीब तीन लाख माध्यमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय और लगभग डेढ़ लाख उच्च माध्यमिक विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

सबसे बड़ी समस्या शिक्षकों की कमी और जवाबदेही का अभाव है। देश के कई राज्यों में लाखों शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। एक शिक्षक कई कक्षाओं को संभालने को मजबूर होता है। कई बार शिक्षक गैर-शैक्षणिक कार्यों जैसे चुनाव ड्यूटी, सर्वे और सरकारी योजनाओं में लगा दिए जाते हैं। इससे पढ़ाई का स्तर लगातार गिरता है। कई जगह अभिभावकों को यह तक नहीं पता होता कि स्कूल में पढ़ाई सही ढंग से हो रही है या नहीं। यही वजह है कि शिक्षा मंत्रालय ने अब स्कूल प्रबंधन समितियों को मजबूत करने का फैसला किया है, ताकि अभिभावक सीधे स्कूल के कामकाज पर नजर रख सकें।

सरकारी स्कूलों की गिरती स्थिति का सबसे बड़ा असर यह हुआ है कि गांवों में भी निजी स्कूल तेजी से बढ़ने लगे हैं। पहले निजी स्कूल केवल शहरों तक सीमित थे, लेकिन अब छोटे कस्बों और गांवों में भी अंग्रेजी माध्यम और पब्लिक स्कूलों की भरमार दिखाई देती है। गरीब परिवारों को लगता है कि सरकारी स्कूलों में बच्चों का भविष्य सुरक्षित नहीं है। उन्हें विश्वास है कि निजी स्कूलों में अनुशासन, नियमित पढ़ाई और अंग्रेजी शिक्षा बेहतर मिलती है। यही कारण है कि दिहाड़ी मजदूर और किसान भी फीस भरने के लिए अतिरिक्त मेहनत करते हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# विकास, आत्मनिर्भरता और तकनीक का नया भारत





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

मई 2026 में देश का सामाजिक आर्थिक परिदृश्य ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां विकास, तकनीक और आत्मनिर्भरता भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहे हैं। दुनिया की आर्थिक चुनौतियों और वैश्विक तनावों के बीच भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती से आगे बढ़ाया है। हाल के आंकड़े बताते हैं कि भारत के निर्यात में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि रक्षा उत्पादन में 174 प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि बदलते भारत की तस्वीर है। दूसरी ओर खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति लगभग चार प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिससे आम लोगों की चिंता भी बढ़ी है। इन सबके बीच डिजिटल जनगणना की शुरुआत, नीति आयोग का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर @2047 रोडमैप और खेती में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई का बढ़ता उपयोग यह दिखाता है कि भारत अब तकनीक के सहारे नए भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

भारत की निर्यात वृद्धि यह साबित करती है कि दुनिया भारतीय उत्पादों और सेवाओं पर भरोसा कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने मेक इन इंडिया और उत्पादन आधारित योजनाओं के माध्यम से देश में उद्योगों को मजबूत करने की कोशिश की है। इसका असर अब दिखाई देने लगा है। इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयों, ऑटोमोबाइल पार्ट्स और तकनीकी सेवाओं के निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दुनिया की कई बड़ी कंपनियां अब भारत को एक मजबूत विनिर्माण केंद्र के रूप में देख रही हैं। इसका कारण यह भी है कि कई देश चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और भारत को एक भरोसेमंद विकल्प मान रहे हैं। इससे भारत को रोजगार और निवेश दोनों के क्षेत्र में लाभ मिल रहा है।

दुनिया की आर्थिक चुनौतियों और वैश्विक तनावों के बीच भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती से आगे बढ़ाया है। हाल के आंकड़े बताते हैं कि भारत के निर्यात में 4 .6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

रक्षा उत्पादन में 174 प्रतिशत की वृद्धि भारत के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। लंबे समय तक भारत हथियारों और रक्षा उपकरणों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहा है, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। देश में मिसाइल, ड्रोन, आधुनिक हथियार और रक्षा तकनीक का निर्माण तेजी से बढ़ा है। इससे न केवल देश की सुरक्षा मजबूत हो रही है, बल्कि रोजगार और तकनीकी विकास को भी बढ़ावा मिल रहा है। निजी कंपनियों और स्टार्टअप्स की भागीदारी ने इस क्षेत्र में नई ऊर्जा पैदा की है। आत्मनिर्भर भारत का सपना अब रक्षा क्षेत्र में सच होता दिखाई दे रहा है, हालांकि यह भी जरूरी है कि गुणवत्ता और अनुसंधान पर लगातार ध्यान दिया जाए, ताकि भारत वैश्विक स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा कर सके।

इन उपलब्धियों के बीच बढ़ती महंगाई सरकार और आम जनता दोनों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। सब्जियों, दालों और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का खर्च बढ़ा है। जलवायु परिवर्तन भी इसके पीछे एक बड़ा कारण है। अनियमित बारिश और मौसम की खराब परिस्थितियों के कारण खेती प्रभावित हो रही है, जिसका असर बाजार में दिखाई देता है। यही वजह है कि आर्थिक विकास के आंकड़े तभी मायने रखते हैं, जब आम लोगों का जीवन भी आसान हो। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाए रखा जाए।

अप्रैल 2026 से शुरू हुई डिजिटल जनगणना को भारत के प्रशासनिक इतिहास का एक बड़ा कदम माना जा रहा है। पहली बार इतने बड़े स्तर पर डिजिटल तकनीक का उपयोग करके जनगणना की जा रही है। इससे सरकार को जनसंख्या, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक योजनाओं से जुड़ी सही जानकारी जल्दी और आसानी से मिल सकेगी। इसका फायदा यह होगा कि सरकारी योजनाएं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर तरीके से पहुंच सकेंगी। डिजिटल जनगणना से पारदर्शिता भी बढ़ने की उम्मीद है, हालांकि इसके साथ डेटा सुरक्षा और गोपनीयता जैसे सवाल भी जुड़े हुए हैं। लोगों का निजी डेटा सुरक्षित रखना सरकार की बड़ी जिम्मेदारी होगी।

नीति आयोग द्वारा तैयार डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर @2047 रोडमैप भारत के भविष्य की नई सोच को दिखाता है। इसका उद्देश्य यह है कि तकनीक का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। आधार, यूपीआई और डिजिलॉकर जैसी डिजिटल सेवाओं ने पहले ही करोड़ों लोगों के जीवन को आसान बनाया है। अब सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और अन्य क्षेत्रों में डिजिटल सुविधाओं को और मजबूत करना चाहती है। इस योजना का लक्ष्य केवल तकनीकी विकास नहीं, बल्कि समावेशी विकास है, ताकि गांव और शहर के बीच की दूरी कम हो सके, लेकिन यह भी सच है कि आज भी देश के कई हिस्सों में इंटरनेट और डिजिटल सुविधाओं की कमी है, इसलिए डिजिटल विकास तभी सफल होगा, जब समाज के हर व्यक्ति तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

खेती के क्षेत्र में एआई का उपयोग भी भारत के लिए नई संभावनाएं लेकर आया है। किसान अब मौसम की जानकारी, मिट्टी की जांच और फसल प्रबंधन के लिए नई तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। इससे खेती की लागत कम हो सकती है और उत्पादन बढ़ सकता है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यह बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। अगर छोटे किसानों तक भी यह तकनीक पहुंचे, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिल सकती है, हालांकि अभी भी कई किसानों के पास डिजिटल संसाधनों और तकनीकी जानकारी की कमी है, इसलिए सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता को मजबूत करना होगा। आज का भारत तेजी से बदल रहा है। एक ओर देश आर्थिक और तकनीकी रूप से मजबूत बन रहा है, वहीं दूसरी ओर महंगाई और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियां भी सामने हैं।

## आमने-सामने



**आमने**

ये धमाके भाजपा की चुनावी तैयारी का हिस्सा हैं। भाजपा चुनाव से पहले लोगों में डर और तनाव का माहौल बनाकर राजनीतिक फायदा लेने की कोशिश करती है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद भाजपा नेताओं ने खुद कहा था कि अब पंजाब की बारी है।
**-भगवंत मान**
मुख्यमंत्री पंजाब



**सामने**

मान ने बिना किसी सबूत के भाजपा पर बम विस्फोट में संलिप्त होने का आरोप लगाकर मुख्यमंत्री पद की गरिमा को पूरी तरह से कमजोर कर दिया है। इसी वजह से उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।
**-तरुण चुघ**
राष्ट्रीय महासचिव, भाजपा

# यूपी-उत्तराखंड के आगामी चुनावों पर जीत का असर



अमित शर्मा
हल्द्वानी

पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत ने कई मिथक तोड़े हैं। बंगाल और असम में भाजपा की शानदार जीत का उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के चुनावों पर गहरा मनोवैज्ञानिक असर पड़ना तय माना जा रहा है। बंगाल की जीत भाजपा के लिए एक बड़ा संवेग है। पार्टी बंगाल में मिली जीत के इस बल को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के आगामी विधानसभा चुनावों में भी दोहराने की कोशिश जरूर करेगी।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा की स्थिति पहले से ही काफी मजबूत है। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुष्कर सिंह धामी की गिनती देश के टॉप फायरब्रांड नेताओं में होती है। इन दोनों नेताओं को अपनी आक्रामक हिंदुत्ववादी छवि, प्रशासनिक सख्ती और दमदार भाषणों के लिए जाना जाता है। योगी आदित्यनाथ को अक्सर 'बुलडोजर बाबा' के नाम से जाना जाता है, जो यूपी में कड़क कानून-व्यवस्था और विकास के लिए जाने जाते हैं। वहीं, युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बेहतर कानून-व्यवस्था और विकास कार्यों के साथ ही उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और सख्त धर्मांतरण कानून जैसे फैसलों के लिए एक साहसी नेता के रूप में देखा जाता है। भाजपा में ये दोनों नेता जनता के बीच अपनी निडर, धाकड़ और धुरंधर छवि के लिए अत्यंत लोकप्रिय हैं।

बंगाल और असम में भाजपा की शानदार जीत का उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के चुनावों पर गहरा मनोवैज्ञानिक असर पड़ना तय है। बंगाल की जीत भाजपा के लिए बड़ा संवेग है।

बंगाल में टीएमसी पर जीत से इन दोनों राज्यों के संगठन के साथ ही नेताओं का आत्मविश्वास और हौसला और बढ़ेगा। किसी भी राज्य के चुनाव में सत्ता हो या विपक्ष, अहम सवाल मुद्दों का होता है। उत्तराखंड में तो विपक्षी दलों के पास वर्तमान में कोई ठोस मुद्दा दिखाई नहीं दे रहा है, जिसके बल पर भाजपा को विधानसभा चुनाव में चुनौती दी जा सके, जबकि भाजपा के लिए हैट्रिक लगाने का भरपूर मौका है।

बंगाल की ऐतिहासिक जीत उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विपक्षी दलों के लिए आगामी विधानसभा चुनावों में कई चुनौतियां भी लेकर आएगी। बंगाल में जीत से भाजपा का चुनावी और मानसिक आत्मविश्वास और बढ़ा है, जिससे वह दोनों राज्यों में और भी मजबूत प्रदर्शन करने की स्थिति में होगी, हालांकि बंगाल में भाजपा की जीत से विपक्षी दलों को एकजुट होने का संदेश मिल सकता है, जिससे वे भाजपा के खिलाफ मजबूत गठबंधन बना सकते हैं, लेकिन जिस तरह से बंगाल की जीत में हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण हुआ है, उससे विपक्षी दलों को यहां भी हिंदू वोटों में सेंध लगाने में मुश्किल हो सकती है।

किसी राज्य के औद्योगिक विकास की रफ्तार वहां की सड़कों की हालत तय करती है। देश भर में जिस तरह से सड़कों का शानदार विकास हुआ है और एक-दूसरे जिले तेजी से एक्सप्रेस-वे से जुड़ रहे हैं, वह अपने आप में आम से लेकर खास मतदाता को प्रभावित करता है। इसी तरह दिल्ली से उत्तराखंड के बीच एक्सप्रेस-वे (दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे) उत्तर प्रदेश के एक बड़े हिस्से को इस औद्योगिक रफ्तार में समाहित करता है। ऐसे में विपक्षी दलों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे उन्हें जाति-धर्म को छोड़कर अपने विकास के एजेंडे को मजबूत करना होगा।

भाजपा द्वारा बंगाल के रण को जीतने की कई खासियत रहीं। यह जीत कोई एक दिन का प्रयास नहीं है, बल्कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा ने इस चुनाव को मार्मिक और तार्किक दोनों तरह के पैटर्न पर लड़ा। भूख, भय और भ्रष्टाचार के साथ ही धार्मिक असुरक्षा और स्थानीय मुद्दों को भाजपा ने गहराई से समझा। संदेशखाली से लेकर आरजी कर ने बंगाल ही नहीं, बल्कि पूरे देश को सांस्कृतिक और धार्मिक अस्मिता के साथ जोड़कर महिला सुरक्षा से जुड़ा बड़ा मुद्दा थमा दिया था।

प्रधानमंत्री मोदी की 10 रुपये की 'झालमुरी' से लेकर 'मछली' जैसे स्थानीय मुद्दों को भाजपा ने टीएमसी से छीन लिया। भाजपा ने इस वीर भूमि में प्रखर राष्ट्रवाद के मुद्दे का भरपूर प्रयोग किया। मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण भी इस प्रचंड जीत के पीछे बड़ा कारण रहा। भाजपा ने मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण को अपने पक्ष में करने के लिए हिंदू राष्ट्रवाद की भावना को भुनाया। इस रणनीति ने उन्हें हिंदू वोटों को एकजुट करने में मदद की।

जिस राज्य में कभी मुस्लिम वोट बैंक किसी भी दल की जीत का आधार माना जाता रहा था और विकास के बजाय एक खास वर्ग विशेष के वोट किसी दल की जीत-हार का फैसला करते थे, उस बंगाल में बदलाव की ऐसी बयार बही कि मुस्लिम ध्रुवीकरण के जवाब में हिंदू पोलराइजेशन ने स्थिति पूरी तरह से पलट दी। पहली बार सुरक्षा का


ऐसा वातावरण बना कि इस बार हिंदू वोट बैंक एकजुट होकर भयमुक्त होकर मतदान करने निकला। रिकॉर्ड मतदान हुआ तो भाजपा की जीत ने भी देश की राजनीति में न टूटने वाला रिकॉर्ड बना दिया। सभी कारणों को एकसार करें, तो प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुके इस चुनाव को जीतने के सामूहिक प्रयास हुए।

## सोशल फोरम

# स्टालिन और उनका बेटा

'सामने बेटे की मौत खड़ी थी और हाथ में उसे बचाने का मौका, पर इस बाप ने जो फैसला लिया, उसे सुनकर दुनिया के पैरों तले जमीन खिसक गई! क्या कोई इतना पत्थर दिल हो सकता है?'

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान रूस के प्रधानमंत्री स्टालिन का बड़ा बेटा, याकोव (Yakov), जर्मन सेना द्वारा पकड़ लिया गया था। हिटलर को लगा कि यह स्टालिन को झुकाने का सबसे सही मौका है। जर्मनी ने एक प्रस्ताव भेजा- 'अपने बेटे याकोव को वापस ले लो और बदले में हमारे पकड़े गए फील्ड मार्शल फ्रेडरिक पॉलस (Friedrich Paulus) को रिहा कर दो।'



नॉलेज अड्डा
ब्लॉगर

दुनिया को लगा कि एक पिता अपने बेटे को बचाने के लिए कुछ भी करेगा। एक बाप के लिए भी यह मौका थास अपने बेटे की जान बचाने का, लेकिन स्टालिन ने जो कहा वह आज भी इतिहास में दर्ज है। उन्होंने जवाब दिया, 'मैं एक फील्ड मार्शल का सौदा एक साधारण सिपाही से नहीं कर सकता।' स्टालिन की नज़र में याकोव सिर्फ उनका बेटा नहीं, बल्कि रेड आर्मी का एक लेफ्टिनेंट था। उनके लिए लाखों रूसी सैनिकों की जान उनके अपने बेटे से बढ़कर थी।

स्टालिन ने अपने सगे बेटे को बचाने के लिए देश के उसूलों से समझौता नहीं किया। उनके बेटे याकोव की जेल में ही मौत हो गई। याकोव की मौत की खबर स्टालिन तक पहुंची, तो वह 'आयरन मैन' अंदर से टूट गया था। वे घंटों तक अपने कमरे में अकेले बैठे रहे, किसी से कोई बात नहीं की। वह एक ऐसे पिता का मौन था, जिसने देश के लिए अपने कलेजे के टुकड़े को कुर्बान कर दिया था।

अक्सर बड़े नेताओं की मौत के बाद अकूत संपत्ति के किस्से सामने आते हैं, लेकिन स्टालिन का मामला बिल्कुल अलग था। 1953 में जब उनकी मृत्यु हुई और उनके निजी सामान की लिस्ट बनाई गई, तो सोवियत संघ जैसा विशाल साम्राज्य चलाने वाले व्यक्ति के पास से सिर्फ यह मिला: कुछ पुरानी वर्दियां, घिसे हुए जूते, उनका पसंदीदा पाइप और ढेरों किताबें। उनके पास न कोई निजी बंगला था, न विदेशी बैंक खाते और न ही सोना-चांदी। इतने ताकतवर पद पर होने के बावजूद उनकी निजी संपत्ति एक साधारण क्लर्क से भी कम थी। स्टालिन के शासन को लेकर दुनिया के अलग-अलग मत हो सकते हैं, लेकिन उनके इस त्याग और सादगी को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने साबित किया कि विचारधारा और देश के नियम सबके लिए एक समान होने चाहिए। चाहे वह खुद उनका अपना बेटा ही क्यों न हो।

**-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# नई सरकारों के सामने होगी आर्थिक संतुलन की चुनौती

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की निर्णायक जीत और तमिलनाडु में विजय की पार्टी टीवीके के सबसे बड़े दल के रूप में उभरने के बाद देश की राजनीति एक नए मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है। चुनावी रैलियों में किए गए वादे जल्द ही कागज से निकलकर हकीकत में उतरने की मांग करने लगेंगे। जनता ने जिस भरोसे के साथ इन दलों को सत्ता सौंपी है, वही भरोसा अब उनके लिए सबसे बड़ी परीक्षा बन गया है। जीत का उत्साह धीरे-धीरे जिम्मेदारियों के बोझ में बदल रहा है और यही वह समय है, जब राजनीतिक घोषणाओं की वास्तविक कीमत सामने आती है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 'सोनार बांग्ला' का सपना दिखाया था। यह सपना केवल एक नारा नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक और आर्थिक बदलाव का वादा था। महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता देने, बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने, किसानों के लिए फंड तैयार करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने जैसे कई बड़े ऐलान किए गए थे। यदि इन सभी योजनाओं को एक साथ लागू किया जाता है, तो राज्य के खजाने पर भारी दबाव पड़ना तय है। अनुमान बताते हैं कि केवल महिलाओं को दी जाने वाली मासिक सहायता ही सालाना हजारों करोड़ रुपये का खर्च पैदा कर सकती है। इसी तरह बेरोजगारी भत्ता और अन्य योजनाएं राज्य की वित्तीय स्थिति को और चुनौतीपूर्ण बना सकती हैं।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

दूसरी ओर तमिलनाडु में विजय की पार्टी टीवीके के सामने भी कुछ कम चुनौती नहीं होगी। एक अभिनेता से नेता बने विजय ने जनता के बीच लोकप्रियता के आधार पर बड़ी जीत हासिल की है, लेकिन अब उन्हें प्रशासनिक और आर्थिक जटिलताओं से जूझना होगा। तमिलनाडु पहले से ही उच्च राजकोषीय घाटे वाले राज्यों में गिना जाता है। ऐसे में नई योजनाओं के लिए अतिरिक्त हजारों करोड़ रुपये जुटाना एक कठिन कार्य होगा, हालांकि अभी वहां सरकार गठन को लेकर असमंजस की स्थिति है।

यहां सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या मुफ्त योजनाएं वास्तव में दीर्घकालिक समाधान हैं या केवल तात्कालिक राजनीतिक लाभ का साधन। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी योजनाएं अल्पकाल में राहत जरूर देती हैं, लेकिन लंबे समय में यह आर्थिक बोझ बन सकती हैं। राज्यों के बजट का बड़ा हिस्सा यदि सब्सिडी और नकद सहायता में खर्च होने लगे, तो विकास परियोजनाओं के लिए संसाधन कम पड़ सकते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में निवेश प्रभावित हो सकता है, जो किसी भी राज्य की दीर्घकालिक प्रगति के लिए आवश्यक होते हैं।


यह भी सच है कि भारत जैसे देश में सामाजिक असमानताएं अभी भी बड़ी चुनौती हैं। गरीब और कमजोर वर्गों के लिए सरकारी सहायता जरूरी है, लेकिन इसका स्वरूप और दायरा संतुलित होना चाहिए। लक्षित योजनाएं, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ लागू की जाएं, तो वे समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं, लेकिन इन्हें केवल चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाए, तो इसका असर सीमित और कभी-कभी नकारात्मक भी हो सकता है।

राजनीतिक दृष्टि से भी यह समय महत्वपूर्ण है। यदि ये सरकारें अपने वादों को प्रभावी ढंग से लागू करती हैं और आर्थिक संतुलन बनाए रखती हैं, तो यह उनके लिए दीर्घकालिक राजनीतिक लाभ का कारण बन सकता है, लेकिन यदि वे इसमें असफल रहती हैं, तो जनता का भरोसा जल्दी ही टूट सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

मुंबई चमक-दमक, सपनों और संघर्षों की नगरी है, यहीं पर अभिनय की दुनिया में जाकिर हुसैन खान हैं, जिनकी जड़ें पूर्वांचल के छोटे से जिले बस्ती से जुड़ी हैं। इनकी शुरुआती शिक्षा भी यहीं से हुई। बचपन बस्ती की सादगी, रामलीला और नुक्कड़ नाटकों के बीच बीता, जहां उन्होंने बंदर बनकर पहली बार मंच का स्वाद चखा, लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ी, मायानगरी मुंबई की चकाचौंध ने उन्हें अपनी ओर खींचा और भीड़ भरी सड़कों पर काम की तलाश, छोट-छोटे रोल पाने के लिए लगातार संघर्ष करते रहे। क्राउड एक्टिंग से सफर शुरू कर धीरे-धीरे टीवी और फिल्मों में अपनी जगह बनाई। जाकिर आज भी खुद को जमीन से जुड़ा कलाकार मानते हैं। मुंबई की इसी चकाचौंध और उसके पीछे छिपे कड़वे सच को उन्होंने बेबाकी से उजागर किया।







# क्राउड से किरदार तक: एक अभिनेता की बेबाक कहानी



निशा सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

- क्या इंडस्ट्री में आने के लिए संघर्ष करना पड़ा?
- बिल्कुल, मैं सुबह काम की तलाश में घर से निकलता और शाम को निराश होकर घर लौट आता। धीरे-धीरे मुझे क्राउड एक्टिंग में काम मिलने लगा। हंसते हुए, कहीं आग लग गई तो चिल्लाने को कहा जाता, 'टीपू सुल्तान' में मुझे 'जय हनुमान' बोलने को कहा गया। फिर मुझे 1992 में आमिर खान के साथ फिल्म 'जो जीता वही सिकंदर' में काम मिला। उस समय मुझे एक दिन के 50 रुपये और 15 दिन के 750 रुपये मिले थे। आज साढ़े सात करोड़ रुपये मिल जाएं तो भी वो खुशी नहीं मिलेगी, जो उस साढ़े सात सौ रुपए में मिली थी।
- किन-किन कलाकारों के साथ आपने काम किया?
- मैंने हेमा मालिनी, अनिल कपूर, संजय दत्त, अमिताभ बच्चन के साथ पोलियो ऐड के लिए काम किया। इसके अलावा सलमान खान, इरफान खान, जूही चावला, सोनू सूद, कादर खान और परेश रावल जैसे कई कलाकारों के साथ काम किया। टेलीविजन में सीआईडी, पवित्र रिश्ता, चाचा चौधरी,सावधान इंडिया के कई एपिसोड में भी मैंने एक्टिंग की।
- आपको असली पहचान कब मिली?
- 1998 में जब सीआईडी सीरियल शुरू हुआ, जिसमें मुझे विलेन का रोल मिला। वहीं से पहचान मिलने शुरू हो गए। मैंने करीब 4000 टीवी एपिसोड और 72 से 75 फिल्मों में काम किया है।
- अभिनेता बनना मुश्किल हैं, पर नेता बनना आसान हैं, आपने ऐसा क्यों कहा?
- व्यंग्यात्मक अंदाज में, देखिए, अभिनेता बनने के लिए खूबसूरती, टैलेंट और व्यक्तित्व चाहिए, लेकिन आज के दौर में नेता बनने के लिए सिर्फ बोलने की कला काफी है। हंसते हुए, एक आईएएस की सैलरी दो या ढाई लाख रुपये महीना होती है, जबकि एक सुपरस्टार एक फिल्म के करोड़ों रुपये लेते हैं। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि अभिनेता बनना कितना मुश्किल है।
- क्या इंडस्ट्री में नेपोटिज्म हैं? क्या पैसा और बैकग्राउंड भी जरूरी हैं?
- आज के समय में टैलेंट के साथ-साथ पैसा भी जरूरी हो गया है। अगर मैं किसी अरबपति बाप का बेटा होता, तो शायद सुपरस्टार बन गया होता। जहां तक नेपोटिज्म की बात है, तो नेपोटिज्म हर जगह है, राजनीति में भी हैं।
- कास्टिंग काउच पर आपकी क्या राय है?
- मुझे नहीं लगता कि इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच जैसी कोई चीज भी है। कुछ लोग आगे बढ़ने के लिए खुद समझौता करते हैं।
- क्या आपको सुपरस्टार न बनने का अफसोस हैं?
- बिल्कुल नहीं, आज मैं ज्यादा सुकून में हूं। स्टार्स के पास सबकुछ होता है, लेकिन प्रेशर भी बहुत होता है। मेरा मानना है 'जो प्राप्त है, वहीं पर्याप्त' है।
- सुशांत सिंह राजपूत के बारे में आपकी क्या राय है? शायद वह आपके दोस्त थे?
- जी, सुशांत मुझसे उम्र में काफी छोटे थे पर, मेरी मित्रता थी। उन्होंने बहुत सफलता पाई, लेकिन मैंने उन्हें फ्रस्ट्रेशन में देखा। इसलिए कहते हैं कि शोहरत हमेशा खुशी नहीं देती।
- आपका एकता कपूर के साथ क्या विवाद था?
- 2014 में एकता कपूर की एक सीरियल के शूटिंग के दौरान कलाकारों के बीच विवाद हो गया और मैं बीच-बचाव करने चला गया, जिससे बात बढ़ गई और मामला एकता कपूर और महेश भट्ट तक पहुंच गया। बाद में समझौता हो गया, लेकिन मुझे सिरियल छोड़ना पड़ा।
- कोई यादगार पल?
- एक बार प्रयागराज कुंभ मेले 2019 में परफामेंस करने के लिए मेरे पास फोन आया, मुझे लगा कोई मजाक कर रहा है, क्योंकि मैं मुस्लिम हूं, लेकिन एक घंटे के अंदर मेरे एकाउंट में जब 50 हजार रुपये एडवांस आ गए तब मुझे विश्वास हुआ और 15 मिनट परफामेंस करने के लिए मुझे डेढ़ लाख रुपये मिले थे। आज तक मैं इस बात को भूला नहीं।
- आपके लिए सबसे गर्व का पल?
- जब 2019 में इंडियन सिनेमा का सबसे बड़ा अवार्ड 'दादा साहेब फाल्के फिल्म फाउंडेशन अवार्ड' मुझे मिला, वो मेरे लिए सबसे गर्व का पल था। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार ने एक कलाकार के रूप में मुझे सस्ते दाम पर फ्लैट भी उपलब्ध कराया।
- आपकी आने वाली फिल्म?
- जी, 'दुनिया तेरे नाम' एक लव स्टोरी पर आधारित फिल्म है, जिसमें मैं मुख्य विलेन की भूमिका निभा रहा हूं और इस साल के अंत तक फिल्म रिलीज करने की योजना है।
- स्टारडम बनने का ख्वाब देखने वाले युवक-युवतियों को आप क्या सलाह देना चाहेंगे?
- आज का दौर डिजिटल का है। अगर आपके भीतर हुनर है, तो बड़े मंच का इंतजार मत कीजिए, अपना खुद का मंच बनाइए। अगर आप साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं, आपका कोई मजबूत आधार नहीं है, तो स्टार बनने का सपना देखना बहुत कठिन डगर है। शोहरत एक नशा है, जो दिखने में आकर्षक है, लेकिन अक्सर इंसान को भटका भी देती है।

# ज्येष्ठ माह और जलदान का महत्व

'जल ही जीवन है' ज्येष्ठ माह की गर्मी की प्रचंडता इस कहावत को सौ फीसदी सच साबित करती है। सूर्य किरणों की तपन की ज्येष्ठता (प्रचंडता) के कारण हिन्दू पंचांग में वर्ष के तीसरे महीने को ज्येष्ठ कहा जाता है। सर्वाधिक बड़े दिन वाला यह महीना गर्मी के हिसाब से सबसे ज्यादा कष्टकारी होता है। इस महीने में 'नौतपा' नक्षत्र भी लगता है। 'नौतपा' यानी सर्वाधिक तपने वाले नौ दिन। ज्योतिषीय गणना के अनुसार माना जाता है कि जेठ महीने में सूर्य जब रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है, तब गर्मी प्रचंड पड़ती है। इन दिनों में वायुमंडल का अधिकतम तापमान 45 से 48 डिग्री तक पहुंच जाता है। आधुनिक मौसम वैज्ञानिक इसे 'हीट वेव' या लू वाले दिन भी कहते हैं।



पूनम नेगी
लखनऊ



## लोककवि घाघ व भड्डरी का सटीक मौसम विज्ञान

ज्ञात हो कि हमारे भारत की पुरातन कृषि संस्कृति के सदियों पुराने अनुभवों से निकले निष्कर्ष आज के मशीनी युग में भी कितने सही साबित हो रहे हैं, यह विचारणीय बिंदु है। भारतीय लोकजीवन के मौसम विज्ञानी माने जाने वाले महाकवि घाघ और भड्डरी द्वारा मध्ययुग में मौसम, वर्षा और कृषि को लेकर की गईं भविष्यवाणियां आज की इक्कीसवीं सदी में भी उतनी ही सटीक हैं, जो तब थीं, जब पर्यावरण संकट और ऋतु चक्र परिवर्तन जैसी कोई परिकल्पना भी नहीं थी। जानना दिलचस्प हो कि कहावतों और लोकोक्तियों में की गई इन भविष्यवाणियों में 'नौतपा' के बारे में लोककवि घाघ कहते हैं- जेठ मास जो तपे निरासा, तब जानों बरसा की आसा। तपै नवतपा नव दिन जोय, तौ पुन बरखा पूरन होय।। अर्थात यदि ज्येष्ठ माह में नौतपा खूब तपा तो उस साल बारिश जमकर होगी। वहीं यदि नौतपा के दौरान बारिश हो गई तो इसे 'नौतपा' का गलना कहा जाता है। ऐसा होने पर मानसून के दौरान अच्छी बारिश की संभावना नहीं होती। इसी तरह महाकवि घाघ के समकालीन लोककवि भड्डरी भी कहते हैं- सर्व तपे जो रोहिनी, सर्व तपे जो मूर। परिवा तपे जो जेठ की उपजे सातों तूर।। अर्थात जब जेठ के रोहिणी नक्षत्र की परेवा में गर्मी खूब गर्मी पड़ती है, तो उस वर्ष जमकर वर्षा होती है। वाकई हैरानी की बात है कि इन बातों का कोई वैज्ञानिक आधार न होते हुए भी यदि हम देश के मानसून के बारे में सोचें तो यह अनुमान सही प्रतीत होते हैं।



## भंडारों की पावन परंपरा



ज्येष्ठ माह में सूर्य के प्रचंड ताप के कारण कुएं, नदी, तालाब व पोखर आदि जलस्त्रोतों के सूख जाने के कारण जल संकट की समस्या गहरा जाती है। हम मनुष्य तो किसी तरह अपने आप को इस भीषण गर्मी से सुरक्षित रख लेते हैं, लेकिन उन निरीह पशु-पक्षियों का क्या जिनके लिए यह आग उगलती गर्मी किसी जानलेवा मुसीबत से कम नहीं होती।

भूख और प्यास की वजह से पशु-पक्षियों के दम तोड़ने की सर्वाधिक घटनाएं इसी चिलचिलाती गर्मी के मौसम में होती हैं। इन मूक पशु-पक्षियों का यूं भूखा-प्यासा रहकर दम तोड़ना हमारे प्रकृति चक्र और पर्यावरण के लिए बेहद अशुभ है। आज वैज्ञानिक भी मानते हैं कि भोजन श्रृंखला के चलते एक जीव का जीवन दूसरे पर और वनस्पती व जीवों का जीवन परस्पर अस्तित्व पर टिका है।

अप्राकृतिक रूप से कोई एक जीव मरता है, तो उससे पूरी श्रृंखला प्रभावित होती है। ज्ञात हो कि हमारे वैदिक मनीषी मानवी चेतना के मर्मज्ञ होने के साथ प्रकृति संरक्षण के ज्ञान विज्ञान के भी गहन जानकार थे। इसीलिए उन्होंने सदियों पूर्व ही कुदरत के ऋतु चक्र परिवर्तन के अनुरूप समाज में ऐसी परंपराएं विकसित कर दी थीं ताकि धार्मिक क्रियाकलापों के अनुपालन के साथ जन सामान्य विषम और प्रतिकूल परिस्तिथियों में कुदरत के ताने-बाने को क्षरित होने से बच सके। 'ज्येष्ठ' माह में जल संरक्षण के साथ अन्न व जलदान हमारे की महान पूर्वजों द्वारा विकसित ऐसी ही एक श्रेष्ठ परंपरा है, जिसका अनुपालन आज भी हमारी ग्राम्य संस्कृति में देखा जा सकता है। यह हमारी वैदिक महान संस्कृति की अत्यंत प्राचीन परंपरा है। इस परंपरा के तहत वैशाख व जयेष्ठ मास में जब गांव में फसल का नवीन अन्न आता है, तो पूरे माह भर स्थान पर देव पूजा के साथ भंडारे आयोजित किए जाते हैं। इन भंडारों से अनेक लाभ होते हैं। पहला तो समष्टि के प्रति लोकमंगल की भावना विकसित होती है। दूसरे इन आयोजनों में अमीर-गरीब सभी के लिए बिना किसी भेदभाव के प्रसाद पाने की व्यवस्था होने से सामाजिक समरसता बढ़ती है तथा तीसरे इनसे बंदर, कुत्ते, कौए, चिड़िया व चीटीं आदि अनेक मनुष्येत्तर जीवों को भी इस तपती शुष्क ऋतु में सहजता से पेट भरने लायक आहार उपलब्ध हो जाता है।

# गजलों से पहचान बनाते हमीद

चार दशक पहले हमीद खिजर को लगा शेर-ओ-शायरी का चस्का, आज जुनून की सूरत अख्तियार कर चुका है। पांच गजल संग्रहों के शायर हमीद खिजर ने अपने जुदा तेवरों वाली शायरी से अलग पहचान बनाई है। अब हमीद का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। वह अपनी शायराना सलाहियतों के दम पर धीरे-धीरे मंजिल की तरफ बढ़ रहे हैं। उन्हें राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश की ओर मिर्जा गालिब अवार्ड और अकबर इलाहाबादी अवार्ड मिल चुके हैं।



-राशिद हुसैन जुगनू
शाहजहांपुर

शाहजहांपुर के मोहल्ला दिलाजाक में सितंबर 1974 में जन्मे हमीद खां हमीद खिजर को शायरी विरासत में नहीं मिली। गुनगुनाने के शौक ने धीरे-धीरे हमीद को गजल तक पहुंचा दिया। उन्होंने कम उम्र में ही बाकायदा गजल लिखना शुरू किया था। उनका मार्गदर्शन पड़ोस में रहने वाले कहानी लेखक व शायर अयूब 'असर' ने किया। उन्होंने हमीद की बेतरतीब शायरी को राह दिखाई। हमीद ने अपनी जादुई आवाज से जब शायरी गुनगुनाई तो सभी उनके मुरीद होते चले गए।

हमीद ने अपनी अधूरी गजलों में नौ बरस तक अयूब असर से सही कराईं। बाद में उन्हीं की सलाह पर उस्ताद शायर 'सागर' वारसी से जुड़ गए। नए मार्गदर्शक ने उन्हें शायरी की नोक-पलक दुरुस्त करना सिखाया। इससे हमीद 'खिजर' की गजलों में नयापन आया।



अपनी जादुई आवाज और खूबसूरत कलाम से हमीद शहर में होने वाली महफिलों में छा गए। उन्होंने अपना दिलो-दिमाग शायरी में इस कदर लगाया कि उनके पास गजलों के ढेर लग गए।

हमीद ने इन बिखरी गजलों को संकलन के रूप में छपवाने में काफी मेहनत की। उनका पहला उर्दू गजल संग्रह 'लम्स-ए-शबनम' 2002 में प्रकाशित हुआ। इस संग्रह को खूब सराहना मिली। इसके बाद हमीद ने वर्ष 2002 में हिन्दी गजल संग्रह 'धड़कन' के नाम से निकाला। 'धड़कन' के जरिए हमीद ने अपने और जमाने के सुख-दुख का एहसास कराया है। हमीद का तीसरा गजल संग्रह उर्दू में 'लरजते साये' वर्ष 2015 में, चौथा हिन्दी गजल संग्रह 'ठंडी हवा के झोंके' 2016 में और पांचवा गजल संग्रह 'कर्बे शबनम' वर्ष 2020 में प्रकाशित हुआ। उन्होंने एक संग्रह 'भोर की लालिमा' 2022 में प्रकाशित कराया, जिसमें बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कई रचनाकारों के लेख शामिल हैं।

लोक निर्माण विभाग शाहजहांपुर में कार्यरत हमीद को शायरी की भूख है। वह चाहे कितने भी मायूस क्यों न हों, लेकिन मुश्किलों को भी झेलने का कलेजा रखकर हमीद, 'गजल' का खाका तैयार कर ही लेते हैं। हमीद ने गजल को कई रंग व ढंग देने में 'उस्तादाना' फन दिखाया है। हालांकि वह खुद इसे नहीं मानते। पाठकों के बीच उनकी शायरी पसंद की जाए, बस इसी को हमीद अपने लिए सबसे बड़ा इनाम मानते हैं। उनका कहना है कि शायरी ने उन्हें जीने की राह दिखाई है, इसे वह हमेशा लिखते रहेंगे।

हमीद को हिन्दी-उर्दू साहित्य सेवा के लिए उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की ओर से दो बार पुरस्कार भी मिले। उन्हें मिर्जा गालिब अवार्ड और अकबर इलाहाबादी अवार्ड से नवाजा गया। पुरस्कार मिलने से हमीद के हौसलों को नई उड़ान और नया आकाश मिला।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,328.19 | 24,176.15 |
| गिरावट | 516.33 | 150.50 |
| प्रतिशत में | 0.66 | 0.62 |

सोना 1,55,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,61,300 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, शनिवार, 9 मई 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### लीची के नुकसान का आकलन करेगा केंद्रीय कार्यबल

**नई दिल्ली** : केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को बताया कि बिहार में 'स्टिंक बग' (कीट) के हमले से लीची की फसलों को हुए नुकसान की जांच के लिए विशेषज्ञों का एक कार्यबल गठित किया गया है। किसानों की शिकायतों के बाद बनाया यह दल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान की सीमा का आकलन करेगा। कार्यबल किसानों को राहत देने के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश भी करेगा।

### केपीआईटी चेयरमैन रवि पंडित का निधन

**पुणे** : परिवहन प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी केपीआईटी टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक और चेयरमैन रवि पंडित का शुक्रवार सुबह पुणे में निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। कंपनी ने एक आधिकारिक बयान जारी कर उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। रवि पंडित एक स्वर्ण पदक विजेता चार्टर्ड अकाउंटेंट होने के साथ-साथ अमेरिका के प्रतिष्ठित एमआईटी स्लोन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के पूर्व छात्र भी थे।

### रतन टाटा ट्रस्ट की बोर्ड बैठक अब 16 मई को

**नई दिल्ली** : सर रतन टाटा ट्रस्ट के बोर्ड की शुक्रवार को होने वाली अहम बैठक टाल दी गई है। अब यह बैठक 16 मई को होगी। टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने बिना कोई कारण बताए इसे स्थगित करने का निर्णय लिया है। इस बैठक में टाटा संस के निदेशक मंडल (Board) में नामांकन पर पुनर्विचार किया जाना था। गौरतलब है कि बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक दिन पहले ही इस बैठक पर रोक लगाने की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था। टाटा समूह की मूल कंपनी टाटा संस में SRTT की 23.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### अकासा गिफ्ट सिटी में स्थापित करेगा लीजिंग इकाई

**गांधीनगर/नई दिल्ली** : अकासा एयर ने अपनी विस्तार योजनाओं को गति देने के लिए गुजरात की गिफ्ट सिटी (गांधीनगर) में एक समर्पित लीजिंग इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया है। एयरलाइन ने शुक्रवार को बताया कि अकासा एयर लीजिंग आईएफएससी प्राइवेट लिमिटेड उसकी विमान वित्तपोषण और लीजिंग क्षमताओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप मजबूत करेगी। यह नई इकाई अकासा एयर की दीर्घकालिक विकास रणनीति और बेड़ा विस्तार योजनाओं के लिए एक रणनीतिक मंच के रूप में कार्य करेगी। यह कार्यालय एयरलाइन को लागत दक्षता प्रदान करने के साथ-साथ वैश्विक पूंजी बाजारों तक सीधी पहुंच सुनिश्चित करेगा। संचालन शुरू होने के बाद, यह इकाई सीधे तौर पर एयरलाइन को विमान पट्टे पर लेने और वित्तीय समाधान उपलब्ध कराएगी।

# भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग पर दांव लगाएगा गूगल

## एआई और ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग के अवसर तलाश रही अमेरिकी टेक दिग्गज कंपनी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को वैश्विक एआई हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत, अमेरिकी टेक दिग्गज गूगल देश में एआई अवसंरचना, सर्वर और ड्रोन विनिर्माण के क्षेत्र में बड़े निवेश की तैयारी कर रही है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कंपनी के शीर्ष अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह जानकारी साझा की।

यह घोषणा गूगल द्वारा अप्रैल में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 15 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये) की लागत से बनने वाले एआई केंद्र की आधारशिला रखने के तुरंत बाद आई है। मंत्री वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि गूगल अब केवल सॉफ्टवेयर ही नहीं, बल्कि हार्डवेयर और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भी भारत के साथ गहरी साझेदारी करने की इच्छुक है। कंपनी का मुख्य फोकस देश में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, स्थानीय स्तर पर सर्वर विनिर्माण और ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग पर है। इसके तहत गूगल एआई डेटा सेंटर्स की कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने, डेटा सुरक्षा के लिए सर्वर निर्माण और कृषि, लॉजिस्टिक्स व रक्षा क्षेत्रों के लिए उन्नत ड्रोन तकनीक के उत्पादन पर काम करने की योजना बना रही है।





- विशाखापत्तनम में 15 अरब डॉलर के एआई केंद्र के बाद अब सर्वर निर्माण पर फोकस

विशेषज्ञों का मानना है कि गूगल का यह निवेश भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। बैठक में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को भारत की ओर मोड़ने और उच्च-तकनीकी रोजगार पैदा करने पर भी चर्चा हुई। सरकार के सेमीकंडक्टर और आईटी हार्डवेयर के लिए दिए जा रहे पीएलआई (PLI) स्कीम के प्रोत्साहनों ने गूगल जैसी कंपनियों को स्थानीय विनिर्माण के लिए आकर्षित किया है।

### भारत में गूगल के निवेश का रोडमैप

- सरकार के 'मेक इन इंडिया' और 'एआई फॉर ऑल' मिशन को गति देने के लिए गूगल इन क्षेत्रों पर केंद्रित है
- AI इंफ्रास्ट्रक्चर : देश में गीगावाट-स्केल के AI डेटा सेंटर्स और कंप्यूटिंग क्षमता का विस्तार।
- सर्वर विनिर्माण : स्थानीय स्तर पर सर्वर निर्माण से डेटा संप्रभुता और साइबर सुरक्षा को मजबूती।
- ड्रोन टेक्नोलॉजी : कृषि, लॉजिस्टिक्स और रक्षा क्षेत्रों के लिए उन्नत ड्रोन विनिर्माण और नवाचार।
- विशाखापत्तनम हब : आंध्र प्रदेश में 15 अरब डॉलर की लागत से 'भारत AI हब' का निर्माण।

## मिठास के साथ शुरुआत



पश्चिम बंगाल में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले बांकुड़ा के एक मिष्ठान भंडार में 'कमल' छाप और केसरिया संदेश तैयार करते कारीगर। राज्यभर में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद मिठाइयों की मांग कई गुना बढ़ गई है।

# कनाडा के साथ समझौते पर सहमति

**नई दिल्ली:** भारत और कनाडा ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के लिए बातचीत का दूसरा दौर शुक्रवार को नई दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 4 से 8 मई तक चली इस पांच दिवसीय वार्ता की मेजबानी भारत के वाणिज्य विभाग ने की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच 'बेहद रचनात्मक और सार्थक' चर्चा हुई। वार्ता का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा संतुलित और महत्वाकांक्षी समझौता तैयार करना है, जो दोनों देशों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी साबित हो सके। पांच दिवसीय बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने और एक संतुलित व परस्पर लाभकारी समझौते पर पहुंचने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

वार्ता में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, बौद्धिक संपदा, उत्पादन के मूल स्थान के नियमों, स्वच्छता और पादप-स्वच्छता उपायों तथा व्यापार में आने वाली तकनीकी बाधाओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# पश्चिम एशिया संकट: तेल कंपनियों को हो रहा हर महीने 30,000 करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

- कच्चे तेल की कीमतें 120 डालर के पार; पेट्रोल पर 18 और डीजल पर 25 प्रति लीटर का घाटा झेल रही हैं कंपनिया
- अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उबाल, भारत में स्थिर रहे दाम; तेल कंपनियों के मार्जिन पर बढ़ा भारी दबाव

पश्चिम एशिया में गहराते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेजी ने भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की वित्तीय स्थिति को संकट में डाल दिया है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें जो दो महीने पहले लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं, वे अब उछलकर 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई हैं। इस जबरदस्त उछाल के बावजूद घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम स्थिर रखे गए हैं, इससे इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल जैसी कंपनियों को प्रतिदिन 700 से 1,000 करोड़ रुपये का भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। मासिक आधार पर यह नुकसान करीब 30,000 करोड़ तक पहुंच गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि बाजार में भारी उतार-चढ़ाव और आपूर्ति बाधित होने के कारण पेट्रोलियम कंपनियों की लागत और खुदरा बिक्री मूल्य के बीच का अंतर मार्च और अप्रैल के दौरान बहुत बढ़ गया है।

अनुमानों के मुताबिक, अप्रैल में कंपनियों को पेट्रोल की बिक्री पर करीब 18 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 25 रुपये प्रति लीटर तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि, उन्होंने यह बताने से फिलहाल इनकार कर दिया कि घरेलू कीमतें आगे भी स्थिर रहेंगी या नहीं, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का अब तक का पूरा प्रयास उपभोक्ताओं पर बोझ न डालने का रहा है। सरकार ने इन कंपनियों पर पड़ रहे वित्तीय बोझ को कुछ हद तक कम करने के लिए उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में महत्वपूर्ण कटौती की है। पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपये कर दिया गया है, जबकि डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार, यदि सरकार उत्पाद शुल्क में यह कटौती नहीं करती, तो तेल कंपनियों पर घाटे का यह बोझ 62,500 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता था। शुल्क में की गई इस कटौती की वजह से अब केंद्र सरकार को भी हर महीने करीब 14,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। बाजार विशेषज्ञों और रेटिंग एजेंसियों का मानना है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और खुदरा दरों में बदलाव न होने से तेल कंपनियों के बहीखाते और मुनाफे पर गहरा असर पड़ा है। यदि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक इसी उच्च स्तर पर बनी रहती हैं, तो कंपनियों को अपनी कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए बाजार से अतिरिक्त कर्ज लेना पड़ सकता है। इससे न केवल उनके ऋण के स्तर में वृद्धि होगी, बल्कि उनकी भविष्य की पूंजीगत व्यय योजनाओं और विस्तार परियोजनाओं की भी समीक्षा करनी पड़ सकती है। फिलहाल, मंत्रालय आपूर्ति श्रृंखला की कड़ी निगरानी कर रहा है ताकि ऊर्जा संकट की स्थिति पैदा न हो।

# महाराष्ट्र में प्याज किसानों पर आर्थिक संकट, 1,500 रुपये सब्सिडी की मांग

**मुंबई/नासिक:** महाराष्ट्र में प्याज की कीमतों में भारी गिरावट और खेती की बढ़ती लागत के कारण किसान बड़े आर्थिक संकट में फंस गए हैं। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ ने शुक्रवार को कहा कि किसान अपनी उत्पादन लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं, जिससे राज्य में 'आर्थिक तबाही' जैसे हालात हैं। संघ ने सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करते हुए किसानों को 1,500 रुपये प्रति क्विंटल की सब्सिडी देने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष भरत दिघोले ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में खाद, बीज, मजदूरी और परिवहन की लागत बढ़ी है, जबकि प्याज के दाम न्यूनतम स्तर पर पहुंच गए हैं। नासिक और सोलापुर जैसी प्रमुख मंडियों में किसानों को उनकी लागत से भी कम दाम मिल रहे हैं, जिससे उनकी स्थिति दयनीय हो गई है। सोलापुर मंडी में एक किसान को अपनी पूरी फसल बेचने के बाद सभी खर्च काटकर बहुत ही कम राशि प्राप्त हुई। कम कीमतें मिलने के विरोध में छत्रपति संभाजीनगर के वैजापुर में किसानों ने नीलामी रोककर धरना दिया। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि निर्यात नीतियों में सुधार नहीं किया गया और एमएसपी की घोषणा नहीं हुई, तो पूरे राज्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### किसानों की प्रमुख मांगें

- किसानों ने कहा है कि प्याज उत्पादकों को 1,500 प्रति क्विंटल की तत्काल सब्सिडी मिले।
- प्याज के लिए गारंटीशुदा न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित हो।
- निर्यात पर लगी सभी पाबंदियां तुरंत हटाई जाएं।
- बाजार समितियों में कमीशन और बिचौलियों पर लगाम लगे।

# एमएसपी पर फसलों की खरीद में तेजी लाएं एजेंसियां : शिवराज

नई दिल्ली, एजेंसी

- थोक मंडियों में चना, मसूर, उड़द और सरसों जैसी फसलों की कीमतें समर्थन मूल्य से नीचे आने के बाद हुई समीक्षा बैठक

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सरकारी सहकारी संस्थाओं नाफेड और एनसीसीएफ को रबी फसलों, विशेषकर दलहन और तिलहन की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया है। यह निर्देश थोक मंडियों में चना, मसूर, उड़द और सरसों जैसी फसलों की कीमतें समर्थन मूल्य से नीचे आने के बाद एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान दिया गया।

**जिला-स्तर पर बनेगी कार्ययोजना** : बैठक में यह निर्देश दिया गया कि जिला-स्तर पर उत्पादन के अनुमानों, बाजार में आने वाली संभावित उपज और कम से कम 25 प्रतिशत की खरीद क्षमता के आधार पर ठोस कार्ययोजनाएं तैयार की जाएं। मंत्री ने निगरानी को बेहतर बनाने के लिए राज्य-स्तरीय पोर्टलों को केंद्र के सीएनए पोर्टल के साथ एकीकृत करने को कहा है ताकि पूरी प्रक्रिया को ट्रैक किया जा सके और बिचौलियों को रोका जा सके।

बैठक के दौरान बिहार में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की कमी, गुजरात में भुगतान में देरी और महाराष्ट्र में डेटा मिलान जैसे राज्य-विशिष्ट मुद्दों पर भी चर्चा हुई। चौहान ने आश्वासन दिया कि जहाँ भी स्थानीय प्रशासनिक बाधाओं के कारण खरीद प्रभावित हो रही है, वहाँ केंद्र सरकार राज्य सरकारों के साथ सक्रिय समन्वय बनाकर हस्तक्षेप करेगी। उन्होंने दोहराया कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किसानों को यह भरोसा दिलाना आवश्यक है कि बाजार की नरमी के समय भी उन्हें सरकारी खरीद का पूरा समर्थन मिलेगा।

### 72 घंटों के भीतर भुगतान की गारंटी

चौहान ने खरीद कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि वे इस प्रक्रिया को केवल एक सरकारी औपचारिकता न मानकर 'अभियान स्तर' पर जिम्मेदारी के रूप में लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि बाजार की कीमतें कम होने पर खरीद समय पर नहीं की जाती, तो यह किसानों के हित में नहीं होगा। पारदर्शिता और त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के लिए मंत्री ने एक सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) लागू करने का आदेश दिया है, जिससे खरीद के 72 घंटों के भीतर किसानों को उनकी उपज का भुगतान सीधे बैंक खातों में मिल सके।

# एयर इंडिया ने कसी कमर: खर्चों में कटौती के निर्देश

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और वैश्विक चुनौतियों के बीच एयर इंडिया ने अपनी वित्तीय स्थिति को संतुलित करने के लिए 'खर्च कटौती' के कड़े कदम उठाए हैं। एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (कैंपबेल विल्सन ने शुक्रवार को कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गैर-जरूरी खर्चों पर तुरंत लगाम लगाई जाए और अनावश्यक खर्चों को फिलहाल टाल दिया जाए।

- प्रबंधन ने कहा -चुनौतियों के बावजूद छंटनी नहीं होगी

सीईओ विल्सन ने मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) संजय शर्मा और मुख्य एचआर अधिकारी रवींद्र कुमार के साथ कर्मचारियों को संबोधित किया। सूत्रों के अनुसार, विल्सन ने मौजूदा वैश्विक हालात को एयरलाइन के लिए 'मुश्किल' बताते हुए लागत घटाने की जरूरत पर जोर दिया। हालांकि, प्रबंधन ने साफ तौर पर कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद कर्मचारियों की छंटनी नहीं की जाएगी।

कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्य मानव संसाधन अधिकारी रवींद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि पिछले वित्त वर्ष के लिए 'परिवर्तनीय वेतन' (वेरिएबल पे) जारी रखा जाएगा।

### किफायती घर की बदले परिभाषा : एसबीआई

**मुंबई** : एसबीआई के चेयरमैन सी.एस. शेट्टी ने कहा कि हाल के वर्षों में घरों की कीमतों में हुई तेज वृद्धि के कारण अब पुराने मानदंडों की समीक्षा करना आवश्यक हो गया है। एसबीआई का औसत होम लोन साइज पिछले दो वर्षों में 35-40 लाख रुपये से बढ़कर 51 लाख रुपये हो गया है। वर्तमान नियमों के अनुसार, 45 लाख रुपये तक की कीमत वाले घरों को किफायती आवास की श्रेणी में रखा जाता है।

# विमान लीजिंग क्षेत्र में 50 अरब डॉलर के अवसर

गांधीनगर, एजेंसी

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने भारत के विमानन क्षेत्र को वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा बयान दिया है। शुक्रवार को गिफ्ट सिटी में 'भारत विमान लीजिंग एवं वित्तपोषण शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में विमान लीजिंग पारितंत्र के लिए अगले एक दशक में 50 अरब डॉलर के अवसर मौजूद हैं। नायडू ने घरेलू लीजिंग तंत्र की आवश्यकता पर जोर देते हुए विमानन क्षेत्र के भविष्य का खाका पेश किया। साल 2027 तक वाणिज्यिक विमानों की संख्या 1,100 और 2035 तक 2,250 से अधिक होने की उम्मीद है। वर्तमान में भारतीय एयरलाइंस के 1,640 विमानों की डिलीवरी लंबित है। भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ता विमानन बाजार है, बल्कि विमान वित्तपोषण के वैश्विक क्षेत्राधिकार के रूप में भी उभर रहा है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण और फिक्की द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल मुख्य अतिथि रहे। मंत्री ने इस वृद्धि को समर्थन देने के लिए मजबूत घरेलू वित्तपोषण तंत्र विकसित करने पर बल दिया।

### यस बैंक पर 31.8 लाख रुपये का जुर्माना


**मुंबई।** आरबीआई ने केवाईसी मानदंडों का पालन न करने पर यस बैंक पर 31.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बैंक उन ग्राहकों का केवाईसी पहचानकर्ता इस्तेमाल करने में विफल रहा, जिनके रिकॉर्ड पहले से ही केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री में मौजूद थे। इसके अतिरिक्त, आरबीआई ने एक अन्य मामले में हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड पर भी 1.8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

**पर्यटन** | 2025 में हुई 32.8 अरब डॉलर की रिकॉर्ड आय, वैश्विक तनाव से मांग घटने की आशंका

# एक साल में 1.69 करोड़ पर्यटक पहुंचे सिंगापुर

सिंगापुर, एजेंसी

सिंगापुर ने वर्ष 2025 में पर्यटन के क्षेत्र में अब तक का सबसे शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्ष 1.69 करोड़ अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों ने सिंगापुर की यात्रा की, जिससे देश को रिकॉर्ड 32.8 अरब सिंगापुर डॉलर (लगभग 25.9 अरब अमेरिकी डॉलर) की आय हुई। यह 2024 की तुलना में बड़ी वृद्धि है, जब 1.65 करोड़ पर्यटकों से 29.8 अरब सिंगापुर डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ था। हवाई यातायात के मोर्चे पर भी देश ने मजबूती दिखाई और चांगी हवाई अड्डे पर लगभग सात करोड़ यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई।



### टूरिज्म 2040' और भविष्य की योजनाएं

सिंगापुर की व्यापार संबंधों की प्रभारी मंत्री ग्रेस फू ने भविष्य की वृद्धि को गति देने के लिए 'टूरिज्म 2040' रणनीति के तहत 74 करोड़ सिंगापुर डॉलर की अतिरिक्त वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

इस महत्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य 2040 तक पर्यटन आय को 47 अरब से 50 अरब सिंगापुर डॉलर के बीच पहुँचाना है। इस कोष के माध्यम से व्यवसायों को मार्केटिंग और व्यावसायिक आयोजनों में भागीदारी बढ़ाने के लिए 50 लाख सिंगापुर डॉलर का अनुदान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एक 'मार्केट एक्सेस फंड' के लिए भी 50 लाख सिंगापुर डॉलर निर्धारित किए गए हैं, जो कंपनियों को नए बाजारों में विस्तार करने में मदद करेगा।

### 2026 के लिए चुनौतियां

सिंगापुर पर्यटन बोर्ड ने वर्ष 2026 के लिए भी सकारात्मक अनुमान पेश किए हैं। बोर्ड के अनुसार, 2026 में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या 1.7 करोड़ से 1.8 करोड़ के बीच रहने की उम्मीद है, जिससे 31 अरब से 32.5 अरब सिंगापुर डॉलर की आय हो सकती है। हालांकि, इस उत्साहजनक प्रदर्शन के बीच सतर्कता भी बरती जा रही है। सिंगापुर पर्यटन बोर्ड की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मेलिसा आउ ने चेतावनी दी है कि वैश्विक अनिश्चितताओं और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण आने वाले महीनों में पर्यटन की मांग पर दबाव रह सकता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संकट और उपभोक्ता खर्च पर पड़ने वाले प्रभावों के कारण आगे की राह चुनौतीपूर्ण बनी हुई है।

# अमेजन डिलीवरी पार्टनर्स के लिए बनाएगा विश्राम केंद्र

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन इंडिया ने अपने डिलीवरी पार्टनर्स के कल्याण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'आश्रय केंद्रों' की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है।

कंपनी इस साल 150 नए केंद्र स्थापित करेगी, जिससे वर्ष 2026 के अंत तक इनकी कुल संख्या बढ़कर 250 हो जाएगी। शुक्रवार को जारी एक बयान में कंपनी ने बताया कि इस विस्तार योजना के तहत मई के अंत तक ही 50 नए केंद्र खोल दिए जाएंगे। अमेजन इंडिया के संचालन निदेशक सलीम आर मेमन ने कहा कि डिलीवरी नेटवर्क से जुड़े सहयोगियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# अंतरिक्ष क्षेत्र : वैश्विक मानक तय करने में भूमिका निभाएगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईएसओ की बैठक में विशेषज्ञों का मंथन; इन-स्पेस और बीआईएस ने भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय ढांचे के अनुरूप ढालने पर दिया जोर

भारत अब वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में न केवल अपनी भागीदारी बढ़ा रहा है, बल्कि इस क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय मानक तय करने में भी अग्रणी भूमिका निभाने का इच्छुक है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि नीतिगत सुधारों और 'इन-स्पेस' जैसी निजी भागीदारी वाली पहलों के कारण भारत की वैश्विक भूमिका मजबूत हुई है। भारतीय मानकों को वैश्विक ढांचे से जोड़ने की तैयारीभारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित इस बैठक में 13 देशों के 131 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बीआईएस के महानिदेशक संजय गर्ग ने बताया कि संगठन भारतीय मानकों को अंतरराष्ट्रीय ढांचे के अनुरूप ढालने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से देश के विशेषज्ञों को वैश्विक मानकीकरण की प्रक्रिया में सीधे भागीदारी का अवसर मिल रहा है, जो भविष्य के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है। नवाचार और सुरक्षा के लिए मानक जरूरी'इन-स्पेस' के चेयरमैन पवन गोयनका ने जोर देते हुए कहा कि भारत को वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए मजबूत मानक आधारशिला का काम करेंगे। आईएसओ की यह उपसमिति अंतरिक्ष प्रणालियों के डिजाइन, निर्माण, प्रक्षेपण और संचालन जैसे पूरे जीवनचक्र के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक विकसित करती है। इसमें मिशन की सुरक्षा, तकनीकी अनुकूलता और दीर्घकालिक स्थिरता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि भारत के निजी और सरकारी अंतरिक्ष मिशन वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इंडोनेशिया: ज्वालामुखी में विस्फोट से तीन पर्वतारोहियों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के एक दूरस्थ द्वीप पर स्थित माउंट डुकोनो ज्वालामुखी में विस्फोट से तीन पर्वतारोहियों की मौत हो गई। उत्तर हलमाहेरा के पुलिस प्रमुख एर्लिचसन पासारिबू ने बताया कि सुरक्षा प्रतिबंधों की अवहेलना करते हुए, लगभग 20 पर्वतारोही बृहस्पतिवार को हलमाहेरा द्वीप पर स्थित लगभग 1,355 मीटर (4,445 फुट) ऊंचे ज्वालामुखी पर चढ़ाई करने के लिए रवाना हुए। इंडोनेशिया की भूवैज्ञानिक एजेंसी के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 41 मिनट पर डुकोनो ज्वालामुखी में विस्फोट से लोग वहां फंस गए। पासारिबु ने कहा, पर्वतारोहियों को पता था कि चढ़ाई प्रतिबंधित है, लेकिन वे आगे बढ़ते रहें। दुर्घटना की सूचना के बाद बचाव दलों को तुरंत मौके पर भेजा गया।

### पाकिस्तान: मोर्टार का गोला फटने से छह की मौत, 13 घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मोर्टार का गोला फटने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, यह घटना हांगू जिले के दुर्रानी बांदा इलाके में उस समय हुई, जब सुरक्षा बल उन आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चला रहे थे जिन्होंने बृहस्पतिवार को रिहाइशी इलाके में मोर्टार के गोले दागे थे। अधिकारी ने बताया कि मृतकों में नाबालिग और युवक शामिल हैं। वहीं, घायलों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को इलाज के लिए हांगू के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर घायल छह लोगों को कोहाट के अस्पतालों में रेफर किया है। इनमें से कई लोगों की हालत काफी नाजुक है।

# अमेरिकी जहाजों पर ईरानी हमले के बाद भी ट्रंप का दावा- युद्धविराम अभी बरकरार

## हमले को मामूली घटना बताया, कहा- समझौते पर दस्तखत न किए होंगे गंभीर परिणाम

**तेहरान/वाशिंगटन, एजेंसी**

रणनीतिक रूप से ईरान का महत्वपूर्ण हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक जहाजों और ईरानी सेना के बीच गुरुवार की देर रात सीधे हमले के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि दोनों देशों के बीच महीने भर से चला आ रहा संघर्ष विराम अब भी कायम है। ट्रंप ने इस घटना को मामूली करार देते हुए ईरान की ओर से उकसावा बताया, साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसी अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए तो नतीजे बेहद गंभीर होंगे।

यह टकराव गुरुवार देर रात उस समय शुरू हुआ जब तीन अमेरिकी विध्वंसक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पुष्टि की कि ईरान की ओर से जहाजों पर मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया गया जिन्हें उसकी सेनाओं ने सफलतापूर्वक मार गिराया। इसके बाद शुक्रवार तड़के केश्म द्वीप और बंदर अब्बास के पास स्थित उन ठिकानों पर कड़ा जवाबी हमला किया, जहां से यह हमला किया गया था। ईरान के ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसकी सेना ने अमेरिकी नौसैनिक संसाधनों को सफलतापूर्वक निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ और अमेरिकी युद्धपोतों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। आईआरजीसी के प्रवक्ता ने कहा कि यह अभियान एक ईरानी तेल टैंकर एम/टी हसना पर पहले हुए अमेरिकी हमले का सीधा जवाब था, जिसे ईरान संघर्ष विराम का स्पष्ट उल्लंघन मानता है।



अमेरिकी युद्धपोतों पर ईरान की सेना की ओर से दागी गईं मिसाइलें।

### ईरान ने कहा- दुस्साहस किया तो फिर करारा जवाब देंगे

ईरानी अधिकारियों ने कहा कि उनकी कार्रवाई रक्षा के अधिकार का वैध उपयोग थी और चेतावनी दी कि क्षेत्र में किसी भी अन्य अमेरिकी दुस्साहस का और भी करारा जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि किसी भी अमेरिकी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई आत्मरक्षा में उठाया गया एक आवश्यक कदम था। अमेरिका का कहना है कि उसकी कार्रवाई बिना उकसावे के की गई थी। वहीं आईआरजीसी ने दावा किया कि ये हमले उसके तेल टैंकर पर पहले हुए अमेरिकी हमले के जवाब में किए गए थे।

### अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान का कोई जवाब नहीं, ट्रंप बोले- खत्म हो रहा है धैर्य

ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार अमेरिका के प्रस्ताव पर ईरान अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा है और उसने अमेरिकी पक्ष को कोई जवाब नहीं दिया है। उधर, ट्रंप ने कहा है कि उनका धैर्य कम होता जा रहा है। तेहरान को चेतावनी दी जा रही है कि यदि उसने ऐसा समझौता मंजूर नहीं किया जिससे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति फिर शुरू हो सके तो उस पर दोबारा बमबारी की जा सकती है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी नौसेना पर हमले के बाद इन चेतावनियों को दोहराया। उन्होंने कहा, यदि समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हुए तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। ईरान के साथ समझौते पर पूछे गए सवाल पर कहा, यह किसी भी दिन हो सकता है। बाद में तुरंत यह भी जोड़ा, और यह नहीं भी हो सकता है।

## क्यूबा में अभी सैन्य कार्रवाई पर विचार नहीं कर रहा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से क्यूबा को बार-बार दी गई धमकियों के बावजूद अमेरिका क्यूबा के खिलाफ किसी तात्कालिक सैन्य कार्रवाई पर विचार नहीं कर रहा है। अधिकारियों ने यह दावा किया। ट्रंप ने धमकी दी थी कि अगला नंबर क्यूबा का है। यह भी संकेत दिया था कि ईरान युद्ध के लिए पश्चिम एशिया में तैनात अमेरिकी युद्धपोत क्यूबा के रास्ते लौट सकते हैं। क्यूबा के अधिकारियों के साथ प्रारंभिक बातचीत में शामिल अधिकारियों ने बताया कि उन्हें इस बात की ज्यादा उम्मीद नहीं है कि साम्यवादी सरकार मानवीय सहायता के रूप में करोड़ों डॉलर, सभी क्यूबाई नागरिकों के लिए दो वर्षों तक स्टार्लिंक की मुफ्त इंटरनेट सेवा, कृषि सहायता और बुनियादी ढांचे के समर्थन के प्रस्ताव को स्वीकार करेगी। हालांकि क्यूबा ने अभी इस प्रस्ताव को पूरी तरह ठुकराया नहीं है, जबकि इसके साथ ऐसी शर्तें जुड़ी हैं जिनका सरकार लंबे समय से विरोध करती रही है।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण मंत्री को कोई पछतावा भी नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह की आपत्तिजनक टिप्पणी को अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण करार दियास साथ ही शुक्रवार को यह कहते हुए राज्य सरकार को मंत्री शाह पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने का निर्देश जारी किया कि अब बहुत हो गया।

मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने यह टिप्पणी ऑपरेशन सिंदूर के ठीक बाद की थी। राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मंत्री ने दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणी की, लेकिन तुरंत माफी मांग ली। सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण है और उन्हें कोई पछतावा नहीं हो रहा है। पीठ ने मंत्री और राज्य सरकार की ओर से आगे की दलीलें सुनने से इन्कार कर दिया और मध्यप्रदेश सरकार को (मुकदमे की) मंजूरी देने के संबंध में उपयुक्त निर्णय लेने के लिए 19 जनवरी के अपने निर्देश का चार सप्ताह के भीतर पालन करने को कहा। पीठ ने राज्य सरकार से कहा, बहुत हो गया।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बहुत हो गया मंत्री पर मुकदमा चलाने को चार हफ्ते में मंजूरी दे राज्य सरकार



### बचाव में दलीलें सुनने से किया इन्कार

### मेहता ने कहा- प्रशंसा करना चाहते थे मंत्री, सीजेआई बोले- हमें पता है प्रशंसा करने में नेता कितने माहिर

सुनवाई के शुरू में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्पष्ट किया कि वह शाह का बचाव नहीं कर रहे हैं, लेकिन संभवत: मंत्री का इरादा अधिकारी की प्रशंसा करने का था, लेकिन उन्होंने कुछ और कह दिया और उसे ठीक से व्यक्त नहीं कर पाए। शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा कि यह उनका निजी विचार था। सीजेआई ने कहा, हम जानते हैं कि अगर इन राजनीतिक हस्तियों को किसी की प्रशंसा करनी हो, तो वे अपने शब्दों को कितनी कुशलता से व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह जुबान फिसलने की बात थी, तो वह जल्द ही माफी मांग सकते थे। पीठ ने कहा कि 19 जनवरी के उसके आदेश के अनुसार, राज्य सरकार को मंजूरी देने के संबंध में दो सप्ताह में निर्णय लेना था। पीठ ने कहा, राज्य सरकार इस संबंध में निर्णय ले। कोर्ट ने 19 जनवरी को कहा था कि एसआईटी ने जांच पूरी कर ली है और अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

# चिंताजनक आंकड़ा... साल 2024 में 1.70 लाख लोगों ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'भारत में अपराध 2024' और 'आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या 2024' (एडीएसआई 2024) रिपोर्ट के आंकड़ों ने देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2024 में कुल 1,70,746 लोगों ने आत्महत्या की। इस संकट का सबसे ज्यादा असर दैनिक मजदूरों, किसानों, बेरोजगार युवाओं और गृहिणियों पर देखा गया है। देश की राजधानी दिल्ली आत्महत्या के मामलों में सबसे ऊपर है। इसके बाद बेंगलुरु का नंबर है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश में कुल संज्ञेय अपराधों में छह प्रतिशत गिरावट आई है। 2023 में जहां 62.41 लाख मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2024 में यह संख्या घटकर 58.86 लाख रह गई है। प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध दर भी 448.3 से घटकर 418.9 हो गई है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि बीएनएस लागू होने के बाद 'हर्ट' के मामलों के वर्गीकरण में बदलाव के कारण इन मामलों में कमी दर्ज की गई है। वजह यह है कि पहले आईपीसी के तहत छोटे-मोटे झगड़ों को भी 'हर्ट' में दर्ज कर लिया जाता था, लेकिन बीएनएस की धाराओं में बदलाव किया गया है। अब मामलों को 'हर्ट' के बजाय अन्य श्रेणियों में डाला जा रहा है या रिपोर्टिंग के तरीके बदल गए हैं।

### जान देने वालों में दैनिक मजदूर, किसान बेरोजगार युवा, गृहिणियां सर्वाधिक

### दुखद... बच्चों के खिलाफ अपराधों में 5.9% वृद्धि, 37% केस पॉक्सो एक्ट के

देश के लिए सबसे दुखद पहलू बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराध हैं। पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में 5 .9 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। साल 2024 में बच्चों के खिलाफ अपराध के कुल 1,87,702 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 69,191 मामले पॉक्सो एक्ट के थे यानी बच्चों के खिलाफ हुए कुल अपराध का 37 फीसदी। इसके साथ ही लापता बच्चों के मामलों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### ड्रग ओवरडोज से होने वाली मौतें 50% और साइबर क्राइम के केस 18% बढ़े

ड्रग ओवरडोज से होने वाली मौतों में लगभग 50 प्रतिशत का उछाल आया है, जिससे तमिलनाडु और पंजाब जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित हैं। डिजिटल इंडिया के दौर में साइबर अपराध सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। साइबर क्राइम के मामलों में 17–18 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी हुई है, जो 86,420 से बढ़कर 1,01,928 तक पहुंच गये हैं। इनमें से 72 .6 प्रतिशत मामले ऑनलाइन फ्रॉड से संबंधित हैं। राज्यों में तेलंगाना (27,230 मामले) साइबर अपराधों का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है, जिसके बाद कर्नाटक का स्थान है।

## केअर स्टार्मर ने ली स्थानीय चुनावों में हार की जिम्मेदारी

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी को मिली करारी हार की जिम्मेदारी वह लेते हैं। इन चुनावों में आप्रवासन विरोधी रुख वाली 'रिफॉर्म यूके' पार्टी को बड़ी जीत मिली है।

स्टार्मर ने बृहस्पतिवार को पूरे ब्रिटेन में हुए स्थानीय परिषदों और स्कॉटलैंड एवं वेल्स की संसदों के चुनावों की मतगणना के दौरान पत्रकारों से कहा कि इस परिणाम से देश की अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद चुनौतियों से निपटने के उनके संकल्प में कोई कमी नहीं आएगी। वेस्टमिंस्टर, साउथेम्प्टन, एक्सेटर, रेडिच, वैंड्सवर्थ, हार्टलपूल, टैमवर्थ और टेमसाइड की कई महत्वपूर्ण परिषदों में 'लेबर पार्टी' का बहुमत छिन जाने के बाद स्टार्मर पर पार्टी नेता और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने का दबाव बढ़ रहा है। स्टार्मर ने कहा, नतीजे खराब हैं, बहुत खराब हैं और इसे छिपाया नहीं जा सकता।उन्होंने कहा, देशभर में लेबर पार्टी के प्रतिभाशाली प्रतिनिधियों को हार मिली है। ये वे लोग थे, जिन्होंने अपने समुदायों और हमारी पार्टी के लिए बहुत कुछ किया।

## साल भर बाद चीन ने कुबूला ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की थी पाकिस्तान की मदद

**बीजिंग।** चीन ने पहली बार इस बात की पुष्टि की है कि उसने पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान इस्लामाबाद को रण क्षेत्र में प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान की थी। चीन की आधिकारिक मीडिया ने यह जानकारी दी। चीन के सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने बृहस्पतिवार को चीन के विमानन उद्योग निगम (एवीआईसी) के चेंगदू वायुयान केंद्र एवं अनुसंधान संस्थान के इंजीनियर झांग हेंग का साक्षात्कार प्रसारित किया। एवीआईसी चीन के उन्नत लड़ाकू विमानों और मानवरहित वायुयान का प्रमुख विकासकर्ता है। बताया गया कि झांग ने पिछले साल मई में चार दिवसीय संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान की थी। पाकिस्तान की वायुसेना के पास चीन निर्मित जे-10सीई लड़ाकू विमानों का बेड़ा है, जिनका उत्पादन एवीआईसी की सहायक कंपनी करती है। झांग ने 'सीसीटीवी' को बताया कि उनकी टीम को रण क्षेत्र में सहायता प्रदान करने में और भी बेहतर काम करने की इच्छा और यह सुनिश्चित करने की लगन ने प्रेरित किया कि उनके उपकरण अपनी पूरी युद्ध क्षमता के साथ प्रदर्शन कर सकें।

**उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0, निर्माण इकाई–22**
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
CIN: U15209UP1976SGC004285
ISO 9001:2015
200 (एन–11) रायपुरराजा, सिविल लाइन जनपद–बहराइच (उ0प्र0) पिन– 271801

पत्रांक 113/पी.सी.एल./प0प्र0/मैनुअल–निविदा दिनॉकः 08/05/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग–4 के अन्तर्गत निम्नांकित कार्य हेतु यू0पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0 में सभी श्रेणी में पंजीकृत फर्मों से प्रतिशत दर आधारित मैनुअल सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | लागत लाख रु. | निविदा शुल्क जीएसटी सहित | जमानत धनराशि | कार्य अवधि | आमंत्रण निविदा तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला बलरामपुर में कारागार के अन्दर 02 नग समरसेबल पम्प का कार्य | 4.37 लाख | 2000+18% GST | रु0 8740.00 राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 जो परियोजना प्रबन्धक निर्माण इकाई–22 यू0पी0पी0सी0 एल0 के नाम बन्धक हो। | 45 दिन वर्षा ऋतु सहित | दिनॉक 09.05.2026 से 13.05.2026 अपरान्ह 3:00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण सूचना शर्तें एवं निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यालय दिवस में निविदा शुल्क लेखा पटल पर देकर, दिनॉक 09.05.2026 से दिनॉक 13.05.2026 अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में डाली जा सकेगी, जो दिनॉक 13.05.2026 को सायं 4:00 बजे सम्बन्धित फर्म अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।

परियोजना प्रबन्धक
निर्माण इकाई–22

**VARUN ARJUN UNIVERSITY**
V.A.U — The path to education
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh, India - 242307

**Accreditations, Affiliations & Approvals**
University Grants Commission of India · Medical Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Uttar Pradesh State Medical Faculty

**ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27**
**CUET (UG/PG) - 2026 Score Accepted**

**Varun Arjun Medical College & Rohilkhand Hospital**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| MBBS (intake - 250) | Throught NEET, (10+2 PCB) | 4½ +1 Years |
| MD/MS (intake - 99) | Throught PG NEET MBBS | 3 Years |

Mob : 9634459947

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc. Medical Anatomy<br>M.Sc. Medical Biochemistry<br>M.Sc. Medical Microbiology<br>M.Sc. Medical Physiology<br>M.Sc. Medical Pharmacology | Candidate must have passed three years under graduate prog. B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS/BDS, BAMS, BHMS, BPT, B. Pharma, BMLS/BMLT, BMRIT, B. Optometry, B.Sc. Nursing must have passed from a recognised University. | 3 Years |

Mob : 9956248504

**Varun Arjun College/ School of Nursing**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate wtih Biology | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Years |
| GNM | Intermediate wtih English | 3 Years |
| ANM | Intermediate | 2 Years |
| M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic Nursing | 2 Years |
| M.Sc. Nursing in Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic Nursing | 2 Years |
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic Nursing | 2 Years |
| M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic Nursing | 2 Years |
| M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic Nursing | 2 Years |

Mob : 7521001992

**Varun Arjun College of Pharmacy**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science Stream | 4 Years |
| Diploma of Pharmacy | Intermediate with Science Stream | 2 Years |

Mob : 7521001993

**Varun Arjun College of Allied & Healthcare Sciences**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T. | Intermediate with Science Stream | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science Stream | 2 Years |

Mob : 7521050078

**Varun Arjun College of Management**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.B.A. (Hons.) | Intermediate with any Stream | 4 Years |
| B.C.A. (Hons.) - AI & Machine Learning | Intermediate with any Stream | 4 Years |
| B.C.A. (Hons.) - IT & Multimedia | Intermediate with any Stream | 4 Years |
| B.C.A. (Hons.) - AI & Data Science | Intermediate with any Stream | 4 Years |
| B.H.A. (Hons.) | Intermediate with any Stream | 4 Years |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in any Stream | 2 Years |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in any Stream | 2 Years |

Mob : 9956248504

**Faculty of Forensic Sciences**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Science | Intermediate with Science Stream | 3 Years |

Mob : 7521802872

**Varun Arjun College of Humanities and Journalism**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.A. (Hons.) in Journalism & Mass Communication | Intermediate with any Stream | 4 Years |

Mob : 9956248504

**Admission Cell Contact No. : 7521050077, 9956248504**

Add. : Admission Cell, Administrative Block, Varun Arjun University,
Varun Arjun Medical College and Rohilkhand Hospital Campus, Shahjahanpur - 242307 (U.P.)
Website : www.vau.edu.in, E-mail : admission@vau.edu.in



आईपीएल में मेरे करियर की शुरुआत की बात है। धोनी का विकेट लेने के बाद ज्यादा जश्न मनाने पर वह नाराज हो गए थे। उन्होंने मुझसे पूछा, इतना जश्न मनाने की क्या जरूरत है। मैंने कहा आपका विकेट लेना मेरा सपना था। शायद इससे मुझे सीएसके में खेलने का मौका मिल जाए और अगले साल मुझे मौका मिल गया।
–रविचंद्रन अश्विन


# स्टेडियम

अयोध्या, शनिवार, 9 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

राजस्थान रॉयल्स बनाम गुजरात टाइटंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोलकाता ने दिल्ली कैपिटल्स को 142 रनों पर रोका

## आईपीएल-2026 : पथुम निसांका ने अर्धशतकीय पारी खेलकर बचाई टीम की लाज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल में 'करो या मरो' के मुकाबले में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट पर 142 रन पर रोक दिया ।

पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई दिल्ली के बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पथुम निसांका (29 गेंद में 50 रन) तथा सातवें नंबर पर उतरे आशुतोष शर्मा (28 गेंद में 39) को छोड़कर कोई टिककर नहीं खेल सका। बीच के ओवरों में एक बार छह ओवर से अधिक कोई बाउंड्री नहीं लगी और आखिरी ओवर में भी तीन ही रन बने। केकेआर के लिए नारायण ने चार ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया। वरुण चक्रवर्ती ने चार ओवर में 28 रन दिये जबकि अनुकूल रॉय ने 31 रन देकर दो विकेट चटकाए। तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी ने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिए।

दिल्ली को निसांका और राहुल ने अच्छी शुरुआत दी और ढीली गेंदों को नसीहत देते रहे। निसांका ने दूसरे ही ओवर में वैभव अरोड़ा को छक्का लगाकर अपने तेवर जाहिर कर दिये और अगले ओवर में अनुकूल रॉय की गेंद को भी सीमा के पार पहुंचाया। नारायण चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिये आये लेकिन राहुल और निसांका ने चौकों के साथ उनका स्वागत किया। वेस्टइंडीज के इस अनुभवी स्पिनर के पहले ओवर में 11 रन बने । तेज गेंदबाज त्यागी को राहुल ने पांचवें ओवर में दो चौके लगाये लेकिन आखिरी गेंद पर विकेट गंवा बैठे । गेंद पूरी तरह से बल्ले पर नहीं आई और हवा में खेले गए शॉट पर कैमरन ग्रीन ने कैच लपक लिया। आईपीएल के इस सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे राहुल ने 14 गेंद में चार चौकों की मदद से 23 रन बनाए। पावरप्ले में दिल्ली का स्कोर एक विकेट पर 55 रन था लेकिन इसके बाद अगले छह ओवर में सिर्फ 36 रन बने और चार विकेट गिर गए। बीच के ओवरों में केकेआर के गेंदबाजों खासकर स्पिनरों ने दिल्ली के बल्लेबाजों को बांधे रखा। निसांका ने आठवें ओवर में ग्रीन को फाइन लेग के ऊपर से 73 मीटर का शानदार छक्का लगाया । दूसरे छोर पर नीतिश राणा टिककर खेल नहीं सके और आठ रन बनाकर नारायण को कैच देकर लौटे । वरूण ने नौवें ओवर में सिर्फ तीन रन दिए। समीर रिजवी (तीन) नारायण को स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर रोवमैन पावेल को कैच दे बैठे। इस बीच निसांका ने दसवें ओवर में रॉय को एक्स्ट्रा कवर पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक 29 गेंदों पर पूरा किया जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे । वह हालांकि अगली गेंद पर आगे बढकर खेलने के प्रयास में चूके और विकेट के पीछे अंगकृष रघुवंशी ने स्टम्पिंग करने में कोई चूक नहीं की। दिल्ली के बल्लेबाजों पर दबाव का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि तेरहवें से सोलहवें ओवर के बीच में सिर्फ दस रन बने ।

रॉय ने 13वें ओवर में चार रन दिये जबकि वरुण, त्यागी और नारायण ने इसके बाद के ओवरों में दो दो रन ही दिए। आशुतोष शर्मा ने 38 गेंद बाद बाउंड्री लगाते हुए 17वें ओवर में वरूण को छक्का लगाकर इस दबाव को कम किया। इस ओवर में दो चौके और जड़ते हुए उन्होंने 16 रन निकाले। आशुतोष ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए त्यागी को डीप थर्डमैन पर दर्शनीय छक्का लगाया।



दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स को अनुकूल रॉय ने बोल्ड कर दिया।

### दिल्ली कैपिटल्स

**142/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| पथुम निसांका स्ट रघुवंशी बो रॉय | 50 |
| लोकेश राहुल का ग्रीन बो त्यागी | 23 |
| नीतिश राणा का नारायण बो ग्रीन | 08 |
| समीर रिजवी का पावेल बो नारायण | 03 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो रॉय | 02 |
| अक्षर पटेल का रॉय बो अरोड़ा | 11 |
| आशुतोष शर्मा का रहाणे बो त्यागी | 39 |
| विपराज निगम नाबाद | 03 |
| मिचेल स्टार्क रन आउट | 00 |
| लुंगी एंगिडि नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : दो रन, **विकेट पतन** : 1-49, 2-74, 3-80, 4-85, 5-89, 6-128, 7-140, 8-140
**गेंदबाजी** : रॉय 4-0-31-2, अरोड़ा 3-0-29-1, नारायण 4-0-17-1, त्यागी 4-0-25-2, वरुण 4-0-28-0, ग्रीन 1-0-12-1

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.737 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | 0.571 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 1.234 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | -0.147 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | 0.151 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 10 | 4 | 6 | 0 | 8 | -0.949 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.539 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.649 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.934 |

### ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -475 रन
- केएल राहुल दिल्ली-468 रन

### पर्पल कैप



- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-17 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ-16 विकेट

## राजस्थान रॉयल्स से आगे निकलने की कोशिश करेगा गुजरात टाइटंस

**जयपुर।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत गुजरात टाइटंस शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा। राजस्थान रॉयल्स और गुजरात की टीम की स्थिति लगभग समान है। इन दोनों ने अब तक 10 मैचों में छह जीत और चार हार दर्ज की हैं। रॉयल्स बेहतर नेट रन रेट (0.510) के कारण गुजरात से आगे है। गुजरात टाइटंस ने हालांकि लगातार तीन जीत हासिल की हैं और वह शीर्ष चार में जगह बनाने की कोशिश कर रहा है। रॉयल्स को अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में कप्तान रियान पराग के 90 रन की मदद से छह विकेट पर 225 रन बनाए थे

**होगा रोमांचक मुकाबला**

लेकिन उसके गेंदबाज इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाए थे। यह लगातार दूसरा मौका था जब रॉयल्स 220 से अधिक के स्कोर का बचाव नहीं कर पाया। राजस्थान रॉयल्स हालांकि वैभव सूर्यवंशी (404 रन), यशस्वी जायसवाल (312) और यहां तक कि ध्रुव जुरेल (290) जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के कारण काफी मजबूत है, लेकिन उसका मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इन बल्लेबाजों में केवल डोनोवन फरेरा (229) ही 150 या उससे अधिक रन बना पाए हैं। जुरेल रॉयल्स की बल्लेबाजी का महत्वपूर्ण अंग है लेकिन वह अपेक्षित तेजी से रन नहीं बन पा रहे हैं। जुरेल ने अपनी पिछली तीन पारियों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों में 42 रन, 20 गेंदों में 16 रन और 30 गेंदों में 42 रन बनाए हैं।

### हाईलाइट

**भव्य परेड नहीं, बस सभी खेलों की सफलता का जश्न मने : सात्विक**

**नई दिल्ली।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि थॉमस कप में भारतीय टीम द्वारा कांस्य पदक जीतने के बाद जनता की फीकी प्रतिक्रिया पर की गई उनकी हालिया टिप्पणी का उद्देश्य 'पैसे या भव्य स्वागत' की मांग करना नहीं था, बल्कि लोगों से सभी खेलों में 'हर छोटी-बड़ी जीत का जश्न मनाने' की अपील करना था। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी हाल ही में डेनमार्क में आयोजित थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी।

**कारुआना को हराकर चौथे स्थान पर रहे गुकेश**

**वारसॉ (पोलैंड)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना को हराकर संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। पिछले कुछ महीनों से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले गुकेश ने इस तरह से फॉर्म में वापसी की। रैपिड वर्ग के बाद अब ब्लिट्ज वर्ग में 18 दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। रैपिड के अंतिम दिन 19 वर्षीय गुकेश ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के खिलाफ हार के साथ शुरुआत की और फिर आठवें दौर में स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के साथ ड्रॉ खेला।

**गोल्फर संधू ने चार अंडर 68 का कार्ड खेला**

**बार्सिलोना।** भारतीय गोल्फर युवराज संधू ने यहां एस्ट्रेला डैम कैटालून्या चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर बने हुए हैं। वह पहले दौर में शीर्ष पर चल रहे शॉन नौरिस (65) से चार शॉट पीछे हैं। वहीं दो अन्य भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा (71) और वीर अहलावत (75) को काफी कठिनाई हुई। पहले दौर के बाद शर्मा संयुक्त 70वें और अहलावत संयुक्त 136वें स्थान पर बने हुए हैं।

**कोहली के विकेट से ज्यादा अहम जीत : प्रिंस**

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने यहां आईपीएल मैच के दौरान आरसीबी के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को एक बेहतरीन गेंद से आउट किया, लेकिन वह इसे ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहते और उन्होंने कहा कि टीम का जीत हासिल करना अधिक महत्वपूर्ण है। आरसीबी की टीम बारिश से प्रभावित इस मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति से 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी लेकिन उसकी टीम निर्धारित 203 रन ही बना पाई।

# बहु-खेल आयोजनों में छुट्टी मनाने वाले अधिकारियों को बुलाया जाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**मंत्रालय की सख्ती**

- राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में रखी जाएगी नजर
- बिना किसी उद्देश्य के इधर-उधर घूमना पड़ेगा भारी

भारत के खेल प्रशासकों को चेतावनी दी गई है कि जो लोग बहु-खेल आयोजनों को 'वेतनभोगी अवकाश' की तरह लेंगे उन्हें प्रतियोगिता के बीच से ही वापस बुला लिया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को उनकी 'लापरवाही' के कारण नुकसान नहीं हो।

देश आगामी राष्ट्रमंडल खेलों (जुलाई-अगस्त में ग्लासगो में) और एशियाई खेलों (सितंबर-अक्टूबर में जापान के आइची-नागोया) की तैयारियों में जुटा है और अंतिम रूप दिए जाने वाले दल में अधिकारियों की संख्या काफी अधिक होगी। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि खिलाड़ियों के साथ-साथ अधिकारियों के प्रदर्शन पर भी दोनों आयोजनों के दौरान कड़ी नजर रखी जाएगी।

राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया मंत्रालय द्वारा यह स्पष्ट कर दिया गया है कि जो लोग खिलाड़ियों का समर्थन करने के अपने कर्तव्य में कोताही बरतते हैं और छुट्टियां मनाते पाए जाते हैं, उन्हें वापस बुलाने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा। बिना किसी उद्देश्य के इधर-उधर घूमने वाले किसी भी व्यक्ति को तुरंत वापस बुला लिया जाएगा।

उन्होंने कहा मंत्रालय का मानना है कि हर 'एक्रीडिटेशन' (मान्यता प्राप्त कार्ड) महत्वपूर्ण है और यह केवल उन्हीं को मिलना चाहिए जो किसी खिलाड़ी के प्रदर्शन में योगदान दे सकें।' भारत के प्रशासकों को अक्सर इस बात के लिए आलोचना का सामना करना पड़ता है कि बड़े आयोजनों में दल के साथ बड़ी संख्या में जाने के बावजूद वे खिलाड़ियों की मदद के लिए मौजूद नहीं रहते। बहु-खेल प्रतियोगिताओं के दौरान अधिकारियों से 'लॉजिस्टिक्स', प्रशिक्षण कार्यक्रम और अन्य प्रशासनिक कार्यों को संभालने की अपेक्षा की जाती है। इस बार राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की भागीदारी काफी कम होगी क्योंकि इसमें केवल 10 खेल ही शामिल होंगे। इसके विपरीत एशियाई खेलों में 41 अलग-अलग खेल शामिल होंगे और 700 से अधिक खिलाड़ियों के दल के यात्रा करने की उम्मीद है।

अधिकारियों को यह चेतावनी तब दी गई है जब खेल सचिव हरि रंजन राव ने जनवरी में अहमदाबाद में एक सम्मेलन में एनएसएफ अधिकारियों से कहा था कि बहु-खेल आयोजनों को 'परिवार के साथ सैर' की तरह मानना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राव ने तल्ख लहजे में कहा थाअगर आप इसे रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने की जगह समझते हैं, तो कृपया मत जाइए। हमें आपकी जरूरत नहीं है। मंत्रालय ने पहले से घोषित नीति को दोहराते हुए एनएसएफ को पारदर्शिता बनाने पर बल दिया।

# आईपीएल में 'हनी ट्रैप' का खतरा!

**नई दिल्ली, एजेंसी**



बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया।

- बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने खिलाड़ियों और टीम मालिकों को चेताया
- सभी फ्रेंचाइजी के सीईओ को लिखा पत्र, खिलाड़ियों के कमरों में अनाधिकृत प्रवेश पर रोक
- प्रोटोकॉल उल्लंघन की कुछ घटनाएं और दुर्व्यहार की घटनाएं आई सामने

**होगी सख्त कार्रवाई**

सैकिया ने टीमों को गाइडलाइंस का पालन न करने के नतीजों के बारे में भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि किसी भी उल्लंघन को एक गंभीर अनुशासनात्मक मामला माना जाएगा, और साथ ही उन लोगों के खिलाफ संभावित कार्रवाई के बारे में भी बताया है जो नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने संभावित 'हनी ट्रैप, कानूनी दायित्व और सुरक्षा जोखिमों' के प्रति आगाह करते हुए आईपीएल में खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों के होटल के कमरों में अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि बोर्ड की भ्रष्टाचार विरोधी इकाई (एसीयू) ने 'दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल के उल्लंघन' की घटनाओं को उजागर किया था।

बीसीसीआई ने आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के लिए जारी एक पत्र में कहा है कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के कमरों में मेहमानों के प्रवेश के लिए टीम मैनेजरों से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने 10 फ्रेंचाइजी के सीईओ को जो पत्र लिखा है, उसकी एक प्रति पीटीआई के पास है।

सैकिया ने पत्र में कहा है मौजूदा सत्र के दौरान कुछ घटनाओं को देखते हुए यह सलाह जारी की गई है और इसका उद्देश्य आईपीएल से जुड़े सभी हितधारकों से अपेक्षित पेशेवरपन, अनुशासन, सुरक्षा जागरूकता और प्रोटोकॉल का पालन करने के मानकों को मजबूत करना है।' बीसीसीआई के संज्ञान में आया है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र के दौरान खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों से जुड़े दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल उल्लंघन की कुछ घटनाएं हुई हैं।

सैकिया ने पत्र की प्रस्तावना में कहा यदि इन घटनाओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो टूर्नामेंट, संबंधित फ्रेंचाइजी और शासी निकाय के रूप में बीसीसीआई की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। इससे व्यक्तियों और फ्रेंचाइजी को गंभीर कानूनी दायित्व और सुरक्षा जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है।

बीसीसीआई ने कहा कि यह देखा गया है कि कुछ खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों ने संबंधित आईपीएल फ्रेंचाइजी टीम के मैनेजर की जानकारी या अनुमति के बिना अनधिकृत व्यक्तियों को होटल के अपने कमरों में प्रवेश करने की अनुमति दी है।'

पत्र में कहा गया हे,कई मामलों में टीम मैनेजर को ऐसे मेहमानों की उपस्थिति के बारे में बिल्कुल भी पता नहीं था। इस चलन को तत्काल प्रभाव से सख्ती से प्रतिबंधित किया जाता है। सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को अब एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) दी गई है जिसका पालन टूर्नामेंट की पूरी अवधि के दौरान करना आवश्यक होगा। इसमें कहा गया है, 'टीम मैनेजर की पूर्व सूचना और स्पष्ट लिखित स्वीकृति के बिना खिलाड़ी या सहायक स्टाफ सदस्य के होटल के कमरे में किसी अन्य व्यक्ति को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।'

पत्र के अनुसार 'बीसीसीआई सभी फ्रेंचाइजी का ध्यान शीर्ष स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में लक्षित यौन शोषण और ''हनी ट्रैपिंग' (सुनियोजित जासूसी या ब्लैकमेलिंग का तरीका, जिसमें किसी व्यक्ति को प्रेम, यौन आकर्षण या भावनात्मक प्रलोभन में फंसाया जाता है) के जोखिमों की तरफ आकर्षित करता है।

**तीरंदाजी विश्व कप** | **हरियाणा की 27 वर्षीय तीरंदाज ने ताइवान की फोंग यू झू को सीधे सेटों में हराया**

# सिमरनजीत-साहिल ने पदक की उम्मीदें जीवंत रखीं

**शंघाई, एजेंसी**

रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर और कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शुक्रवार को यहां उतार-चढ़ाव भरे अभियान में भारत के लिए अप्रत्याशित रूप से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले तीरंदाजी विश्व कप में पदक की उम्मीदें बरकरार रखी हैं।

एशियाई खेलों की टीम कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत ने विश्व कप के दूसरे चरण में सेमीफाइनल में पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से मिले अवसर का भरपूर फायदा उठाया। वह इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में दीपिका कुमारी से तीन अंक पीछे रहने के कारण भारतीय महिला टीम में जगह बनाने से चूक गई थीं।

हरियाणा की 27 वर्षीय खिलाड़ी ताइवान की किशोरी फोंग यू झू को सीधे सेटों में 6-0 (27-24, 28-26, 29-26) से हराकर विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने से सिर्फ एक जीत दूर है। इससे पहले फोंग ने दूसरे दौर में भारत की शीर्ष क्रम की तीरंदाज अंकिता भकत को चौंका दिया था। सिमरनजीत ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की 19 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ नौ तीरों में से सिर्फ छह अंक गंवाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। उनके सामने अब सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी कांग चेयॉन्ग की चुनौती होगी। यह उनके करियर की सबसे कठिन चुनौती है। इस मुकाबले में हारने पर भी उनके पास प्लेऑफ के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका रहेगा। भारत की अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी और किशोरी कुमकुम मोहद प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं, लेकिन मजबूत प्रतिद्वंदियों से हार गईं। दीपिका को दक्षिण कोरिया की चेयॉन्ग से हार का सामना करना पड़ा। वहीं कुमकुम को मैक्सिको की एलेजांद्रा वालेंसिया से हार मिली।



निशाना लगातीं रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर।

**एशियाई खेलों से पहले चिंताएं बढ़ीं**

पुरुष, महिला और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में भारत पोडियम पर जगह बनाने में नाकाम रहा जिससे चार महीने से भी कम समय में होने वाले एशियाई खेलों से पहले चिंताएं बढ़ गईं। टीम स्पर्धाओं में मिली हार के बाद सारी उम्मीदें व्यक्तिगत पर थीं, जहां साहिल एकमात्र भारतीय खिलाड़ी के रूप में उभरे।

## भारत अंडर-17 महिला एशियाई कप के अंतिम आठ में पहुंचा

**सुझोउ (चीन)।** भारत ने शुक्रवार को यहां अपने आखिरी ग्रुप बी मैच में लेबनान के खिलाफ 4-0 की शानदार जीत के साथ पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करके शानदार उपलब्धि हासिल की।

भारत का क्वार्टर फाइनल में पहुंचना तब पक्का हो गया जब फिलीपींस और चीनी ताइपे अपने आखिरी ग्रुप सी मैच को 12 या उससे ज्यादा गोल के अंतर से जीतने में नाकाम रहे। थाईलैंड के साथ भारत तीसरे नंबर की दो सबसे अच्छी टीमों में से एक के तौर पर अंतिम आठ में पहुंचा। भारत ने ग्रुप चरण तीन अंक और -1 (माइनस 1) के गोल अंतर से खत्म किया जो ग्रुप सी में फिलीपींस के -13 (माइनस 13) से काफी ज्यादा है।

# वाका-वाका के बाद दाई-दाई में शकीरा ने फिर मचाया तहलका

**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी**

- फीफा विश्व कप के टीजर की सोशल मीडिया में धूम



कोलंबिया की मशहूर गायिका शकीरा द्वारा अंरर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट फीफा विश्वकप 2026 के लिये पेश किए गए गीत 'दाई दाई' का टीजर सोशल मीडिया मंच धूम मचा रहा है। पिछले कई सालों में देखा गया है कि जब तक शकीरा नहीं गाती है, तब तक यह फीफा विश्व कप शुरु नहीं होता।

उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ऑफिशियल एंथम दाई दाई का टीजर, कोलंबियाई सुपरस्टार के 2010 के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट, वाका वाका (दिस टाइम फॉर अफ्रीका) का एंथम साउथ अफ्रीका में गाने के 16 साल बाद और जर्मनी में 2006 फीफा वर्ल्ड कप की क्लोजिंग सेरेमनी में हिप्स डोंट लाइ (बैम्बू) का अडैप्टेड वर्जन गाने के 20 साल बाद आया है। 2026 एंथम के टीजर में, शकीरा को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो के मशहूर माराकाना स्टेडियम में डांसर्स की एक टीम के साथ दिखाया गया है। सभी डांसर्स ऐसे आउटफिट्स पहने हुए हैं जो आने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली अलग-अलग फुटबॉल टीमों को ट्रिब्यूट देते हैं, जिसमें शकीरा ने कोलंबिया के पीले और नीले रंग के कपड़े पहने हैं। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, माराकाना स्टेडियम से, ये रहा 'दाई दाई', एटदारेटफीफावर्ल्डकप का आधिकारिक गाना 2026," साथ ही उन्होंने एफ्रोबीट्स स्टार बर्ना बॉय का भी जिक्र किया, जो एंथम में भी हैं। इस क्लिप को 24 घंटे से भी कम समय में 1.9 मिलियन लोगों ने पसंद किया और पूरा गाना गुरुवार (14 मई) को रिलीज होगा। उल्लेखनीय है कि फीफा वर्ल्ड कप 2026, 11 जून को शुरू होगा और इसका फाइनल 19 जुलाई को अमेरिका के न्यूयॉर्क में होगा। इस विश्वकप की अमेरिका मैक्सिको और कनाडा मेजबानी कर रहे हैं।